सेंसेक्स 74,248.22 ▲ +20.59
डॉलर 83.319 ▼ -0.156

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

	अधिकतम	न्यूनतम	(न्यूनतम)
रांची	31.0	22.0	28.0
धनबाद	33.0	26.0	32.0
जमशेदपुर	39.0	24.0	31.0
पलामू	33.0	23.0	30.0

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, चैत्र कृष्ण पक्ष 13, विक्रम संवत 2080 | रांची, रविवार, 07 अप्रैल 2024, वर्ष-25, अंक-66, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय | लोकतंत्र का उजास अंतिम व्यक्ति तक ... 08 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | भारत कुछ लोगों की संपत्ति नहीं, इस पर ...12 | देश-विदेश

रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 65,750

चांदी (1 किलो) 85,000

आज के मैच

समय : 07 अप्रैल, 3:30 बजे से
स्थान : मुंबई

समय : 07 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : लखनऊ

कैमरे में कैद तस्वीर

पलामू। पीटीआर कैमरे में एक बार फिर से 3 बाघों की तस्वीर कैद हुई है। पिछले दो महीने में यह चौथा मौका है जब बाघ की तस्वीर पीटीआर के कैमरे में कैद हुई है। बाघ की तस्वीर कैद होने के बाद पलामू टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने हाई अलर्ट जारी किया है।

एक नजर

पलामू में 1000 पेटी विदेशी शराब जब्त

मेदिनीनगर। अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध छापामारी अभियान के तहत छतरपुर थाना अंतर्गत ग्राम चोखरा सिलदाग में पंजाब और अरुणाचल प्रदेश में बिक्री के लिए रॉयल प्लस, रॉयल स्पेशल और इंपीरियल ब्लू नामक विदेशी शराब की लगभग 1000 पेटी जब्त की गई। इसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपये है। एक आरोपी मनोज यादव को गिरफ्तार किया गया है।

आजकल

चुटूपालू घाटी में बस-टैंकर की टक्कर, 1 मौत, कई घायल

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़

रामगढ़ के चुटूपालू घाटी में शनिवार को एक ट्रक ने भारी तबाही मचाई। रांची की तरफ से आ रहे उस ट्रक का घाटी में ब्रेक फेल हो गया। इसके बाद ट्रक के सामने जो भी गाड़ियां आईं उसके परखच्चे उड़ गए। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत की जानकारी है जबकि कई यात्री गंभीर रूप से घायल हैं। इस मामले की पुष्टि करते हुए रामगढ़ एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि चुटूपालू घाटी में गड़के मोड़ के पास पहले से ही

एक ट्रक यूपी 14 एक्स 9117 दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। उस ट्रक को सड़क से हटाने के लिए क्रेन लगाए गए थे। इसी दौरान रांची की तरफ से आ रहे ट्रक यूपी 66 टी 7482 का ब्रेक फेल हुआ। यह ट्रक इतनी तेजी से आ रहा था कि जब तक लोग कुछ समझ पाते उसने क्रेन को ही जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि राहत बचाव कार्य में लगा क्रेन डिवाइडर पर चढ़ गया। अनियंत्रित ट्रक यहीं नहीं रुका। इसके बाद उसने दो बाइक, यात्रियों से भरी हेमकुंड बस जेएच 02 एआर 5737 को भी जोरदार टक्कर मारी। यह टक्कर भी इतनी तेज थी कि यात्रियों से भरी बस भी डिवाइडर पर पलट गई। इसके बाद एक पिकअप वैन और कार को टक्कर मारकर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

बंगाल में ईडी के बाद अब एनआईए टीम पर हमला

गाड़ी पर पथराव, दो अधिकारी घायल

एजेंसी। कोलकाता

पूर्वी मेदिनीपुर के भूपतिनगर में हुए विस्फोट की जांच के सिलसिले में पहुंची एनआईए की टीम पर शनिवार को उपद्रवियों ने घेर कर हमला कर दिया। एनआईए अधिकारियों की कार पर पथराव किया गया जिसमें दो अधिकारियों को चोटें आई हैं। इससे पहले 5 जनवरी को उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां के घर की तलाशी के

दौरान ईडी की टीम पर तृणमूल नेता के समर्थकों ने हमला कर दिया था। दिसंबर 2022 को भूपतिनगर थाने के भगवानपुर 2 ब्लॉक के अर्जुन नगर ग्राम पंचायत के नैराबिला गांव में रात करीब 11 बजे भीषण बम विस्फोट हुआ था। घटना में तृणमूल बूथ अध्यक्ष राजकुमार मन्ना, उनके भाई देवकुमार मन्ना और विश्वजीत गायेन की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस इलाके में गई। पुलिस ने अपनी पहल पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बाद में कोर्ट के आदेश पर एनआईए ने घटना की जांच अपने हाथ में ले ली।

गुरुग्राम के अंतरराष्ट्रीय किडनी रैकेट का तार झारखंड से जुड़ा

फरार है रैकेट का सरगना मांडर का मुर्तजा अंसारी

हरियाणा पुलिस गिरफ्तारी के लिए कई जगहों पर दे रही दबिश

एक डोनर और किडनी लेने वाले दो लोग पुलिस गिरफ्त में

नवीन मेल संवाददाता

गुरुग्राम/रांची। हरियाणा के गुरुग्राम में एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय किडनी रैकेट का खुलासा हुआ है, जिसके तार रांची के मांडर से जुड़ गए हैं। गुरुग्राम में मुख्यमंत्री उड़नदस्ता और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विगत 4 अप्रैल को एक किडनी रैकेट का भंडाफोड़ किया है और मौके से तीन लोगों को हिरासत में भी लिया है। इनमें एक किडनी डोनर है, जबकि दो वे लोग हैं, जिनकी किडनी ट्रांसप्लांट की गई है। दो किडनी डोनर पुलिस कार्रवाई से पहले ही वहां से निकल भागे। यह सभी बांग्लादेश के रहने वाले हैं।

रैकेट का सरगना झारखंड के रांची निवासी मोहम्मद मुर्तजा अंसारी नाम का व्यक्ति बताया जाता है। वह फरार है और पुलिस उसकी तलाश में कई जगहों पर दबिश दे रही है। माना जा रहा है कि यह गिरोह अब तक 100 से ज्यादा लोगों

की किडनी का ट्रांसप्लांट करा चुका है। इधर, मांडर पुलिस को गुरुग्राम की पुलिस द्वारा आधिकारिक रूप से कोई सूचना नहीं मिली है।

गुरुग्राम स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ डॉ पवन चौधरी ने बताया कि सीएम फ्लाइंग स्क्वॉड को सूचना मिली थी कि सेक्टर-39 के एक होटल में किडनी प्रत्यारोपण रैकेट से जुड़े कुछ लोग ठहरे हुए हैं। इस पर स्वास्थ्य विभाग के डीएमएस डॉ मनीष राठी, सर्जन डॉ विवेक व सीएम फ्लाइंग स्क्वॉड के इंस्पेक्टर धर्मवीर, एसआई मदन, एएसआई अशोक की टीम ने सेक्टर-39 स्थित बाबिल पैलेस गेस्ट हाउस में दबिश दी।

होटल में छापेमारी के दौरान गेस्ट हाउस में बांग्लादेशी मूल का मोहम्मद शमीम नाम का युवक मिला। उससे पूछताछ में पता चला कि उसकी किडनी जयपुर फोर्टिस अस्पताल में निकाली गई थी। इसके लिए उसे दो लाख रुपये दिए गए। फिलहाल उसे गेस्ट हाउस में डे केयर दिया जा रहा था। टीम ने गेस्ट हाउस से ही दो अन्य लोगों इस्लाम नरुल और एमडी हसनुल को भी हिरासत में लिया है। इन सभी के पासपोर्ट पुलिस ने जब्त कर लिये हैं। फिलहाल सभी को गेस्टहाउस में ही नजरबंद किया गया है। इनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने रैकेट संचालक सहित अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी व मानव अंग तस्करी की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

बांग्लादेश, रांची, जयपुर और गुरुग्राम से जुड़े हैं रैकेट के तार

रैकेट के तार बांग्लादेश से लेकर कोलकाता, रांची, गुरुग्राम के साथ ही जयपुर से जुड़े हुए हैं। बांग्लादेश से मरीज और डोनर दोनों को मेडिकल वीजा के सहारे कोलकाता लाया जाता था। इसके बाद उन्हें गुरुग्राम के एक गेस्ट हाउस में ठहराया जाता था। यहां से जयपुर के एक अस्पताल में उन्हें भेज दिया जाता था। किडनी ट्रांसप्लांट होने के बाद दोनों को फिर से गुरुग्राम स्थित गेस्ट हाउस में लाकर रखा जाता था। मुर्तजा रांची जिले के मांडर थानांतर्गत करगे गांव का मूल निवासी है।

यूनिवर्सिटी ड्रॉप आउट मुर्तजा अंसारी मेडिकल गाइड बन करने लगा धंधा

रांची। मोहम्मद मुर्तजा अंसारी के पिता का नाम इब्राहिम अंसारी और मां का नाम मुस्तरी खातून है। मुर्तजा अंसारी चार भाई है। उसकी तीन बहनें हैं, जिनका विवाह हो चुका है। चार भाइयों में गुलाम मुस्तफा अंसारी स्किल सेंटर चलाता है। मुतुर्जा अंसारी गुरुग्राम में रहता है। महबूब अंसारी जिओ सेल्स मैन है। खालिद सैफुल्ला इंटर का विद्यार्थी है। भाई मुस्तफा अंसारी का कहना है कि

भाई मुस्तफा अंसारी ने कहा-मुर्तजा ऐसा गलत काम नहीं कर सकता है

मुर्तजा ऐसा गलत काम नहीं कर सकता है। उसने कहा, हो सकता है उसे ट्रैप किया गया हो, न्याय पर मुझे पूरा भरोसा है। और, अगर दोषी है, तो उसे सजा भी मिलनी चाहिए। उसके भाई ने बताया कि मुर्तजा अंसारी वर्ष 2020 में सेंट्रल यूनिवर्सिटी से ड्रॉप आउट हो गया। उसने दिल्ली में अरबी की पढ़ाई की थी। इसके बाद वह दिल्ली के ओखला में ही मेडिकल गाइड का काम करने लगा। मुर्तजा हिंदी, इंग्लिश, बांग्ला, उर्दू, अरबी का भाषा के जानकार है। भाई ने बताया कि बाहर से लोग इलाज के आते थे और मुर्तजा उनके लिए अनुवादक का कार्य कर इलाज उनकी मदद करता था। पिछले छह माह से मुर्तजा जयपुर में काम कर रहा था। घर में दो बाइक है, जिसमें से एक खरीदी हुई है और दूसरी दहेज में मिली है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

मास्टरमाइंड मुर्तजा ने जयपुर में रेड के बाद गुरुग्राम में छुपाए थे 11 डोनर

गुरुग्राम। गुरुग्राम के सेक्टर-39 के गेस्ट हाउस से चल रहे किडनी रैकेट का खुलासा जयपुर में विगत 1 अप्रैल को ही हो गया था। 1 अप्रैल को जयपुर पुलिस की टीम ने वहां रेड की, तो किडनी कांड का मास्टरमाइंड व ब्रोकर मोहम्मद मुर्तजा अंसारी अपने साथ 11 लोगों को जयपुर से लेकर भाग निकला। वहां से लाकर उसने 1 अप्रैल की शाम को सेक्टर-39 के बबील पैलेस गेस्ट हाउस में इन लोगों को ठहराया, लेकिन आरोपी इतना शातिर था कि वह खुद यहां नहीं ठहरा। 1 अप्रैल, 2 अप्रैल और 3 अप्रैल को वह लगातार तीन दिन तक यहां आकर इन किडनी डोनर व रिसीवर से मिलता रहा। आखिरी बार वह 3 अप्रैल की शाम को यहां आया था। इसके बाद विगत गुरुवार (4 अप्रैल) की सुबह गुरुग्राम पुलिस, सीएम फ्लाइंग व हेल्थ विभाग की टीम यहां पहुंची और रेड की। लेकिन, तब तक यहां सिर्फ पांच लोग ही बचे थे। बाकी लोगों को मुख्य आरोपी यहां से निकाल चुका था।

इसलिए चुनी गुरुग्राम की लोकेशन : केस से जुड़े एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि मुख्य आरोपी मोहम्मद मुर्तजा अंसारी फरार चल रहा है। उसकी तलाश में टीमें एनसीआर के कई जगहों पर रेड कर रही हैं। लेकिन, जयपुर से भागने के दौरान उसने तीन मुख्य कारणों से गुरुग्राम को चुना है। इनमें पहला कारण यह है कि किडनी डोनर व रिसीवर को इलाज की जरूरत पड़ सकती है और गुरुग्राम में कई बड़े नामी हॉस्पिटल हैं, जहां इमरजेंसी हालात में इलाज कराया जा सकता है। दूसरा गुरुग्राम से एयरपोर्ट की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

न्यायिक अधिकारियों के फैसलों पर प्रतिक्रिया आम आदमी की तरह न हो : सीजेआई चंद्रचूड़

-ब्यूरो। नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन नागपुर के शताब्दी वर्ष समारोह में कहा कि न्यायपालिका के कंधे मजबूत हैं और वह प्रशंसा के साथ-साथ आलोचना भी सह सकता है, लेकिन लंबित मामलों या फैसलों पर हाल के दिनों में वकीलों की टिप्पणी बहुत परेशान करने वाली है। उन्होंने कहा कि बार के पदाधिकारियों और सदस्यों को न्यायिक फैसलों पर प्रतिक्रिया करते समय यह नहीं भूलना चाहिए कि वे अदालत के अधिकारी हैं, आम आदमी नहीं। न्यायमूर्ति

चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायपालिका बार-बार अपनी स्वतंत्रता और गैर-पक्षपातपूर्णता पर जोर देने के लिए आगे आई है। उन्होंने कहा, हालांकि, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि न्यायपालिका और बार की आजादी के बीच घनिष्ठ संबंध है। सीजेआई ने कहा कि एक संस्था के रूप में बार न्यायिक स्वतंत्रता, संवैधानिक मूल्यों और अदालत की गरिमा को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। चंद्रचूड़ ने कहा कि भारत जैसे जीवंत और तर्कशील लोकतंत्र में ज्यादातर व्यक्तियों की राजनीतिक विचारधारा या झुकाव होता है। अरस्तु के शब्दों में मनुष्य राजनीतिक प्राणी हैं। वकील भी कोई अपवाद नहीं हैं। उन्होंने कहा, हालांकि, बार के सदस्यों के लिए किसी का सर्वोच्च हित पक्षपातपूर्ण हितों के साथ नहीं बल्कि अदालत और संविधान के साथ होना चाहिए। सीजेआई ने कहा कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है केंद्र सरकार : कल्पना

रांची। पूर्व सीएम हेमंत की पत्नी कल्पना सोरेन शनिवार को पहली बार झामुमो के हरमू स्थित कार्यालय पहुंचीं। कल्पना ने 21 अप्रैल को धुर्वा के शहीद मैदान में आयोजित इंडी गठबंधन की महारैली को लेकर जिला स्तर के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस महारैली में कार्यकर्ताओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को कहा। बैठक में सात जिलों रांची, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, चतरा, सिमडेगा व लातेहार के जिलाध्यक्ष पहुंचे थे। केंद्रीय कार्यालय से बाहर निकलते समय कल्पना ने कहा कि समय कम होने की वजह से आज ज्यादा बात नहीं हो पायी। उन्होंने कहा कि हेमंत जी के सपने को केंद्र ने बीच में बाधित कर दिया है। उलगुलान के साथ आगे बढ़कर पूरे देश को बतायेंगे कि किस तरह केंद्र झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

हत्या मामले में पूर्व विधायक पौलूस सुरीन और नक्सली जेठा कच्छप दोषी करार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने शनिवार को दो लोगों की हत्या मामले में पूर्व तोरपा विधायक पौलूस सुरीन और नक्सली जेठा कच्छप को अदालत ने दोषी करार दिया है। अदालत इनकी सजा के बिंदु पर 10 अप्रैल को सुनवाई करेगी। साथ ही, अदालत ने मामले में ट्रायल फेस कर रही तीन महिला और कृष्णा महतो को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। बता दें कि पौलूस सुरीन दो बार झामुमो के विधायक रह चुके हैं। पौलुस सुरीन झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के टिकट पर तोरपा विधानसभा सीट से वर्ष 2009 और वर्ष 2014 में विधायक चुने गए थे। 2019 में झामुमो ने उन्हें टिकट नहीं दिया था।

इसके बाद वे निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतरे थे। लेकिन, वे चुनाव हार गए थे। फैसले के दौरान नक्सली जेठा कच्छप वीडियो कांफ्रेंसिंग से गोड्डा जेल से कोर्ट के समक्ष उपस्थित था, जबकि पौलूस सुरीन कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। घटना खूंटी के तोरपा में वर्ष 2013 की है। पुलिस मुखबिरी के आरोप में भूषण कुमार सिंह और राम गोबिंद की हत्या की गई थी। भूषण और राम गोबिंद को उनके घर के पास चबूतरे पर खड़ा करके गोली मारी गई थी।

टाइगर जगरनाथ की पहली पुण्यतिथि पर सीएम ने श्रद्धांजलि दी

बोकारो। झारखंड टाइगर के नाम से विख्यात प्रदेश के पूर्व शिक्षा एवं मद्य निषेध मंत्री

जगरनाथ महतो को उनकी पहली पुण्यतिथि पर शनिवार को सीएम चंपाई ने श्रद्धांजलि दी। जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि देने के लिए लोग पहले उनके पैतृक गांव अलारगो पहुंचे। बीएड कॉलेज ग्राउंड में स्टेज बनाया गया था। वहां झारखंड टाइगर जगरनाथ महतो की बड़ी सी प्रतिमा लगी थी। यहां आने वाले लोगों ने पुष्पांजलि देकर उनको अपनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी शामिल हुए।

इंडिया

चुनाव के दौरान चुस्त प्रशासन बाद में सुस्त क्यों हो जाता है ?

सुनील बादल

जब से चुनाव की घोषणा हुई है राजनीतिक गतिविधियों से जो माहौल बदला है उससे अलग एक माहौल और भी देखने को मिल रहा है कि अचानक से पुलिस और प्रशासन इतना चुस्त दुरुस्त हो गया है की वाहनों की लगातार रात दिन चेकिंग हो रही है। झारखंड के गिरिडीह में एक बस से एक करोड़ 10 लाख रुपए बरामद हुए लातेहार में 40 किलो आईडी विस्फोटक बरामद किया गया और लाखों रुपए प्रतिदिन कहीं न कहीं बरामद हो रहे हैं। कमो बेस देश में कुछ इसी तरह से तेज निर्णय वाली बदली हुई कार्य शैली दिख रही है। सवाल यह उठता है कि जो सतर्कता जो चुस्ती अभी दिख रही है वह चुनाव के बाद के अन्य दिनों में क्यों नहीं दिखती? इसका सीधा कारण यह है कि लोक सभा के चुनाव के कारण अभी पूरे प्रशासनिक तंत्र की बागडोर चुनाव आयोग के पास है और चुनाव आयोग चूक के मामले में बहुत ही सख्त कार्रवाई करता है। अधिकारियों को दंडित करने में कोई देर नहीं होती और चुनाव आयोग पर किसी को बचाने की राजनीतिक पैरवी भी नहीं चलती और किसी प्रकार की लापरवाही या पक्षपात जैसे आरोपों पर बड़े अधिकारियों के विरुद्ध उनके व्यक्तिगत गोपनीय रिपोर्ट में जो टिप्पणी की जाती है उसे किसी भी राजनीतिक व्यक्ति के माध्यम से हटाया नहीं जा सकता। यह एक बहुत बड़ा परिवर्तन है जो यह बताता है कि जिस पुलिस को हम आलसी या सुस्त या बहुत हद तक भ्रष्ट बताते हैं वह असली अर्थों में काम करने की इच्छा रखते हुए भी काम नहीं कर पाती क्योंकि उनका रिमोट कंट्रोल सामान्य दिनों में किसी ने किसी नेता के पास होता है। जो बातें तो देश की राज्यहित की या राष्ट्रहित की करते हैं लेकिन कहीं ना कहीं उनके निर्णय में राजनीति शामिल होती है अब इसका यह मतलब नहीं निकाला जा सकता की प्रजातांत्रिक व्यवस्था में चुनाव आयोग जैसे एक समानांतर व्यवस्था की बात की जाए लेकिन इतना अवश्य कहा जा सकता है चुनाव के दौरान जो तत्परता

और कार्य शैली में परिवर्तन हम देखते हैं उसे बनाए रखने के लिए मतदाता सवाल अवश्य उठा सकते हैं। पर दुखद यह है कि जाति, धर्म और क्षेत्रवाद जैसे छोटे मुद्दों में उलझ कर आम जनता यह भूल जाती है कि अपवाद को छोड़कर प्रायः हर नेता की इच्छा या उसका लक्ष्य सत्ता प्राप्त करना होता है रास्ते भले अलग हों,काम करने का तरीका लोगों नीतियां अलग हो लेकिन एक लक्ष्य सभी का होता है सत्ता प्राप्त करना। ऐसे में प्रजातंत्र की असली मालिक आम जनता यह सवाल उठा सकती है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान कुछ महीनों में जिस त्वरित गति से निर्णय होते हैं, कार्रवाई होती है, जब्ती होती है और बड़े से बड़े अधिकारी भी दूर दराज गांवों का निरीक्षण करने जाते हैं, वैसा चुनाव के बाद जब सरकार का गठन होता है तब क्यों नहीं होता? लेकिन राजनेता जनता की मजबूरी और लालच को अच्छी तरह जानते हैं और कोई मुफ्त बिजली, तो कोई मुफ्त राशन, तो कोई जीतने पर लाखों सरकारी नौकरियों की बात कर सपने दिखाते हैं। भले वह बाद में पूरे हों ना हों लेकिन कमी जनता की तरफ से भी है जो यह सवाल नहीं उठाती कि हमें चुनाव आयोग के फैसलों की तरह कठोर निर्णय लेने वाली सरकार की ही आवश्यकता है। यदि लोग लालच और क्षेत्रवाद जातिवाद जैसे मुद्दों को भूलकर आम जनता सवाल उठने लगे तो संभव है चुनाव घोषणा पत्रों में यह बात जरूर शामिल होगी और एक दिन ऐसा आएगा जब सुशासन, चुस्त प्रशासन, त्वरित न्याय जैसी बातें सही अर्थों में दिखने लगेंगी।

सबसे बड़ी बात जो दिख रही है कि हमारी पुलिस व्यवस्था और प्रशासनिक तंत्र किसी से शायद कम नहीं। कमी है तो राजनीतिक हस्तक्षेप की जिस कारण पूरे तंत्र के अंदर एक अघोषित सुस्ती या झिझक छा जाती है और कभी घोषित तो कभी अघोषित तौर पर अपराध नियंत्रण से लेकर कार्रवाई करने में पूरे तंत्र को संवैधानिक दायरे में ही वह स्वतन्त्रता नहीं होती जो अभी चुनाव के दौरान दिख रही है। विकसित देशों और हमारे देश के काम काज में सबसे बड़ा अंतर भी शायद यही है जिस ओर हम सभी को देखना चाहिए।

रांची में पड़ोसी ने टांगी से मारकर की वृद्ध महिला की हत्या, पोती घायल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी के नगड़ी थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला की टांगी से काटकर हत्या कर दी गई। बुजुर्ग महिला को बचाने गई उनकी पोती भी इस हमले में बुरी तरह घायल हो गई। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पड़ोसी से चल रहा था विवाद

मिली जानकारी के अनुसार, 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला दृष्टि मुंडा का अपने पड़ोसी सूरज से काफी दिनों से विवाद चल रहा था। विवाद इतना बढ़ गया कि सूरज ने बुजुर्ग महिला पर टांगी से हमला कर दिया। देखते ही देखते आरोपी ने महिला का गला रेत दिया। इस दौरान जब बुजुर्ग महिला की पोती अपनी दादी को बचाने गई तो सूरज ने उस पर भी हमला कर दिया। इस हमले में बुजुर्ग महिला की 16 साल

की पोती भी घायल हो गई। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आरोपी गिरफ्तार

नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि नगड़ी थाना क्षेत्र के कुंभा टोली में एक बुजुर्ग महिला की टांगी से काटकर हत्या कर दी गयी। इस हमले में बुजुर्ग महिला की पोती भी घायल हो गई। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी सूरज को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभी तक मृतक के परिजनों ने थाने में आवेदन नहीं दिया है, फिलहाल हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए मामले की जांच की जा रही है।

एक नजर

ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर में पुरस्कार वितरण का आयोजन

मांडर। ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर में शनिवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में पिछले सत्र 2023-24 के कक्षा षष्ठम से दशम तक के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले और जिनकी उपस्थिति पूरे सत्र में शत प्रतिशत रहनेवाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर का भी पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र विद्यालय की प्राचार्या एवोन एवेंजलीन एक्का द्वारा दिया गया। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक तौफिक आलम समेत सभी शिक्षक गण एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने निकाली पदयात्रा

खूंटी। भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर तोरपा विधानसभा क्षेत्र के दियाकेल शक्तिकेन्द्र मामरला में बूथ अध्यक्ष छोटन भगरा की अध्यक्षता में पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक कोचे मुंडा जी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनीसमान कथनी और करनी तथा नष्ठिावान कार्यकर्ताओं के बल पर महज 44 वर्षों में विश की सबसे बड़ी राजनीतिक दल बन गई। उनहांने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश हर दिन विकास को नई गति मिल रही है। आज हम विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थिक शक्ति बन गये हैं। विधायक ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि नरेंद्र मोदी का तिसर बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए हर संभव प्रयास करें।

झारखंड की सभी 14 सीटों पर खिलेगा कमल : कमाल खान

खूंटी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमाल खान ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा झारखंड के सभी 14 सीटों पर कमल खिलेगा। तोरपा में शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कमाल खान ने कहा कि क्रेद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों औरक झारखंड में भाजपा के शासन काल में हुए विकास कार्यों को लेकर भाजपा चुनाव मैदान में उतरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी कभी फेल नहीं होती। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास को सही साबति करते हुए जो भी योंजनाएं चलाई, उसका लाभ देश के सीाी समुदाय को मिल रहा है। उन्हांने कहा कि आज जितना लाभ दूसरे समुदाय के लोग योंजनाओं का ले रहे हैं, उतना ही लाभ मुसलमान और दूसरे समुदाय के लोग उठा रहे हैं। कमाल खान ने कहा कि झारखंड अलग राजय भाजपा सरकार और तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का है। उन्होंने कहा कि झारखंड नामधारी दलों ने तो अलग राज्य आदोलन का सिर्फ सौदा किया। अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि आनेवाले लोकसभा चुनाव में मुसलमान और ईसाई भाजपा के पक्ष में मततदानन करेंगे, क्योंकि उन्हें मालूम है।

महागठबंधन के विधायकों ने की कांग्रेस के पक्ष में वोट डालने की अपील

दस वर्षों से ठप है खूंटी संसदीय क्षेत्र का विकास : कालीचरण मुंडा

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी

खूंटी संसदीय सीट के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और झामुमो के विधायक विकास कुमार मुंडा ने शनिवार को तमाड़ विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कालीचरण मुंडा और विधायक विकास कुमार मुंडा ने कई गांवों का दौरा कर कांग्रेस का हाथ मजबूत करने की अपील की। उन्होंने मानकीडीह, लुंगटू, परासी, चयाडीह, चिरगलडीह, कोकाडीह आदि गांवों में बैठक कर केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा आम जनता से किये गये झूठे वादे को याद दिलाते हुए महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में वोट देकर भ्रष्ट भाजपा सरकार को जवाब देने की बात कही। महागठबंधन पूरी ताकत से चुनाव लड़ रहा है। यह समय बीजेपी के दुष्प्रचार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मजबूती से खड़ा रहकर संघर्ष करने का समय है। भाजपा प्रत्याशी का गांव-गांव में लोगो द्वारा विरोध देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के बीच भाजपा को बेनकाब करेंगे और जनहित के हर मुद्दे पर पार्टी की गारंटी का प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरा देश राहुल गांधी के साथ खड़ा है। पिछले 10 सालों में मोदी सरकार जनता से किए वादे पूरे नहीं कर पाई है। जनता मोदी सरकार के खिलाफ माहौल है। राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा में जनता को न्याय की गारंटी दी है। भारत की जनता को न्याय के सिवा कुछ नहीं चाहिए। 2024 का यह चुनाव धनतंत्र और गरीब जनता के बीच का चुनाव है। कांग्रेस पार्टी जन तंत्र से लोकतंत्र को बचाना चाहती है।

आचार संहिता को ध्यान रखकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं त्यौहार : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी

आगामी दिनों में होनेवाले रामनवमी, ईद, सरहुल आदि त्यौहारों को लेकर नगर भवन खूंटी में शनिवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों के विचारों को सुनने के बाद उपायुक्त ने कहा कि चूंकि इस बार लोकसभा चुनाव के लिए पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है, इसलिए त्योहारों के दौरान किसी भी परिस्थिति में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो, इसे ध्यान में रखते हुए रामनवमी सहित अन्य सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने कहा कि आचार संहिता लागू होने के कारण रात 10 बजे तक ही ध्वनि विस्तारक यंत्र डीजे आदि बजा सकते हैं। इसलिए इस बार यह खास ध्यान रखा जाए कि रामनवमी की शोभायात्रा रात 10 बजे तक संपन्न हो जाए। इसमें कुछ मिनट की देर भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आचार संहिता का उल्लंघन होने पर मजबूरन प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ेगी। एसपी अमन कुमार ने कहा कि खूंटी में त्योहार लोग आपस में मिलजुल कर मनाते हैं। इसके लिए यहां के लोग बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि पहले से जिस प्रकार त्योहार मनाते आए हैं, उसी परंपरा के अनुसार इस बार भी त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। त्योहार में परंपरा से हटकर कुछ नया न करें, शोभ यात्रा में भड़काऊ गाने को बजाने से परहेज करें, जिससे किसी की भावना आहत न हो। साथ ही किसी बात को लेकर कोई विवाद न हो, इस पर खास ध्यान रखें। इससे पूर्व केंद्रीय रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष ज्योतिष भगत, महामंत्री जितेंद्र कश्यप, रामनवमी समिति मुरहू के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद और तोरपा के प्रतिनिधि ने अपने-अपने क्षेत्रों में रामनवमी महोत्सव के दौरान होनेवाले आयोजनों और निकलने वाले शोभायात्रा के मार्ग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

रांची के काठीटांड़ चौक पर शनिवार की रात वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मोटरसाइकिल की जांच करती पुलिस।

न्यूज बॉक्स

स्टेट बैंक पतराहातु के मैनेजर की मनमानी से ग्रामीण परेशान

सिल्ली। जनता दल यूनाइटेड झारखंड के प्रदेश महासचिव लालचन महतो ने कहा कि वह किसी काम के सिलसिले में सिल्ली प्रखंड कार्यालय गये थे।इसी क्रम में प्रखंड कार्यालय के सृष्टिधर ने एक पत्र स्टेट बैंक पतराहातु सिल्ली में देने को कहा तथा रिसीव कराने को कहा। मैंने कहा कि मेल कर दिया जाय तो उन्होंने कहा मेल नम्बर उपलब्ध नहीं है। मैं जब बैंक मैनेजर को दिया तो कहने लगी मैसेंजर से मैं पत्र नहीं लेती हूँ। प्रखंड का आदमी से प्राप्त करती हूँ। तब मैं सृष्टिधर को दुरभाष से जानकारी दिया तथा मैनेजर से बात करा दिया तब लेने के लिए कही और के वाई सी करने के लिए कही। जब के वाई सी फार्म मागा तो बोली के वाई सी का फार्म यहां नहीं मिलता है। बाहर नीचे दुकान से खरीद लिजिए। जबकि अन्य बैंकों में बैंक से ही निशुल्क मिलता है।

पशुओं की तस्करी कर ले जा रहे तीन ट्रकों से कई पशु बरामद, 14 हिरासत में

कोडरमा। पशुओं की तस्करी कर ले जा रहे तीन ट्रकों से कई पशु बरामद किए गए हैं। वहीं 14 लोगों को हिरासत में लिया गया है। कोडरमा एसपी को मिली सूचना मिली कि कोडरमा थाना क्षेत्र के रास्ते अवैध रूप से एक ट्रक में पशुओं की तस्करी कर ले जाया जा रहा है। इसके सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु कोडरमा थाना प्रभारी सुजित कुमार को मिली निर्देश के आलोक में उनके नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना अन्तर्गत मेघातरी चेक पोस्ट के पास 3 ट्रक में लदे 20 गाय, 16 गाय का बछडा, 50 भैसा (पाडा), 10 भैस, 4 भैस का बछड़ा को जप्त कर, 14 अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त में अनिल कुमार , गुडडू कुमार, वीरू कुमार, विकास कुमार , मणिभुषण कुमार , विकास कुमार , रंजीत राम , श्याम कुमार , लाला गोप , बिरमणी यादव , शैलेन्द्र यादव , विजय राम , सन्नी कुमार यादव और सोनु राज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

ट्रैक्टर पलटने से एक मजदूर की मौत, एक घायल

दुमका। शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के गंधरकपुर गांव के समीप शनिवार को एक खाली ट्रैक्टर पलटने से एक मजदूर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकी ट्रैक्टर के ड्राइवर सहित एक मजदूर घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर शिकारीपाड़ा थाना पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर एक अन्य घायल मजदूर को शिकारीपाड़ा स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार करवाया गया। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका फूलो झानो अस्पताल भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर गांव से खाली ट्रैक्टर लेकर गंधारकपुर पंचवाहनी ईटा लोड करने के लिए जा रहे ट्रैक्टर गंधारकपुर के समीप पलट गई, जिसमें चालक सहित दो मजदूर सवार थे। ट्रैक्टर के पलटने से मजदूर रामदास हेम्ब्रम (22) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बाबुधन हेंब्रम (18) घायल हो गया। दोनों मजदूर थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव के रहने वाले हैं। घटना के बाद चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा।

कोडरमा रामनवमी महासमिति की बैठक संपन्न

कोडरमा। जिला मुख्यालय स्थित वर्णवाल धर्मशाला में शनिवार को रामनवमी महासमिति कोडरमा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सत्येंद्र सिंह ने जबकि संचालन प्रवीण चंद्रा ने किया। बैठक में रामनवमी के भव्य आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। झांकी और शोर्य प्रदर्शन में बेहतर करनेवालों अखाड़ा समिति एवम प्रतिभागियों को निर्णायक मंडली द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। रामनवमी को लेकर गठित नई कमेटी में संरक्षक अमिताभ चौधरी, प्रवीण चंद्रा व गोपाल कुमार गुतुल बनाए गए वहीं सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोज कुमार झुन्नू व महासचिव अजय पांडेय को बनाया गया। जबकि उपाध्यक्ष सुखदेव यादव, अजीत वर्णवाल, सूरज प्रताप, राजेश सिंह राजू, सचिव प्रवीण पाण्डेय, गौतम राणा, महेश भारती, चंद्रवंशी दीपक नवीन, कोषाध्यक्ष विनय सिंह, सह कोषाध्यक्ष अक्षय रंजन, व्यवस्था प्रमुख आदित्य पांडेय, संजय कुमार समेत 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। कमिटी की अगली बैठक आठ अप्रैल को गांधी चौक में होगी।

सदर एसडीओ ने रांची विधानसभा क्षेत्र में 12 बूथों का किया भ्रमण

रांची। रांची विधानसभा क्षेत्र के वैसे मतदान केंद्र जहां पिछले लोकसभा चुनाव में 50 प्रतिशत से कम मतदान हुए थे, उनका रांची सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार लगातार भ्रमण कर रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को सदर एसडीओ ने 12 बूथों को भ्रमण किया। इस दौरान संबंधित बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी उपस्थित थे। अनुमडल पदाधिकारी (एसडीओ) ने बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों तथा वॉलेंटियर्स को गहन सर्वेक्षण कर छूटे हुए योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में आगामी 25 अप्रैल के पूर्व अनिवार्य रूप से दर्ज कराने एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सतत अभियान जारी रखने का निर्देश दिया। बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक को नगर निगम के कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। एसडीओ ने कहा कि रविवार (7 अप्रैल) को विशेष अभियान के तहत निगम कर्मियों के साथ क्षेत्र भ्रमण एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक करें। एसडीओ ने भ्रमण के क्रम में मतदान केंद्रों में उपलब्ध एएमएफ सुविधाओं का भी निरीक्षण किया।

मतदान केंद्र में किसी तरह की कमी पाए जाने पर उन्होंने एईआरओ को सुधार करने के निर्देश दिए।

चार दिवसीय मां मथुरासिनी पूजनोत्सव हवन के साथ संपन्न

कोडरमा / जयनगर। प्रखंड के परसाबाद में माहुरी वैश्य मंडल द्वारा आयोजित चार दिवसीय मां मथुरासिनी पूजनोत्सव विधिवत पूजा अर्चना हवन के साथ शुक्रवार देर शाम तक सम्पन हुआ। इसके बाद महाप्रसाद वितरण किया गया। देर रात्रि महिलाओं द्वारा सत्संग के माध्यम से कई सामाजिक के कुरीतियों को समाप्त करने व समाज निर्माण करने में महिलाओं का भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं बालक बालिकाओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां मथुरासिनी वंदना के साथ किया गया। उसके बाद डांडिया,नृत्य, कॉमेडी की प्रस्तुति कर लोगों का मन मोह लिया। मौके पर मंडल अध्यक्ष अशोक गुप्ता, सचिव शशि गुप्ता, भाजपा नेता सुरेंद्र भाई मोदी शामिल हुए। अतिथियों को मां मथुरासिनी का पट्टा देकर स्वागत किया गया। । इस दौरान प्रतिभागियों को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया।

चुनावी खर्च की मॉनीटरिंग की जिम्मेवारी कोषांग की : डीसी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को रांची के पंडरा रोड स्थित सेंट्रल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इनमें व्यय लेखा जांच दल, वीडियो अवलोकन दल, सी-विजिल, एमसीसी, एमसीएमसी, कॉल सेंटर एवं सहायक व्यय प्रेक्षक में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल थे।

कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन सिन्हा, नोडल पदाधिकारी व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग सह उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के जरिये एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर, असिस्टेंट एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर, वीडियो सर्विलांस टीम, व्यूविंग टीम और अकाउंटिंग टीम को उनके कार्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने व्यय अनुवीक्षण कोषांग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को उनके कार्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रांची जिला में चौथे और छठे चरण में मतदान होने हैं। चुनाव के नोटिफिकेशन के बाद अभ्यर्थियों के जरिये नामांकन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इसके बाद से ही उम्मीदवारों द्वारा चुनाव में किए जा रहे खर्च की मॉनीटरिंग भी शुरू कर दी जाती है। मॉनीटरिंग करने की जिम्मेवारी पूरे सेल की है। इसमें एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर, असिस्टेंट एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर, वीडियो सर्विलांस टीम, वीडियो व्यूविंग टीम और अकाउंटिंग टीम सम्मिलित है। उपायुक्त ने किस प्रकार से किसी पॉलिटिकल प्रोग्राम, रोड शो, कैंपेन आदि में किए गए खर्च को कैसे कैलकुलेट करना है, कैसे शैडो रजिस्टर बनाना है, किस तरह एविडेंस फोल्डर क्रिएट करना है, इसकी जानकारी दी।

फैक्ट्रियों से निकलने वाले प्रदूषण से त्राहिमाम कर रहे हैं लोग

रामगढ़ / पतरातू। पतरातू क्षेत्र के फैक्ट्रियों से निकलने वाले प्रदूषण से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। विशेष कर औद्योगिक क्षेत्र पतरातू के रियाडा भूमि के टायर फैक्ट्रियों से निकलने वाले धुएं से आसपास के दर्जनों गांव प्रभावित हो रहे हैं। इसके अलावा इन फैक्ट्रियों से निकलने वाले कचड़ों से पुत्रियां नाला में गंदगी भर गया है। किंतु ग्रामीणों के इस समस्या पर प्रशासनिक और विभागीय पदाधिकारी आंख मूंदे बैठी है। हालांकि पिछले वर्ष इन फैक्ट्रियों से निकलने वाले प्रदूषण से निजात दिलाने के लिए क्षेत्र के मुखिया और जनप्रतिनिधि, बीडीओ और सीओ से गुहार लगाई थी। साथ ही आवेदन सौंपा था। आवेदन में उन्होंने साफ तौर पर कहा था कि औद्योगिक क्षेत्र पतरातू के दो टायर फैक्ट्री जिसमें पुराने टायर से तेल निकालकर कारोबार किया जाता है। जिससे भारी प्रदूषण होता है। उन्होंने साफ तौर पर आवेदन देते हुए कहा था कि औद्योगिक क्षेत्र पतरातू स्थित इन फैक्ट्रियों से निकलने वाले प्रदूषण से प्रखंड क्षेत्र के लगभग 10 किलोमीटर रेडियस तक लोग प्रभावित हो रहे हैं।

पौलुस सुरीन को दोषी करार देने के फैसले का स्व भूषण सिंह के स्वजनों ने किया स्वागत

खूंटी। तोरपा विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे पौलुस सुरीन को जिले के चर्चित भूषण सिंह की हत्या में अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत द्वारा दोषी करार दिये जाने से एक ओर जहां भूषण सिंह के स्वजनों में काफी हर्ष है। भूषण सिंह के अनुज कामायणी सिंह ने फान पर बताया कि निर्णय स्वागत योग्य है।कामायणी सिंह इस घटना के चश्मदीद गवाह हैं।। उन्होंने ही कर्रा थाने में विधाायक पौलुस सुरीन सहित छह लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया था। इस हत्याकांड में पौलुस सुरीन के अलावा तीन महिलाओं और दो अन्य लोगों को आरोपित बनाया गया था। कामायणी सिंह ने कहा कि उन्हें न्याय पर पूरा भरोसा था। देर से ही सहही,पर कोर्ट ने सही निर्णय दिया है। उन्होंने कहा कि विधायक पौलुस सुरीन ने ही उनके भाई भूषण सिंह की हत्या की थी। उन्होंने कहा कि उनके भाई कोई अपराधी नहीं थे, पर अन्याय के खिलाफ हमेशा आवाज उठाते थे। यही कारणा है कि पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए विधायक ने उनकी हत्या कर दी। उहोंने कहा कि अदालत में उन्होंने मजबूती के साथ अपना पक्ष रखा और उन्हें न्याय मिला। ज्ञात हो कि कर्रा थाना क्षेत्र के तिरला गांव में भूषण सिंह के घर पर 27 मई 2013 को शादी समारोह था। उसी दौरान दिन दहाड़े अपराधियों ने अत्याधुनिक हथियारों से भूषण सिंह पर गोलियों की बौछार कर दी। इस फायरिंग में भूषण सिंह के साथ घर के चबूतरे पर बैठे रामगोविंद सिंह भी मारे गये थे। घटना कों लेंकर भूषण के भाई कामायणी सिंह ने विधायक पौलुस सुरीन सहित छह लोगों के चिलाफ नामदर्ज प्राथमिकी कर्रा थाने में दर्ज कराई थी।

ईद, सरहुल एवं रामनवमी को लेकर केंद्रीय शांति समिति की हुई बैठक

धार्मिक कार्यक्रम राजनीतिक आयोजन में न हो तब्दील, रखें ध्यान : उपायुक्त

सरहुल एवं रामनवमी के दौरान आपसी भाईचारा एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाने की बात कही गई

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मोरहाबादी स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में शनिवार को को ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर केंद्रीय शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि चुनाव को लेकर जिला में आदर्श आचार संहिता लागू है। आपके द्वारा आयोजित किया गया धार्मिक कार्यक्रम राजनीतिक आयोजन में तब्दील न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, पुलिस अधीक्षक नगर राजकुमार मेहता, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस अधीक्षक यातायात, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), अनुमंडल पदाधिकारी, सदर और अन्य संबंधित पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, केंद्रीय शांति समिति एवं सरना समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में केंद्रीय एवं सरना समिति के सदस्यों से ईद, सरहुल एवं रामनवमी के दौरान आपसी भाईचारा एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाने की बात कही गई। सभी त्यौहारों के दौरान सुरक्षा, लाइट, पानी, बिजली, शौचालय आदि को लेकर समिति के सदस्यों द्वारा अपनी बात कहते हुए सुझाव भी दिए गए। रांची के डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि बैठक में आए सभी सुझावों पर अमल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा हर बार की तरह बेहतर से बेहतर व्यवस्था देने का प्रयास किया जाएगा।

हिंडालको ने टीबी मरीजों में पौष्टिक आहार का किया वितरण

दवा का इस्तेमाल सही समय पर करें : डॉ विवेक

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी

सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन अल्मुनियम क्लब में 11 पंचायत के अंतर्गत 25 टीबी मरीजों को हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के सी एस आर विभाग की ओर से पौष्टिक आहार एवं मल्टीविटामिन किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन भरत सिंह ने किया। टीवी मरीजों को संबोधित करते हुए हिंडाल्को के एचआर हेड अरुण राय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मिशन है कि 2025 तक भारत को टीवी मुक्त करना है इसी के तहत मरीज को पौष्टिक आहार एवं मल्टीविटामिन किट का वितरण किया गया। इसका सही रूप से इस्तेमाल करना है ताकि शरीर का रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ सके साथ ही साथ जरूरत पड़ने पर समय-समय पर पुनः किट का वितरण किया जाएगा। खानपान सही रखें ताकि शरीर में पोषक तत्व की कमी ना हो। उन्होंने मरीजों से अपील की गयी कि नशा पान करने से दूर रहें। घर में सभी सुरक्षित तरीके से रहें। वहीं सिल्ली सामुदायिक अस्पताल के डॉक्टर विवेक ने मरीजों से कहा कि दवा का इस्तेमाल सही समय पर करना चाहिए इससे टीवी के जीवाणु कमजोर हो जाते हैं एवं फेफड़ों में जमे हुए बलगम भी कम होना शुरू हो जाता है और जल्द ही स्वस्थ लाभ रोगियों को मिलना शुरू हो जाता है एवं पोषण युक्त आहार से स्वास्थ्य को मजबूतीकरण भी मिलता है। अंत में मरीजों ने सुविधा प्राप्त करने के पश्चात हिंडालको प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन एच आर के अनिल कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर हिंडाल्को के सहायक महाप्रबंधक कर्मचारी कुमार अभिषेक प्रताप सिंह, रंजीत कुमार,अनीता इत्यादि लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

टाइगर जगरनाथ महतो की पहली पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ने श्रद्धांजलि दी

बोकारो। झारखंड टाइगर के नाम से विख्यात प्रदेश के पूर्व शिक्षा एवं मद्य निषेध मंत्री जगरनाथ महतो को उनकी पहली पुण्यतिथि पर शनिवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने श्रद्धांजलि दी। जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि देने के लिए लोग पहले उनके पैतृक गांव अलारगो पहुंचे। बीएड कॉलेज ग्राउंड में स्टेज बनाया गया था। वहां झारखंड टाइगर जगरनाथ महतो की बड़ी सी प्रतिमा लगी थी। यहां आने वाले लोगों ने पुष्पांजलि देकर उनको अपनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि झामुमो की सरकार ने गांव के गरीबों के लिए काम किया। हमने झारखंड के आदिवासी बच्चों को शिक्षित करना शुरू किया, ताकि वे अपने अधिकारों को समझें। आने वाले दिनों में वे खुद अपने झारखंड के मालिक बनें। हमारी सरकार की यह सोच है। उन्होंने कहा कि बेवजह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया।

भाजपा मंडल ने स्थापना दिवस का किया आयोजन

अबकी बार 400 पार का नारा दिया गया

नवीन मेल संवाददाता। मांडर/चान्हो

मांडर और चान्हो प्रखंड स्थित भाजपा कार्यालय में शनिवार को भाजपा की ओर से स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान दीनदयाल उपाध्याय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मांडर में मंडल अध्यक्ष खदी उरांव , चान्हो मंडल अध्यक्ष विजय कुमार महतो इस कार्यक्रम अगुवाई में हुई। लोहरदगा लोकसभा भजपा पार्टी के सहसंयोजक सन्नी टोप्पो ने कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की और अबकी बार 400 पार का नारा दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के बदौलत यह आसान कार्य है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही सबका साथ और सबका विकास का नारा संभव हो सकता है ,सभी बूथ कार्यकर्ता हर घर के हर लोगों तक संपर्क करें ,और हमारे माननीय नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दें।

गर्मी के साथ बढ़ी पंखे, कूलर, एसी और घड़े की खरीदारी

कुमार उत्कर्ष

रांची। राजधानी रांची में गर्मी का असर दिखने लगा है। गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। सड़क पर लोग छाते और स्कार्फ लेकर निकलने लगे हैं। तेज धूप के साथ गर्म हवाएं भी चल रही हैं। इधर, राजधानी वासी गर्मी से निपटने के प्रयास में लग गए हैं। रांची में पंखे, कूलर, एसी और घड़े की खरीदारी में भी तेजी देखी जा रही है। बाजारों में तरह-तरह के मिट्टी के घड़े, मिल रहे हैं। घड़े प्लेन भी हैं और तस्वीर उकेरे हुए भी। छोटे भी हैं और बड़े भी। जो जरूरत हो, खरीद सकते हैं। चिड़ियों व जानवरों को पानी देने के लिए भी तरह-तरह के बर्तन मिल रहे हैं। कीमत की बात करें, तो 100 रुपये से लेकर 500 रुपये तक के घड़े बाजार में उपलब्ध हैं। पानी की बोतल की बात करें, तो अलग-अलग साइज के अनुसार 250 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक के बोतल बाजार में मिल रहे हैं।

झारखंड में झुलसाने लगी है गर्मी

रांची। मौसम के तेवर में हर बदलते दिन के साथ बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी झुलसाती गर्मी और उमस लोगों को महसूस होती है, तो अगले ही पल बादल भी धूप के साथ लुका-छिपी खेलता हुआ दिख जाता है। अप्रैल के शुरू में ही हीट वेव को लेकर चेतावनी जारी की जा रही है। राज्य में कई जिलों में तापमान 41 डिग्री से अधिक हो गया है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार शनिवार को सबसे अधिक तापमान सरायकेला-खरसावां जिले में दर्ज किया गया। यहां का अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राज्य के पूर्वी भागों में सात से आठ अप्रैल को कहीं-कहीं लू चलने की आशंका है। इसका असर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ जिलों में पड़ने की संभावना है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार राज्य के पूर्वी हिस्से में कुछ जगहों पर उष्ण लहर की स्थिति देखी जा रही है।

न्यूज बॉक्स

वाणिज्य विभाग के भवन की स्थिति दयनीय : अभिषेक शुक्ला

रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के रांची विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि रांची विवि के पीजी वाणिज्य विभाग के भवन की स्थिति बिल्कुल दयनीय है। यहां कोई ना कोई घटना घटने की आशंका बनी रहती है, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। एक ओर पीजी वाणिज्य विभाग के भवन का यह हाल है, वहीं दूसरी ओर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने अपने चैंबर और मौलाना आजाद सीनेट हॉल में एनसीसीफ के दफ्तर को संवारने में करोड़ों रुपये खर्च कर दिए हैं। अभिषेक शुक्ला ने कहा है कि पीजी के अधिसंख्य विभागों में वॉटर प्यूरीफायर मशीन है ही नहीं और जिन विभागों में वॉटर प्यूरीफायर मशीन लगी हुई है, वह निष्क्रिय अवस्था में है। इस कारण छात्र-छात्राओं को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।

पॉलीटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा आज रांची में निषेधाज्ञा लागू

रांची। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर से रांची में पॉलीटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा रविवार (सात अप्रैल) को आयोजित होगा। परीक्षा पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न एक बजे तक नौ परीक्षा केंद्रों पर होना है। इनमें विवेकानंद विद्या मंदिर, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मनन विद्या मंदिर, संत जॉन हाई स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, संत पॉल कॉलेज, संत अलोईस इंटरमीडिएट कॉलेज, संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज और संत अन्ना गर्ल्स हाई स्कूल शामिल हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक के जरिये पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा में शामिल छात्र, उनके अभिभावक और असामाजिक तत्व के जरिये परीक्षा केंद्रों पर भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा की आशंका को देखते हुए एसडीओ सदर उत्कर्ष कुमार ने धारा-144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी किया है।

रांची समर्पण शाखा की कार्यकारिणी की बैठक में आने वाले कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

रांची। रांची समर्पण शाखा के नए सत्र (2024-25) की शुरुआत शाखा की नव निर्वाचित अध्यक्ष विनीता सिंघानिया की अध्यक्षता में पहली कार्यकारिणी बैठक के साथ हुई। सचिव शुभा अग्रवाल ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। फिर कार्यक्रमों की चर्चा की गई। अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने आगामी कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा, इस महीने में बहुत से कार्यक्रम होने वाले हैं, जिनमें स्वास्थ्य जांच शिविर, राम नवमी शिविर आदि महत्वपूर्ण है। इन सभी कार्यक्रमों की तैयारियां चल रही हैं। सभा में बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थिति थीं। अध्यक्ष ने अपनी टीम गठित की, जो इस प्रकार है - उपाध्यक्ष सपना सिंघानिया एवं पूजा अग्रवाल, सचिव शुभा अग्रवाल, सह सचिव स्मिता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दीपिका टेकरीवाल, मीडिया प्रभारी स्पेशल इन्वाइटी सरिता बथवाल, अमृतधारा शशि बंका एवं निकिता जालान, पर्यावरण व स्वच्छता प्रभारी रितु पोद्दार एवं कविता जालान, स्वास्थ्य प्रभारी कोमल झुनझुनवाला, खेलकूद पूजा तोदि एवं सौम्या गर्ग, कन्या भ्रूण दिशा जैन एवं रेखा रायेका, जन सेवा दीपिका मोतिका एवं चंद्रकला, गौ सेवा आशा संथोलिया, सदस्यता प्रभारी शिखा पोद्दार, नारी चेतना नीलम बागड़िया, स्पेशल इन्वाइटी कविता सोमानी, डोली बंसल, कोमल पोद्दार, राधा ड्रोलिया, रंजू मालपानी, आशा सराफ।

आईसीटी अनुदेशकों को तकनीकी कौशल में सुधार लाने का दिया निर्देश

रांची। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से राज्य में कार्यरत आईसीटी अनुदेशकों के लिए मूल्यांकन सत्र का आयोजन किया जा रहा है। ये सत्र 21 अप्रैल तक कुल 18 बैच में चलेगा। शनिवार को सत्र के दौरान उन्हें निर्देशित करते हुए प्रतिदिन टाइम स्टांप के साथ चार क्लासेस रिपोर्ट करने को कहा गया है। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी सचिन कुमार ने आईसीटी अनुदेशकों को अपने तकनीकी कौशल में सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों के मासिक टेस्ट और क्विज को देखते हुए अनुदेशक बच्चों को सिलेबस आधारित तैयारी कराएं। इन प्रशिक्षकों के मूल्यांकन के बाद इन्हें विभिन्न आईसीटी योजनाओं, पहलुओं से उन्मुख किया जाएगा। इन आईसीटी प्रशिक्षकों का नियमित कंप्यूटर कक्षाएं आयोजित करने से लेकर केंद्रीय पोर्टल के माध्यम से उपयोगिता की रिपोर्ट (टाइम स्टांप फोटो के साथ) तैयार करने, जे-गुरुजी एप्लीकेशन के बारे में जागरूक करने के साथ ही ऑफलाइन ई-कंटेंट के इंस्टालेशन से संबंधित उन्मुखीकरण भी किया जाएगा। मूल्यांकन सत्र के दौरान राज्य पदाधिकारियों ने आईसीटी अनुदेशकों को टाइम स्टांप के साथ उपयोगिता से संबंधित रिपोर्ट करने का निर्देश दिया। यदि कोई प्रशिक्षक प्रतिदिन चार कक्षाओं की रिपोर्ट टाइम स्टांप के साथ नहीं भेजता है, तो उसपर कार्रवाई की जाएगी। राज्य शिक्षा परियोजना टीम ने आईसीटी अनुदेशकों से भी बातचीत की और योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए उनका फीडबैक लिया।

मारवाड़ी कॉलेज प्लेसमेंट सेल ने मांगा ऑनलाइन आवेदन

रांची। मारवाड़ी कॉलेज प्लेसमेंट सेल ने टीसीएस बीपीएस की एक्जीक्यूटिव के लिए बीए, बीकॉम और बीबीए 2024 के विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगा है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 13 अप्रैल है। आवेदन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए विद्यार्थी तीन स्टेप अपनाएं। स्टेप 1 : टीसीएस नेक्स्ट स्टेप पोर्टल पर लॉगइन करें, स्टेप 2 : रजिस्टर करें और ड्राइव पर आवेदन करें और अपना डीटी आईडी बनाएं और स्टेप 3 : रजिस्ट्रेशन प्रोसेस के दौरान टीसीएस बीपीएस हायरिंग प्रोसेस 2024 बैच को करें सेलेक्ट। अधिक जानकारी के लिए मारवाड़ी कॉलेज रांची की वेबसाइट के प्लेसमेंट सेल के पेज पर जाएं। 5 अप्रैल से 10 अप्रैल दोपहर 2 बजे तक गूगल फॉर्म को भर कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

रांची डीआईजी से मिला श्री महावीर मंडल का प्रतिनिधिमंडल

रांची। श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू के नेतृत्व में संगठन के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी, रांची के डीआईजी अनूप बिरथरे से शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें रामनवमी के उपलक्ष्य में बुके एवं चुनरी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीआईजी ने सभी पदाधिकारियों को निर्वाचित होने का बधाई दी। श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष ने उन्हें ऐतिहासिक रामनमवी महोत्सव की विस्तृत जानकारी भी दी। प्रतिनिधिमंडल में श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, मंत्री दीपक ओझा, प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा एवं अन्य रामभक्त शामिल थे। डीआईजी अनूप बिरथरे ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि इस मंगलवारी से लेकर रामनवमी के आयोजन तक जिस तरह का सहयोग जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक वर्ष मिलते आया है, आचार सहिंता को देखते हुए इस वर्ष भी अधिक से अधिक साधन ओर सहयोग समितियों ओर रामभक्तों को उपलब्ध कराया जाएगा। डीआईजी ने यह भी कहा की इस वर्ष रामनवमी में अखाड़ों एवं जुलूसों में सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ रामनवमी के सभी आयोजनों के लिए पूर्व की तरह ही समयानुसार वाहन उपलब्ध करा दिया जाएगा। रांची डीआईजी ने प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों को रामनवमी की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

कैराली स्कूल की घटना पर जिला प्रशासन से जांच की मांग की गई

रांची। रांची के कैराली स्कूल के संबंध में स्कूल की कक्षा 6 के दो छात्रों के बीच पानी को लेकर आपस में मारपीट एवं कैंची से वार की खबर आने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए स्कूल प्रबंधक ने इस पूरे मामले को शांत करा दिया। घटना के संबंध में जगन्नाथपुर थाना प्रभारी से इस संबंध में बात की गई, तो उन्होंने बताया कि ऐसी खबर उन्हें भी मिली थी और जब उन्होंने स्कूल स्टाफ से इस संबंध में बात की, तो उन्हें बताया गया कि इस तरह की कोई घटना नहीं घटी है। थाना प्रभारी का कहना है कि जब तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिलती है, किसी प्रकार की कार्रवाई उचित नहीं होगी। इधर, झारखंड अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि स्कूल प्रबंधन की ओर से भी इस न्यूज के ऊपर कहीं कोई प्रतिक्रिया या किसी तरह का भी कोई खंडन नहीं आया है। झारखंड अभिभावक संघ ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग रांची जिला प्रशासन से की है।

जांच के लिए दौड़ते-दौड़ते मरीज व परिजनों के छूट रहे पसीने

जांच के लिए ग्राउंड फ्लोर से लेकर चौथे फ्लोर तक का चक्कर लगाना पड़ता है

अमित कुमार

रांची। रिम्स में रोजाना हजारो की संख्या में मरीजों का इलाज होता है। बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर कई प्रकार की जांच को लिखते हैं लेकिन रिम्स में जांच कराना आसान नहीं है। क्योंकि वहां पर एक जांच ग्राउंड फ्लोर तो दूसरी जांच के लिए दूसरी बिल्डिंग जाना पड़ता है। ऐसे में ओपीडी तथा भर्ती मरीजों की जांच के लिए मरीज सहित परिजनों का बुरा हाल होता है। रिम्स के नवनियुक्त निदेशक इस व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर कर चुके है। बता दें कि राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स जो लगभग 165 एकड़ में फैला है, जिसमें मरीज या परिजन का चक्कर लगाना आसान नहीं । ऐसे में एक जगह से दूसरी जगह जाने पर काफी थकान हो जाती है। कई बार तो मरीज का इलाज कराते कराते खुद परिजन ही मरीज बन जाते है। सिटी स्कैन के लिए मरीज को न्यू ट्रामा सेंटर के ग्राउंड फ्लोर में जाना पड़ता है। तो वहीं ईसीजी के लिए मेडिसिन ओपीडी पूरानी बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर तक आना होता है। इनमें जादातर जांच पुरानी बिल्डिंग में ही है। लेकिन इसमें कोई जांच ग्राउंड फ्लोर में है तो कोई दूसरा, तीसरा और चौथा फ्लोर में है। ऐसे में जांच के दौरान कई बार ऊपर नीचे दौड़ना पड़ता है।

मैं कई जगहों पर काम किया हूं। काम का एक लंबा अनुभव रहा है। लेकिन रिम्स में ही यह देखने को मिल रहा है कि सभी जांच एक जगह पर नही हो कर अलग-अलग जगहों पर होती हैं । ऐसे में सरकार के पूरा पैसा खर्च करने के बाद भी परिणाम बेहतर नही होता। मेरा प्रयास होगा कि जल्द से जल्द सभी तरह की जांच को एक छत के नीचे की जाए।

डॉ (प्रो) राजकुमार

कहां-कहां होती है जांच

केएफटी, ईएसआर, एलएफटी, यूरिन, आरबीएस, बीएसएफ, पीपी, इनए पॉजिटिव, के पॉजिटिव, प्रोटीन एल्बुमिन, सिरम तथा लिपश आदि की जांच सेंट्रल लैब में होती है, जो पुरानी बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर में स्थित है।

एसआर इलेक्ट्रोलाइ, सोडियम, के पॉजिटिव, कैल्शियम, टी 3, टी 4, टीएसएच,विटामिन बी 12 सहित विटामिन डि3, टोटल पीएसए आदि का जांच बायोकेमेस्ट्री पुराना बिल्डिंग ग्राउंड फ्लोर कैमरा नंबर 4 में होती है।

यूरिन सी/ एस, विरल डीएनए प्रोफाइल,डेंगू चिकनगुनिया, रूबेला आईजीएम ,एचईवी आईजीएम, एचएसबी आईजीएम आदि की जांच माइक्रोबायोलॉजी पुराना बिल्डिंग सेकंड फ्लोर कमर । नंबर 220 में होता है।

सेरोलॉजी, एचआइवी वन और टू, एचबीएसएजी, एचसीमी,एबोरहा विडाल, सीआरपी एएसओ, आर ए फैक्टर आदि की जांच माइक्रोबायोलॉजी पुरानी बिल्डिंग सेकंड फ्लोर कमरा नंबर 230 में होती है।

सीबीसी, पीटी/आइएनआर, यूरिया रुटिन जांच तथा इएसआर के लिए पैथोलॉजी पूराना बिल्डिंग के तीसरा तल्ला में कमरा संख्या 316 में होता है।

एलएफटी, आरफटी, बीएसएफ(आर)(पीपी), एलआइपीआइडी, लिपिड जांच सहित सीबीसी, टी थ्री, टी फोर, टीएसएच आदि की जांच लैब मेडिसिन पुरानी बिल्डिंग चौथे तल्ले के कमरा नं. 407 में होती है।

यूएसजी, एमआरआइ रेडियोलॉजी विभाग ग्राउंड फ्लोर ।

एक्स रे, आरजीयू, एमसीयू आइवीपी रेडियोलॉजी प्रथम तल्ला।

इक्को के लिए कार्डयोलॉजी के प्रथम तल्ला।

पीपीपी टेस्ट के लिए कमरा नं. 225 में होता है।

रांची में लाखों की अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

तमाड़ थाना पुलिस ने दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में दिगम महतो और झरीराम महतो शामिल है। इनके पास से 1200 ग्राम अफीम, 50 हजार नकद, एक बाइक और इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया गया है। बरामद अफीम की कीमत सात लाख 20 हजार आंकी गई है।एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तमाड़ थाना के रोलाडीह एवं बुरूसिंगु गांव के बीच ईंट भट्टा के पास एक-एक बाइक से कुछ लोग अफीम खरीद-बिक्री करने के लिए आने वाले हैं। सूचना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू के नेतृत्व में थाना प्रभारी बुंडू एवं सशस्त्र बलों को शामिल करते हुए एक छापेमारी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान पर पहुंची, तो दो व्यक्ति भागने लगे। टीम ने दोनों को खदेड़कर पकड़ लिया। दोनों व्यक्तियों की तलाशी लेने पर अफीम बरामद किया गया।

ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर धराया

रांची। रांची के रातू स्थित नवासोसो में पुलिस ने 22 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम रंजन यादव है। वह गोंदा थाना क्षेत्र के गांधी नगर का रहने वाला है। उसके पास से एक वाहन और 22 पुड़िया ब्राउन शुगर (486 ग्राम) बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सफेद रंग के स्कॉर्पियो वाहन से ब्राउन शुगर की तस्करी की जा रही है। सूचना के बाद टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम नवासोसो स्थित लिची बगीचा पहुंची। इसी दौरान स्कॉर्पियो वाहन 15 मिनट बाद पहुंचा। पुलिस टीम ने उसे रुकने का इशारा किया, तो वाहन में सवार व्यक्ति भागने लगा। टीम ने खदेड़कर उसे पकड़ लिया। जांच करने पर उसके पास से ब्राउन शुगर बरामद किया गया।

सेल चेयरमैन ट्रॉफी में भिलाई ने जीत दर्ज की, बोकारो को दूसरा स्थान

नवीन मेल संवाददाता। रांची

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के युवा प्रबंधकों के लिए एमटीआई रांची में आयोजित चेयरमैन ट्राफी के फाइनल में सोनल श्रीवास्तव, सिद्धार्थ रॉय तथा विनय कुमार पवार की भिलाई की टीम ने विजय प्राप्त की। बोकारो इस्पात संयंत्र की टीम को द्वितीय स्थान मिला। राउरकेला की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

'पर्यावरण और समाज के प्रति उत्तरदायित्व एवं उन्नत प्रशासन के माध्यम से सतत सुरक्षित भविष्य के लिए सेल के समक्ष चुनौतियां और आगे की राह' विषय पर इस प्रतियोगिता में विभिन्न इकाइयों के युवा प्रबंधकों की उल्लेखनीय भागीदारी और समर्पण देखा गया। तीन सदस्यीय चयन समिति में डॉ कीर्ति अभिषेक, एसोसिएट प्रोफेसर, बीआईटी मेसरा, कृष्ण कुमार सिंह, निदेशक (कार्मिक), सेल और अतनु भौमिक, निदेशक प्रभारी (राउरकेला एवं बोकारो इस्पात संयंत्र) ने फाइनलिस्ट प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत परियोजनाओं का मूल्यांकन किया। मूल्यांकन और प्रस्तुतियों के आधार पर भिलाई की टीम को विजयी घोषित किया गया। बोकारो इस्पात संयंत्र की टीम, जिसमें शशांक शेखर, चंद्रशेखर कुमार और टी. केदारनाथ थे, प्रथम उपविजेता रही। दूसरी उपविजेता राउरकेला की टीम रही, जिसके सदस्य विजय प्रकाश आर्य, कृष्ण कुमार जायसवाल एवं संजय कुमार गौतम थे। टीमों द्वारा प्रस्तुत परियोजनाएं नवाचार, पर्यावरण सुरक्षा और प्रबंधकीय उत्कृष्टता के एकीकृत प्रतिरूप थे।

सेल एमटीआई में आयोजित हुई थी प्रतियोगिता

सरला बिरला स्कूल के छात्रों का फिट इंडिया क्विज में शानदार प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सरला बिरला पब्लिक स्कूल की कक्षा 10वीं के मोहम्मद अम्मार अहमद और कक्षा 11वीं के अभिषेक कुमार आयुष को फिट इंडिया क्विज के प्रारंभिक दौर में अद्भुत प्रदर्शन करने के बाद राज्य स्तरीय दौर के लिए चुना गया। उन्होंने प्रारंभिक दौर में क्रमशः 8वीं और 11वीं रैंक हासिल की। प्रत्येक को 2000 रुपये और स्कूल को 15000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि झारखंड राज्य के 1500 स्कूलों में से 8 स्कूलों का चयन किया गया था। राज्य स्तरीय सेमीफाइनल राउंड में सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने प्रथम रैंक प्राप्त किया और फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। राज्य स्तर के फाइनल राउंड में स्कूल ने तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों को 3500 रुपये नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया और स्कूल को 32,500 रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्रों का समग्र विकास होता है।

श्री श्याम भंडारे का प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता। रांची

श्री श्याम मित्र मंडल के हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक शनिवार को होने वाला 106वां श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में संपन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में दो श्याम भक्त यजमानश्री परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटू नरेश, रिद्धि-सिद्धि, शिव परिवार, बजरंगबली, लड्डू गोपाल, शालिग्रामजी, गरुडजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। 'आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी' के लोकप्रिय भजन का गायन करके यजमानश्री परिवार ने खाटूनरेश की मनुहार किया। भोग लगे प्रसाद को दो श्याम भक्त परिवार ने विशाल वृहद भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमानश्री परिवार ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण किया। आज के श्री श्याम भंडारे में वेजिटेबल पुलाव, आलू, लौकी, चना दाल, मिक्स सब्जी, केसरिया जलेबी, शीतल पेय, गुलाब शरबत का प्रसाद मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के दिशा निर्देश में श्री श्याम मंदिर में निर्मित किया गया था। लगभग 2500 से ज्यादा भक्त जनों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, अनिल नारनौली, पूर्व सांसद अजय मारू, उपेंद्र पांडे, मनीष वर्मा, श्याम सुंदर जोशी सहित 60 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

सोमवती अमावस्या कल

चैत्र सोमवती अमावस्या पर सोमवार को बाबा का महास्नान किया जाएगा। सुबह 5:30 बजे की मंगला आरती के बाद मंदिर के पट लगाकर खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान विधिवत रूप से किया जाएगा। कोलकाता के फूलों से बाबा का श्रृंगार किया जाएगा। नवीन वस्त्र पहनाकर विशेष रूप से मसाज कर पंचमेवा का भोग लगाया जाएगा। 8:30 बजे सुबह श्रृंगार आरती की जाएगी।

श्री सुंदरकांड पाठ 9 को

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा मंगलवार (9 अप्रैल) को संध्या 4:30 बजे से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 96वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक संगीतमय पाठ का आयोजन किया जाएगा। मनीष सारस्वत, ओम शर्मा व अन्य पाठ करेंगे। सुनील मोदी अपने परिजनों के साथ बजरंगबली की पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे। मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने सभी भक्तों को आमंत्रित किया है।

पलामू लोकसभा क्षेत्र की अजीब है दास्तान

देश में पहली बार सांसद बना माओवादी का जोनल कमांडर

उपेंद्र गुप्ता। रांची

पलामू लोकसभा का इतिहास अजीबो-गरीब दास्तान समेटे हुए हैं। पहले यह क्षेत्र दो संसदीय क्षेत्र में बंटा था और दो सांसद हुआ करते थे। इस सीट से नक्सली कमांडर और राज्य के पुलिस महानिदेशक भी चुनाव जीत कर संसद पहुंचे हैं। वर्तमान में पलामू लोकसभा दो जिलों पलामू और गढ़वा को मिलाकर बनाया गया है। इस क्षेत्र में पलामू, डाल्टनगंज, गढ़वा, भवनाथपुर, विश्रामपुर, छतरपुर और हुसैनाबाद विधानसभा सीटें आती हैं। पलामू सीट पर कांग्रेस और भाजपा दोनों का दबदबा रहा है, दोनों ने 6-6 बार इस सीट पर कब्जा जमाया है।

पूर्व डीजीपी बीडी राम ने 2014 में दी करारी मात

झारखंड में दो बार डीजीपी रह चुके हैं बीडी राम

झारखंड में दो बार डीजीपी पुलिस महानिदेशक के पद रह चुके बिष्णु दयाल राम का जन्म 23 जुलाई 1951 को हुआ था। उनके पिता का नाम मुखा राम माता का नाम रामरती देवी और पिता का नाम पुष्पा दयाल है। उनके तीन बच्चों हैं। वे 1973 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और 1 जुलाई 2005 से 27 सितंबर 2006 और 4 अगस्त 2007 से 13 जनवरी 2010 तक झारखंड पुलिस के डीजीपी के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने पहले भागलपुर के एसपी और पटना के एसएसपी के रूप में कार्य किया था। सेवानिवृत्ति के बाद वे भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए और पलामू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव जीते।

देश के पहले माओवादी सांसद बने कामेश्वर बैठा

भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर कामेश्वर बैठा 28 वर्षों तक माओवादी आंदोलन के जुड़े रहे थे। 2005 में कामेश्वर बैठा बिहार के सासाराम से गिरफ्तार हुए थे और 2013 में वे जेल से बाहर निकले थे। इस दौरान वे 2006 में चुनाव लड़े, लेकिन हार गए, लेकिन 2019 में झामुमो के टिकट पर कामेश्वर बैठा ने जीत दर्ज पहले नक्सली सांसद बनने का अनोखा रिकॉर्ड बना दिया। कामेश्वर बैठा पर उस दौरान 48 मामले दर्ज थे, जिसमें कई गंभीर धाराओं में थे, साथ ही उनपर 50 हजार का इनाम भी था। हालांकि अधिकतर मामलों में कामेश्वर बैठा को दोषी नहीं पाया गया है। 2013 में जेल से रिहा होने के बाद वे 2014 में चुनाव हार गए। कामेश्वर बैठा मूल रूप से पलामू के पांडु थाना क्षेत्र के ढांचाबार गांव के रहने वाले हैं।

दो संसदीय क्षेत्र का हिस्सा रहा है पलामू

देश में 1951-52 में जब पहली बार लोकसभा के चुनाव हुआ था, उस पलामू संसदीय क्षेत्र का नाम पलामू सह हजारीबाग सह रांची था। तब यह दो सदस्यीय सीट थी। यहां से एक सीट पर कांग्रेस के गजेंद्र प्रसाद सिन्हा तो दूसरी सीट पर कांग्रेस के ही जेठन सिंह खरवार चुनाव जीते थे।1957 में भी गजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने यहां से जीत दर्ज की। 1962 में निर्दलीय प्रत्याशी शशांक मंजरी सांसद चुनी गई। 1967 में जब पलामू एससी सीट घोषित हुआ तब कमला कुमारी ने कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की, फिर 1971 में भी कांग्रेस की कमला कुमारी ने जीत हासिल की। लेकिन 1977 में जनता पार्टी में रामधनी राम से हार गई ।

एक दशक तक भाजपा का रहा दबदबा

पलामू संसदीय क्षेत्र में पहली बार 1991 में कमल खिला,तब लगातार चार चुनाव में भाजपा में जीत दर्ज की। 19191 में भाजपा के राम देव राम सांसद चुने गए। तो 1996, 1998 और 1999 में भाजपा के ब्रजमोहन राम ने लगातार तीन बार जीत दर्ज कर हैट्रिक लगाई। फिर 2014 और 2019 में भाजपा के बीडी राम ने जीत दर्ज की।

जब माओवादी कमांडर ने की जीत दर्ज

2009 में भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर कामेश्वर बैठा ने झामुमो के टिकट पर पलामू लोकसभा सीट से जीत कर देश भर में सनसनी फैला दी। सासाराम जेल में रहकर ही कामेश्वर बैठा ने जीत दर्ज की थी, पहली बाद देश में कोई नक्सली सांसद बना था, ऐसे में कामेश्वर बैठा मीडिया में छाए रहे।

रिश्वत लेने के आरोप में राजद सांसद की गई थी सदस्यता

2004 लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल के मनोज कुमार ने जीत दर्ज की। लेकिन पैसे लेकर सांसद में सवाल करने के एक स्टिंग ऑपरेशन में फंस गए और उनकी सदस्यता चली गई, उसके बाद 2006 के उपचुनाव में राजद के घूरन राम ने जीत दर्ज की।

डीजीपी और माओवादी के बीच मुकाबला

2014 में पलामू लोकसभा सीट पर पुलिस और माओवादी का संघर्ष भी देखने को मिला । भाजपा के टिकट पर झारखंड के पूर्व पुलिस महानिदेशक बीडी राम पहली बार मैदान में उतरे थे, तो दूसरी तरफ निर्वतमान सांसद कामेश्वर बैठा फिर से मैदान में थे, लेकिन इस बार उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा।

पलामू का सामाजिक ढांचा

2019 के आंकड़ों के मुताबिक इस सीट पर मतदाताओं की संख्या 12 लाख 09 हजार 747 थी। वहीं कुल आबादी 28 लाख 34 हजार 681 है। पलामू में खेरवार, चेरो, उरांव, बिरजिया और बिरहोर प्रमुख जनजातियां शामिल हैं। यहां के खेरवार अपने-आपको सूर्यवंशी क्षत्रिय बताते हैं और अयोध्या को पूज्यनीय मानते हैं।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे का दावा

झामुमो छोड़ेंगे बसंत सोरेन कल्पना सोरेन बनेंगी सीएम

नवीन मेल संवाददाता। रांची

गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने दावा करते हुए कहा है कि झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के छोटे बेटे बसंत सोरेन जल्द ही पार्टी छोड़ देंगे। निशिकांत दुबे आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में दुमका के एमपी-एमएलए की विशेष अदालत में पेश होने को शनिवार को दुमका पहुंचे थे।

कल्पना सोरेन बनेगी सीएम : भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि उनकी बातों को झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य हवा में उड़ा देते हैं, जिस दिन सरफराज अहमद ने त्यागपत्र दिया था, उसी वक्त उन्होंने कहा था कि सरफराज अहमद राज्यसभा के सदस्य होंगे और वह सच साबित हुआ। कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा की उम्मीदवार होंगी, वह भी सत्य साबित हुआ। अब तीसरी भविष्यवाणी यह है कि जिस दिन कल्पना चुनाव जीत कर आयेंगी, धक्का मार कर चंपाई सोरेन को बाहर कर देंगी।

अंजया स्टील हेमंत सोरेन की बेनामी संपत्ति

निशिकांत दुबे ने कहा कि हजारीबाग में एक कंपनी है इनलैंड पावर। इसने हजारीबाग के झामुमो जिला अध्यक्ष बास्की के अकाउंट में करोड़ों रुपये जमा किए हैं। यह राशि बास्की द्वारा जमशेदपुर के अंजया स्टील को भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि अंजया स्टील हेमंत सोरेन की बेनामी संपत्ति है। आज नहीं तो कल, इसका बड़ा खुलासा होने वाला है।

केंद्र सरकार सोई हुई, राहुल सुन रहे जनता की बात : मीर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में झारखंड के कार्यकारी अध्यक्ष,सभी लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी, लोकसभा उम्मीदवार, जिला अध्यक्ष,जिला प्रभारी,प्रवक्ता की बैठक प्रेस क्लब सभागार में संपन्न हुई जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित थे। बैठक में पांच न्याय 25 गारंटी अभियान के संबंध में विस्तृत चर्चा तथा बूथ लेवल एजेंट(ठस।) पंजीकरण की अद्यतन स्थिति की पूरी जानकारी जिला अध्यक्ष एवं लोकसभा प्रभारी से ली गई और उस पर विस्तृत चर्चा के बाद बचे हुए बीएलए की पंजीकरण के लिए अविलंब दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में प्रदेश प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर ने लोकसभा उम्मीदवारों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक संसदीय स्तर पर एक केंद्रीय चुनाव कार्यालय खोलना है जो 24 घंटे खुला रहेगा। कांग्रेस के मेनिफेस्टो का अनुसरण करना है,राहुल गांधी द्वारा जनता को दिए गए वचन का अनुसरण करना है,बूथ स्तर पर गारंटी कार्ड को जनता के बीच वितरित करना है, लोकसभा स्तर पर नेताओं और कार्यकताओं के बीच जिम्मेवारियों का बंटवारा करना है।

ईडी की कार्रवाई व केंद्र की तानाशाह सरकार के खिलाफ झामुमो का उलगुलान

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना ने संभाली कमान

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की 21 अप्रैल को होने वाली उलगुलान महारैली को सफल बनाने की कमान खुद संभाल ली है। यह रैली ईडी की कार्रवाई और केंद्र की तानाशाही सरकार के खिलाफ आयोजित की जा रही है। पति हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद राजनीति में सक्रिय हुई कल्पना सोरेन शनिवार को पहली बार झामुमो के केंद्रीय कार्यालय पहुंचीं और नौ जिलों के झामुमो जिलाध्यक्ष, जिला सचिव और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की और महारैली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए जरूरी निर्देश दिए। उनके साथ बैठक में पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय भी मौजूद रहे।

21 अप्रैल को प्रभात तारा मैदान में होगी रैली : शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर झामुमो विधायक दल की बैठक में यह फैसला लिया गया था कि मुंबई और दिल्ली में हुए इंडिया ब्लॉक की महारैली की तरह रांची में भी केंद्र सरकार के खिलाफ महारैली आयोजित की जाएगी। झामुमो ने इस महारैली का नाम उलगुलान महारैली का नाम दिया गया है। इस महारैली में देश भर के इंडिया ब्लॉक के बड़े नेताओं को शामिल होने का न्योता दिया जाएगा। कल्पना सोरेन ने 21 अप्रैल को होने वाली उलगुलान महारैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी जिला इकाई से अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया है। बैठक में सिमडेगा, लातेहार, खूंटी, चतरा, रांची, धनबाद, गुमला जिला की जिला इकाई से जुड़े पार्टी पदाधिकारी हुए शामिल हैं।

लोकतंत्र बचाने की लड़ाई : बैठक के बाद कल्पना सोरेन ने कहा कि 21 अप्रैल को होनेवाली उलगुलान महारैली लोकतंत्र बचाने की लड़ाई का हिस्सा है। अपने जिला समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन के सपने को बाधित करने की कोशिश की गई है। केंद्र लगातार झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करती है। झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को झूठे मामले में गिरफ्तार किया गया है। 21 अप्रैल को रांची के प्रभात तारा मैदान में केंद्र की तानाशाही रवैया और संविधान को कुचलने की कोशिश के खिलाफ झारखंड की जनता उलगुलान करेगी.

उपचुनाव लड़ने का फैसला पार्टी करेगी गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर कल्पना सोरेन कहा कि जब तक पार्टी स्तर पर घोषणा नहीं हो जाती, तब तक वह कुछ नहीं कहेंगी। कल्पना सोरेन ने कहा कि अपनी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं के उत्साह देख कर वह भी उत्साहित हैं और राज्य की जनता कह रही है, झारखंड झुकेगा नहीं, देश झुकेगा नहीं।

आज 8 जिले के कार्यकताओं के साथ बैठक : केंद्रीय कार्यालय में कल्पना सोरेन हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो, गढ़वा, पलामू, कोडरमा, गिरिडीह, प. सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला महासचिव और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।

झारखंड हमने बनाया और हम ही रहेंगे : सुप्रियो भट्टाचार्य

रांची । झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक के संवाददाता सम्मेलन पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के आयातित प्रवक्ता का आज रांची आगमन हुआ। ऐसा लगा कि मानो कोई विद्वान आ गया हो। झामुमो के विषय पर भाजपा प्रवक्ता ने जिस प्रकार से बयानबाजी की है, वो निंदनीय है। क्योंकि झामुमो संघर्ष की बनी हुई पार्टी है। उन्होंने कहा कि झारखंड हमने बनाया है और हम ही रहेंगे। पटना में एक हॉस्पिटल है जो भाजपा प्रवक्ता का है। इस हॉस्पिटल को उनके पिता ने बनवाया था। किसी भी घर को बनाने में बहुत लोगों का योगदान होता है। लेकिन वह घर सभी व्यक्ति का नहीं हो जाता है। चार दशकों की लड़ाई के बाद हमें झारखंड मिला है। इसकी लड़ाई झामुमो ने लड़ी।

भट्टाचार्य शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झामुमो झारखंडी हित के लिए हमेशा संघर्ष करने के लिए कटिबद्ध रहा है। उन्होंने कहा कि किसी को जान का खतरा है। सुबह तो वह अपने कार्यकताओं के बीच में थे। बहुतों से बातें हुई होंगी। ऐसा झूठा आदमी हमने नहीं देखा। उन्होंने कहा कि एचईसी को बनाने वाला, रिम्स की बिल्डिंग का डिजाइन बनाने वाला आदिवासी ही था। जयपाल सिंह मुंडा का अपमान किया जा रहा है। यह मानसिकता है कि आदिवासी कैसे आगे बढ़ सकता है। समय चक्र घूम रहा है। हमें मालूम नहीं है कि पटना के उद्यान हॉस्पिटल में क्या-क्या होता है। जिस प्रकार से भाजपा के प्रदेश स्तरीय नेताओं को आज रांची आए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सपना दिखाने का कार्य कर रहे हैं, हमारे पार्टी की ओर से यह उनके लिए राय होगी कि उनके लुभावनी बातों में ना आए।

अलग राज्य झारखंड वाजपेयी ने बनाया और मोदी गढ़ेंगे : अजय आलोक

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि हमने बनाया है, हम ही गढेंगे, अटल जी बनाया है और मोदी जी गढ़ेंगे नारा इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा का मुख्य नारा होगा। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक लोकसभा चुनाव में बिहार-झारखंड के मीडिया प्रभारी के रूप में दो माह तक कार्य करेंगे, जिसके तहत वे शनिवार को पहली बार रांची में मीडिया के समक्ष मुखातिब हुए।

जेएमएम का अर्थ जमीन मारो मोर्चा

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने झामुमो पर निशाना साधते कहा कि जेएमएम का सही अर्थ ₹जमीन मारो मोर्चा₹ है और इनकी सरकार के पूर्व मुखिया आज जेल में बंद हैं और इनको उम्मीद है कि इनको सहानुभूति मिलेगी, लेकिन भ्रष्टाचार से जनित किसी नेता को इस देश ने सहानुभूति नहीं दी है।

झारखंड का झामुमो ने किया सौदा

शिबू सोरेन ने झारखंड का सौदा किया और अलग राज्य के स्थापना में लालू प्रसाद के साथ मिलकर देर किया। उन्होने कहा कि 1992 में कैश फॉर वोट वाला घूस का पैसा इनलोगों ने अपने खाता में लिया।उन्होंने कहा कि राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने तो यहां तक कह दिया था कि झारखंड मेरी लाश पर बनेगा। आज ये दोनों दल कांग्रेस के साथ सरकार चला रहे हैं। उन्होने कहा कि यदि अटल बिहारी वाजपेयी नहीं होते तो झारखंड अलग राज्य नहीं बनता।

पूर्व सीएम के प्रेस सलाहकार पिंटू बने सरकारी गवाह : आलोक

संवाददाता सम्मेलन के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू सरकारी गवाह बन गए हैं, जिससे कुछ लोग उनके जान के पीछे पड़े है। उन्होंने कहा कि दोस्त ही अब दोस्त के जान का दुश्मन बन गया है। दूसरी तरफ अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू शनिवार को झामुमो के प्रदेश कार्यालय पहुंचे थे, हालांकि इस दौरान मीडिया के लोग उनसे इस मामले में जानकारी हासिल करना चाहते थे, लेकिन वे मीडिया से बात किए बिना सीधे बिनोद पांडेय से मिलने उनके कक्ष में चले गए।जिससे उनका नहीं लिया जा सका।

इन का कुकर्म इन्हें परेशान कर रहा : उन्होंने कहा कि चोरी करेंगे, भ्रष्टाचार करेंगे करोड़ों रुपया गरीब -आदिवासियों की जेब पर डाका डालकर ये लोग लूट मचाये हुए हैं। कांग्रेस नेता के यहाँ ईडी की कार्रवाई में 350 करोड़ रुपया नकद बरामद हुआ, ये रुपया कहां से आता है? जब इस पर सवाल उठते हैं तो ये कहते हैं कि केंद्र सरकार परेशान कर रही है। कोई परेशान नहीं कर रहा है, इनलोगों का कुकर्म इन्हें परेशान कर रहा है।

पीएम मोदी अपनी आंखें बंद नहीं करेंगे

झारखंड में जो भ्रष्टाचार चल रहा है उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी आँखें बंद नही करेंगे। उन्हें कोई आलोचना की परवाह नहीं है, एक भी भ्रष्टाचारी नही बचेगा, कोई कार्रवाई नही रुकेगा। चुनाव के बाद भी कार्रवाई चलते रहेगी। जनता की कमाई का एक- एक पैसा या तो खुद लौटा दें या जाँच एजेंसी खुद वसूल कर देश के खजाना में डालेगी। और भ्रष्टाचारी की जिंदगी सलाखों के पीछे बीतेगी। प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवं प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार उपस्थित थे।

बाबूलाल के नेतृत्व में बनेगी राज्य में सरकार : उन्होंने कहा कि राज्य की जनता इस चुनाव में जवाब देगी। लोकसभा चुनाव में भी और राज्य की आने वाले विधानसभा चुनाव में भी जनता जवाब देगी। उन्होने कहा कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में झारखंड में विधानसभा चुनाव में वापस पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।

पूरे प्रदेश में भाजपा का 45वां स्थापना दिवस मनाया गया

देशसेवा व जनसेवा में सदैव समर्पित रहती है भाजपा : बाबूलाल मरांडी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भारतीय जनता पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस देश के साथ राज्य में भी पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर प्रदेश भर में भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता और नेताओं ने अपने-अपने घर एवं जिला-मंडल पार्टी कार्यालयों में भाजपा का झंडा फहराया। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा का झंडारोहण कर स्थापना दिवस मनाया। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गढ़वा के विश्रामपुर मंडल में पार्टी का झंडा फहराया। प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने चंदनकियारी स्थित अपने आवास पर भाजपा का झंडा लगाया। पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मराण्डी ने कहा कि देशसेवा एवं जनसेवा में सदैव समर्पित, एकात्म मानववाद और अंत्योदय के मंत्र पर अग्रसर रहने वाला विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी है ।प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो अपने उद्गम के उदेश्यों को, अपने संकल्पों पर ना सिर्फ.अडिग है बल्कि उन संकल्पों को सिद्ध करके भी दिखाया है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि सेवा ही समर्पण अंत्योदय व एकात्म मानववाद के ध्येय के अनुरूप चलने वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी है। प्रदेश कार्यालय में स्थापना दिवस पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर दीपक प्रकाश ने पुष्पार्पण करते हुए कहा कि राष्ट्रहित,अंत्योदय व एकात्म मानववाद के ध्येय को लेकर चलने वाली पार्टी के उन सभी महान विभूतियों को नमन, जिनकी निःस्वार्थ सेवा से भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।

न्यूज बॉक्स

पूर्व सीएम मधु कोड़ा के भाई की अग्रिम जमानत पर सुनवाई 16 को

रांची। अपर न्यायायुक्त पीके शर्मा की अदालत में शनिवार को आयकर रिटर्न नहीं भरने के एक मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के भाई राजेश कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने अभियोजन पक्ष को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 16 अप्रैल निर्धारित की है। राजेश कोड़ा की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि राजेश कोड़ा पर आयकर रिटर्न नहीं भरने का आरोप है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की शिकायत के अनुसार राजेश कोड़ा ने वर्ष 2004 से 2010 तक आयकर रिटर्न नहीं भरा है।

हाई कोर्ट ने अर्जुन मुंडा पर लगाया 1.25 लाख का जुमार्ना

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने दायर याचिका में बिना त्रुटि दूर किए मामले को सुनवाई के लिए मेंशन करने पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर 1 लाख 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। दरअसल, हाई कोर्ट अर्जुन मुंडा द्वारा 11 अप्रैल 2023 को रांची में सचिवालय मार्च के दौरान धुर्वा थाने में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान पाया कि याचिका में त्रुटि अब तक दूर नहीं की गई है। इसके बाद भी मामले को कोर्ट में सुनवाई के लिए मेंशन किया गया।कोर्ट ने याचिका में त्रुटि दूर किए बिना इस याचिका को कोर्ट के समक्ष सुनवाई के लिए मेंशन करने को गंभीरता से लेते हुए अर्जुन मुंडा पर 1 लाख 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। कोर्ट ने जुमार्ना की इस राशि को एडवोकेट क्लर्क एसोसिएशन, झारखंड हाई कोर्ट के पास जमा करने का निर्देश दिया है। हालांकि, कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए मंत्री अर्जुन मुंडा को तत्काल राहत देते हुए उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई।

हॉर्स ट्रेडिंग मामले में डीजी अनुराग गुप्ता और अजय कुमार पर नहीं चलेगा केस

रांची। राज्यसभा चुनाव-2016 में हॉर्स ट्रेडिंग मामले में रांची के जगन्नाथपुर थाने में दर्ज मामले में दायर क्लोजर रिपोर्ट पर एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की अदालत में शिकायतकर्ता गृह विभाग के अपर सचिव अविनाश चंद्र ठाकुर ने शनिवार को अपना पक्ष रखा। उन्होंने पुलिस के अनुसंधान को सही बताया। साथ ही, जगन्नाथपुर पुलिस के जरिये दायर क्लोजर रिपोर्ट पर आपत्ति नहीं जताई। इसके बाद एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया। अब मामले में तत्कालीन एडीजी अनुराग गुप्ता (वर्तमान में डीजी सीआईडी) और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के प्रेस सलाहकार अजय कुमार के खिलाफ केस नहीं चलेगा। इससे पूर्व, मामले में 27 मार्च को अदालत ने गृह विभाग के अपर सचिव अविनाश चंद्र ठाकुर को पक्ष रखने को कहा था। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 29 मार्च 2018 को जगन्नाथपुर थाने में विशेष शाखा के तत्कालीन एडीजी सह वर्तमान सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के प्रेस सलाहकार अजय कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बाद में रघुवर दास को भी अप्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया था। इन पर वर्ष 2016 के राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में कांग्रेस की विधायक निर्मला देवी को पैसे का लालच देने का आरोप लगाया था।

रेमडेसिविर दवा की कालाबाजारी मामले में दो आरोपियों की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

रांची। रेमडेसिविर दवा की कालाबाजारी मामले में मुख्य आरोपी राजीव कुमार सिंह और मनीष कुमार सिन्हा की डिस्चार्ज पिटीशन को साइबर क्राइम एंड ड्रग कॉस्मेटिक मामले के विशेष न्यायाधीश मनीष रंजन की अदालत ने शनिवार को खारिज कर दी। इससे पूर्व, अदालत ने दोनों की पिटीशन पर सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में अब दोनों आरोपियों पर आरोप गठन किया जाएगा। इसके लिए अदालत ने 23 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। राजीव कुमार सिंह ने पिछले वर्ष 19 मई को और मनीष सिन्हा ने 30 जून को मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की थी। वैश्विक महामारी कोविड-19 के काल में कालाबाजारी को लेकर कोतवाली थाने में कांड संख्या 107/21 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कोतवाली पुलिस ने राजीव सिंह को रेमडेसिविर दवा की रांची में कालाबाजारी के आरोप में एक मई 2021 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहां करीब छह महीने सजा काटने के बाद हाई कोर्ट से दोनों को जमानत मिली थी।

बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता घर से कर सकते हैं मतदान, आयोग करेगा टीम का गठन

रांची। 85 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति डाक मतपत्र का ऑप्शन चुन सकते हैं और अपना वोट घर से ही डाल सकते हैं। साथ ही, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग नागरिक भी घर से वोट डालने के लिए डाक मतपत्र का विकल्प चुन सकते हैं। चुनाव आयोग ने दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक को यह सुविधा प्रदान की है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि इसके लिए एक फॉर्म भरना होगा। यह फॉर्म चुनाव आयोग (ईसीआई) की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। घर से मतदान का विकल्प चुनने वाले दिव्यांग मतदाताओं के पास दिव्यांगता प्रमाण पत्र होना चाहिए। 85 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ मतदाताओं और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को बीएलओ के पास मौजूद फॉर्म 12डी भरकर देना होगा या फिर इस फॉर्म को निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में स्थित मतपत्र कोषांग से भी प्राप्त किया जा सकता है। फॉर्म को भरकर अपने बीएलओके पास जमा करा दें। फार्म में वोटर कार्ड में दर्ज एपिक नंबर जरूर भर दें। दिव्यांग नागरिक अपने फार्म के साथ 40 प्रतिशत से अधिक का दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी संलग्न करें। इसे बीएलओ के पास जमा करें या सीधे निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) मुख्य मतदान के दिन से पहले घरेलू मतदान के लिए दिन तय करते हैं। मतदाताओं को घर पर ही डाक मतपत्र उपलब्ध कराया जाएगा। वे इस पर अपनी पसंद के उम्मीदवार को चिह्नित करेंगे।

एक नजर

डाक्टर पोखन नारायण कुशवाहा का आकस्मिक निधन, शोक की लहर

हजारीबाग। झारखंड पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा तिलैया (झुमरा) निवासी के पिता सेवानिवृत्त डाक्टर (मलेरिया विभाग) पोखन नारायण कुशवाहा 84 वर्ष का शनिवार रात्रि 1:00 बजे आकस्मिक निधन हो गया है। इस दुःख की घड़ी में परिजनों और ग्रामीणों का पार्थिव शव के अंतिम दर्शन के लिए राजकुमार कुशवाहा के पैतृक आवास तिलैया पर हजारों की तादाद में लोग पहुंचे और शोकाकुल परिवार को शोक संवेदना व्यक्त किया। वहीं दूसरी ओर झारखंड पार्टी हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा के पिता का भी निधन निधान हो हो गया। जिसकी खबर सुनकर लोगों में शोक की लहर दौड़ गयी। इस मौके पर कई जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी भी शोकाकुल परिवार से मिले और शोक संवेदना व्यक्त किया। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान देने और उनके शोक संतप्त परिवार को ईश्वर इस दुखद क्षण को सहने की शक्ति दे इसकी कामना की। शनिवार को दिन के 11 बजे तिलैया मुक्ति धाम में दाह संस्कार किया गया।

अब तक बरही विस में 3,30,201 मतदाता हैं नामांकित

बरही। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही विधानसभा - 21 क्षेत्र में अब तक कुल तीन लाख तीस हजार दो सौ एक मतदाता नामांकित हो चुके है. अनुमंडल कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक के पंजीकृत मतदाताओं में एक लाख सत्तर हजार तैंतालिस पुरुष और एक लाख साठ हजार दो सौ अंठावन महिला शामिल है. 27 अक्तूबर 2023 से चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बरही विधानसभा - 21 क्षेत्र में कुल 15,245 नए मतदाता जुड़े है. वही मृत, अनुपस्थित या स्थानांतरित होने के कारण कुल 3,821 मतदाताओं को नाम मतदाता सूची से विलोपित किए गए है.

जलाशयों के सूखने से जंगली जानवरों के भी सूखे हलक

रामगढ़। रामगढ़ जिले में मौजूद अधिकांश जलाशयों के सूखने से इस भीषण गर्मी में जंगली जानवरों के भी हलक सूख रहे हैं। पानी की कमी से इंसानों सहित जीव-जंतु भी परेशान हो जाते हैं। गर्मी बढ़ने के साथ-साथ सभी जलाशयों मे पानी कम हो रहा है। जिले में कुछ बड़े जलाशयों को छोड़ दिया जाए तो गर्मी में ज्यादातर तालाब, चुआं व छोटे-मोटे नाले सूख जाते हैं। जबकि यही जलाशय जीव-जंतुओं व पशुओं के लिए पीने के पानी का स्रोत होते हैं। कई बार गर्मी में घने जंगलों में पानी की कमी के कारण ही जंगली जानवर पानी की तलाश में रिहायशी इलाकों तक पहुंच जाते हैं।

शिक्षक राजेंद्र कुमार व मैट्रिक छात्रों को दी गई विदाई

शिक्षक राजेंद्र प्रसाद के बेहतर कार्यों का विद्यालय परिवार सदैव ऋणी रहेगा : विधायक

♦राजेंद्र प्रसाद का योगदान विद्यालय में अतुलनीय रहा है जो हमेशा उन्हें याद रखा जायेगा

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरकट्ठा में शनिवार को विद्यालय के सेवानिवृत शिक्षक राजेंद्र कुमार जो 31 मार्च को ही सेवानिवृत्त हो चुके थे। जो शनिवार को उन्हें विद्यालय परिवार एवं छात्राओं ने नाम आंखों से उन्हें विदाई दी। ज्ञात हो कि श्री प्रसाद विगत 30 वर्षों से विद्यालय में अवैतनिक रूप से सेवा दे रहे थे। हालांकि 2017 से 2019 तक उन्हें सरकार द्वारा वेतन प्राप्त हुआ। तत्पश्चात वेतन संबंधित मामला न्यायालय में जारी है। इस अवसर पर विदाई समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि गणित के विशेषज्ञ रहे शिक्षक राजेंद्र प्रसाद के बेहतर कार्यों का विद्यालय परिवार सदैव ऋणी रहेगा। मैं इनके शेष जीवन के लिए भगवान से मंगल कामना करता हूं । मौके पर छात्राओं की आंखें नम हो गई तथा सेवानिवृत शिक्षक को भावपूर्ण उपहार भेंट किया। वहीं प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार एवं अन्य शिक्षकों ने राजेंद्र प्रसाद को साल, वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर उनका सम्मान करते हुए कहा कि राजेंद्र प्रसाद का योगदान विद्यालय में अतुलनीय रहा है। हम शिक्षकों को उनकी कमी सदैव खलेगी। वहीं मैट्रिक के विद्यार्थियों को भी शिक्षकों ने विदाई देते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की। मौके पर विद्यालय के शिक्षक विपिन कुमार मौर्या, आरिफ खान, शिक्षिका कीर्ति सीखा, ज्योति श्री, प्रबंधन समिति के शिक्षक नरेश प्रसाद चौधरी, रविंदर प्रसाद वर्नवाल, शशिकांत कुमार वर्नवाल, बहादुर चौधरी , शिक्षकेत्तर कमी चितरंजन प्रसाद यादव ,बैजनाथ प्रसाद समेत सभी

जबरन भगा ले जाने को लेकर पीड़िता थाना में कराई शिकायत दर्ज

बरकट्ठा। थाना क्षेत्र के सलैया गांव में एक विवाहिता का यौन शौषण और जबरन भगा ले जाने का मामला सामने आया है। इस बाबत पीड़िता ने बरकट्ठा थाना में लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में लिखा कि 04 अप्रैल के दोपहर को सलैया निवासी बिजय शंकर, पिता बटेश्वर प्रसाद ने मुझे गांव के बाहर आकर मिलने बोला, नहीं आने पर जबरन उठा ले जाने की बात कही। जब मैं वहां पहूंची तो वह जबरन मोटरसाइकिल पर बैठा कर हाई स्कूल बरकट्ठा के पास ले गया। जहां पर सलैया निवासी राहुल प्रसाद एवं सुभाष प्रसाद दोनों पिता रूपनारायण प्रसाद मिले। सुभाष प्रसाद पिछले दो माह से डरा धमकाकर मेरा यौन शौषण कर रहा था। इन दोनों भाई ने मुझे जबरन कोडरमा स्टेशन ले गए और मुम्बई भगा ले जाने की बात कहने लगे। कोडरमा रेलवे स्टेशन पहूंचने पर सुभाष के पिता रूपनारायण प्रसाद पहुंचे और उन लोगों से छुड़ाया। मैं घर आकर सारी आपबीती सास को सुनाई।

थाना में रामनवमी व ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

हुड़दंगियों पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर : थाना प्रभारी

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा गोरहर थाना परिसर में शनिवार को राम नवमी व ईद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता बीडीओ रोशमा डुंगडुंग व संचालन कुंजलाल महतो ने किया। वहीं सर्व प्रथम विभिन्न अखाड़ों से उपस्थित लाइसेंस धारियों की उपस्थिति देखी गई तथा पंचायत वार अखाड़े के लाइसेंस धारियों ने अपनी अपनी बातों को रखा।वहीं उपस्थित हिन्दु व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने तथा एक दुसरे को सहयोग करने की बात कही। थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने कहा की पर्व के दौरान हुड़दंगियों पर शासन की पैनी नजर रहेगी इंटरनेट,मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करेंगे व अफवाह पर ध्यान नहीं देंगे। किसी तरह का अफवाह या असामाजिक तत्व की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। पर्व के दौरान शराब का सेवन नहीं करेंगे तथा गाइडलाइन के अनुसार शोभा यात्रा हेतु मार्ग में परिवर्तन नहीं होगा। डीजे पर पूर्ण पाबंदी रहेगी।धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाले गाना नहीं बजाएंगे। कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में ना ले अन्यथा उनके ऊपर कानुनी कार्रवाई की जाएगी।

हजारीबाग लोक क्षेत्र से दो विधायक आमने-सामने

पार्टियां बदलकर अपना वर्चस्व बनाने में जुटे हैं तीनों उम्मीदवार

♦जेबीकेएसए के युवा उम्मीदवार को स्थानीयता के मुद्दे पर क्षेत्र में लगातार समर्थन मिला रहा है.

नवीन मेल संवाददाता। बरही लोकसभा चुनाव के दिन नजदीक आते ही राजनीति पारा चढ़ने लगा है. वर्तमान समय में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से अब तक तीन राजनीतिक पार्टियों ने अपना पत्ता खोल रखा है. इनमें भाजपा ने झाविमो के विलय होने के बाद भाजपा से जीत हासिल करने वाले सदर विधायक मनीष जायसवाल, कांग्रेस ने भाजपा से नाता तोड़ चुके विधायक जयप्रकाश भाई पटेल और जेबीकेएसए ने आम आदमी पार्टी से नाता तोड़कर जेबीकेएसएस से जुड़ने वाले संजय मेहता को अपना उम्मीदवार बनाया है. तीनों उम्मीदवार गर्मी की बढ़ती तपिश के बीच जनता के बीच पहुंचकर समर्थन मांग रहे है. हर उम्मीदवार जो अपनी पार्टी छोड़कर दूसरे आये हैं वह अपना पार्टी में वर्चस्व बनाने में जुटे हुए हैं। अब यह मालूम नहीं किसको कितनी अहमियत सकती है यह वक्त ही बतायेगा। जेबीकेएसए के युवा उम्मीदवार को स्थानीयता के मुद्दे पर क्षेत्र में लगातार समर्थन मिला रहा है. उनके पक्ष में भुवनेश्वर यादव सहित कई लोग चुनावी समर में कूद पड़े हैं. पूर्ण विश्वास है कि हजारीबाग संसदीय क्षेत्र की जनता इस चुनाव में झारखंडी का समर्थन कर बाहरी को धूल चटाएगी. भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित भाजपा के कई दिग्गज कमर कस चुके है. पीएम मोदी के विकास और जनहित व देशहित के मुद्दे चुनावी रथ को जीत दिलाएगा. मतदाता मनीष को नही पीएम मोदी को देख रहे है, जीत पक्की है. वही इंडीया गठबंधन के उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल के समर्थको के भी अपने पक्ष हैं. इनके पक्ष में पूर्व विदेश व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, रामगढ़ के पूर्व विधायक ममता देवी सहित राजद, झामुमो, माले आदि पार्टियों के साथ अल्पसंख्यों का एक बड़े भाग का कुनबा इनके साथ है.

महागठबंधन की होगी करारी हार

रिकॉर्ड मतों के अंतर से जीतेंगे मनीष जायसवाल : विवेकानंद सिंह

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने शुक्रवार देर शाम एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष बनने के बाद उनकी प्राथमिकता संगठन को मजबूत बनाना है जिसके लिए भाजपा के पुराने एवं निष्ठावान कार्यकताओं के अनुभव का लाभ हमें लेना है। कहा कि हजारीबाग लोकसभा भारतीय जनता पार्टी की परम्परागत सीट रही है,हम रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे।जनता जनार्दन मनीष को सांसद एवं नरेंद्र मोदी को देश का पुनःप्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है। प्रेस वार्ता में भाजपा के जिला महामंत्री सुमन कुमार जिला उपाध्यक्ष सुनील मेहता, राजेश गुप्ता, टोनी जैन, जयनारायण प्रसाद, रौशन कुमार, विनोद झुनझुनवाला, विजय वर्मा, नंदन कुमार नंदू, अरविन्द कुमार सिकरवार, अरविन्द कुमार सिन्हा सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

महुआ शराब के विरुद्ध चला गया छापेमारी अभियान

बंद करें अवैध धंधा, नहीं तो जेल जाने को रहें तैयार : इंस्पेक्टर

नवीन मेल संवाददाता। बरही रामनवमी महापर्व और लोकसभा चुनाव को देखते हुए बरही पुलिस ने उपायुक्त हजारीबाग व पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरियाकरमा के विभिन्न गांवों में अवैध महुआ शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध देसी शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर निर्मित जावा को बहा दिया गया और शराब निर्माण के लिए प्रयोग में लाए जा रहे महुआ सहित महुआ निर्माण के लिए प्रयोग किए जा रहे भट्ठी को नष्ट कर दिया गया। कार्रवाई बरही इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार के नेतृत्व में हुई। अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक सुशील कुमार समेत पुलिस बल के जवानों ने कार्रवाई की। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद अवैध दारू भट्ठी के संचालकों में हड़कंप मच गया है। पुलिस को देखकर तस्कर भाग खड़े हुए। पुलिस के इस कार्रवाई से ग्रामीण और महिलाएं काफी खुश हैं। इस दौरान पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि उक्त छापेमारी अभियान लगातार चलाई जा रही है, अवैध कार्य करने वाले अपना धंधा बंद करे. पकड़े जाने पर विधिसम्मत कारवाई के साथ जेल भी जाना पड़ेगा. वाऐसे अवैध कार्यों में लिप्त लोगो की खैर नहीं है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील किया है कि अवैध कार्यों की सूचना पुलिस को दे, उनकी सूचना को गुप्त रखते हुए कार्रवाई की जाएगी।

चुनाव पर्व **चुनाव के लेकर उपायुक्त ने बीएलओ के साथ की बैठक**

शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने में बीएलओ की भूमिका अहम

मतदाताओं को चुनाव प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी पदाधिकारियों को दिया दिशा-निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। रामगढ़ जिले में सफलता पूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने के लिए शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन में रामगढ़, गोला, दुलमी एवं चितरपुर पतरातू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा सर्बाधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन तथा इस दौरान शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने में आप सभी की भूमिका बेहद अहम है जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले सभी मतदान केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कर मतदान की तिथि के दिन सभी तरह की आवश्यक मूलभूत सुविधाएं केंद्र पर सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने उनके उनके क्षेत्र में आयोजित किए जा रहे हैं मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में भी सभी को हिस्सा लेकर ज्यादा से ज्यादा आम जनों को कार्यक्रमों से जोड़ने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स को मतदान के दिन उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों, बुजुर्ग, दिव्यांग सहित अन्य मतदाताओं का मतदान आसानी पूर्वक मतदान केंद्र पर सुनिश्चित कराने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों, बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स को उनके उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गयी एवं उनकी दुविधाओं को दूर किया गया।

युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के प्रयास से लगवाया गया ट्रांसफार्मर

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदग प्रखंड के बेदी हरिजन टोला में पिछले एक महीना से ग्रामवासी अंधेरे से परेशान थे वहां का ट्रांसफार्मर खराब पड़ा था। जब इस बात की जानकारी शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा को मिली को उन्होंने महज 48 घंटे के अंदर में गांव के लोगों को अंधेरा से दूर किया और नया ट्रांसफार्मर लगवा कर उनके चेहरे पर खुशी लाने का प्रयास किया। हर्ष अजमेरा के सहयोगी जब ट्रांसफरमर लेकर गांव पहुंचे तो गांव वासियों में एक अलग खुशी देखने को मिली बच्चे गाड़ी के आगे दौड़ते नजर आए। जैन दुबे ने हर्ष अजमेरा का साधुवाद करते हुए कहा कि जो काम पिछले एक महीना से नहीं हुआ था, हर्ष के द्वारा 48 घंटे में उसे कर दिया गया आज हम सभी के घर में बिजली आ गई है बच्चे सुचारू रूप से अपना शिक्षा दीक्षा संपन्न कर सकेंगे। साथ ही कहा की पिछले 28 दिनों से किसी ने भी हमारे गांव की और देखा तक नहीं,आखिरी हमारे लिए वरदान साबित हुए हमारे भैया हर्ष भैया हम गांव वासी उनका हृदय से आभार प्रकट करते हैं। हर्ष अजमेरा ने गांव वासियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जनता जनार्दन की सेवा ही हमारी सबसे बड़ी सेवा है।

न्यूज बॉक्स

लोकतंत्र का महासमर में टीवी कलाकारों ने की शत-प्रतिशत मतदान की अपील

हजारीबाग। लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व चुनाव पर सब करो मिल कर वोट क्योंकि अगले पांच वर्ष तक नहीं मिलेगा डालने फिर से वोट, तो भैया मारो वोट सब मिलकर मारो वोट। भारतीय निर्वाचन आयोग के साथ राज्य एवं जिला निर्वाचन सह जिला प्रशासन , हजारीबाग के पहल पर आम जनता को विभिन्न प्रकार से मतदान देने के लिए जागरूक करने के साथ हजारीबाग के जनता एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से भी विभिन्न प्रकार से लोगों को जागरूक करने का अपील किया जा रहा है। इसी क्रम में एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा हैं जिसमें हजारीबाग की सामाजिक सह सांस्कृतिक संस्था तरंग ग्रुप के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता के विशेष आग्रह पर पैनोरमा प्रोडक्शन हाउस द्वारा निर्मित एवं दंगल चैनल पर प्रसारित होने वाले मशहूर टीवी सीरियल ₹मनसुंदर₹ के सभी कलाकारो द्वारा बनाया गया वीडियो संदेश है । जिसमें सभी कलाकारों ने एक साथ इस चुनाव में हजारीबाग के लोगों से वोट के प्रतिशत को 80% से बढ़ाने का अपील किया है।

तपती धूप में 28 गांवों में मनीष ने चलाया जनसंपर्क अभियान, मांगा समर्थन

हजारीबाग। शनिवार को सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बरही विधानसभा क्षेत्र के पदमा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुल 8 पंचायतों के 28 गांवों में पहुंचकर तुफानी जनसंपर्क और जनसंवाद कार्यक्रम चलाया और भाजपा के पक्ष में आगामी 20 मई को कमल निशान पर वोट करने का आग्रह किया। भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने प्रखंड क्षेत्र के सुरजपुरा, सूजी, तिलीर, करमा, बिहारी, बुंडू, सोनपुरा, महकोल, चंपाडीह, रोमी, लाटी, पदमा बाजार, सरैया चट्टी, सिमर, कुरहा, नचनवे, भंडरा, पिंडारकोन, करर, गोतिया, बरदेवा, केवला, गरवा, बंदरबेला, दोनई, मंगरमुंह और अडार गांव में लोगों से मिलकर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने आशीर्वाद मांगा। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही विधानसभा अंतर्गत विभिन्न गांव के तूफानी दौरे के क्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में राष्ट्रवाद और विकास के नाम पर भाजपा को वोट करें। मनीष जायसवाल कांग्रेस के 62 साल के शासनकाल की तुलना में भाजपा सरकार के करीब 15 साल के शासनकाल को भारी बताते हुए मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उसके लाभ को विस्तार से लोगों को बताते हुए कहा की मोदी सरकार में न सिर्फ देश आगे बढ़ा बल्कि देश के गरीब तबके के लोगों का भी विकास और उत्थान हुआ। मनीष जायसवाल ने कहा की पदमा प्रखंड क्षेत्र कृषि बाहुल्य क्षेत्र है और सिंचाई की समस्या इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या है।

भाजपाइयों ने मनाया स्थापना दिवस

टाटीझरिया (हजारीबाग)। भारतीय जनता पार्टी टाटीझरिया मंडल कमिटी ने शनिवार को पार्टी कार्यालय में स्थापना दिवस मनाया गया। मंडल अध्यक्ष कैलासपति सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम किया गया। जिसमें कार्यकताओं ने बारी बारी से डा श्याम प्रसाद मुखर्जी और पंडित दिन दयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। मौके पर एमके पाठक, महामंत्री सह प्रमुख संतोष मंडल , महामंत्री उपेंद्र पांडेय,राजू यादव,महेश अग्रवाल ने भाजपा के इतिहास पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इन्होंने अपने संबोधन के दौरान कहा कि भारतीय जनसंघ ,जनता पार्टी और फिर भाजपा के पूर्वजों के मेहनत का परिणाम है कि वर्तमान समय में हम उनके बोए फसल को काट रहें हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के क्रिया -कलापों ,इनके द्वारा विकास के कार्यों के बदौलत भाजपा आज शिखर पर है। देश और दुनिया में मोदी जी का डंका बज रहा है। विदेशों में भी हमारा मान -सम्मान बढ़ा है। उसे हमलोग और भी आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम में राजेश यादव, अनिल प्रसाद, परमेश्वर प्रसाद यादव, हिरामन यादव, प्रदीप सिंह, महेंद्र कुमार, बजरंगी साव, सुरेंद्र प्रसाद, अधिरचंद्र तिवारी समेत अन्य उपस्थित थे।

खतियानी परिवार की बैठक में बोले मो हकीम, दलबदलु प्रत्याशियों से सावधान रहने की जरूरत

हजारीबाग। खतियाननी परिवार की एक बैठक धरना स्थल के समीप मो हकीम की अध्यक्षता मे हुई। बैठक मे चिंता जताई गई की राजनीतिक पाटीर्या जनता को मूर्ख बना रही हैं।विधायक पद पर रहते हुए लोकसभा चुनाव लडने की घोषणा हो जाती है।लोकसभा चुनाव लडने से पहले उम्मीद्वारो को दुसरे के लिए विधायक पद छोड़ा जाना चाहिए।बैठक में जन प्रतिनिधियों से उन्हे अपने कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच रखने की मांग भी की गई। बैठक मे सईद अहमद,बाबु भाई विद्रोही,नन्द किशोर ठाकुर,महेश विश्व कर्मा,हनजला हाश्मी,सुरेश महतो,मो नसरूद्दीन,मो तनवीर,अनवर हुसैन,सुबोध भगत,मो साबिर,बिनोद कुमार मेहता समेत अन्य साथी उपस्थित थे।

हांफती गर्मी में नगरपरिषद के 5 कर्मी बुझा रहे 32 वार्डों की प्यास

रामगढ़। जिले में तापमान का पारा बढ़ता जा रहा है, गर्मी भी बढ़ते जा रही है। गर्मी इस कदर बढ़ गई है कि जानवर तो जानवर मनुष्य भी हांफने लगे हैं। वहीं कुआं और तालाब से लेकर बोरिंग का पानी भी पाताल पहुंच गया है। यही हाल जिले के नगर परिषद का भी है। यहां हर दिन 32 वार्डों में किसी न किसी वार्ड में पेयजल को लेकर विभाग को शिकायतें प्राप्त होते रहती है। वहीं अधिक से अधिक प्राप्त शिकायतों का निष्पादन नगर परिषद के कर्मी कर रहे हैं। कार्य निष्पादन के लिए नगरपरिषद कर्मी अब रोस्टर तैयार कर क्रमवार सभी वार्डों में घूम-घूम कर खराब पड़े चापानलों को दुरुस्त करने में दिनभर लगे रहते हैं। इसी दौरान शुक्रवार को भी नगर परिषद ने वार्ड 32 में खराब पड़े 4 चापानल और एक चापानल हेसला के जामुन टांड़ में दुरुस्त किया।

एक नजर

एसडीओ ने मतदान को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

बरही । अनुमंडल प्रशासन द्वारा शहरी क्षेत्रों के साथ सुदूरवर्ती क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बरही एसडीओ जोहन टुडू बरही के सबसे सुदूरवर्ती क्षेत्र रानीचुंवा पंचायत के धोबघट समेत आदिवासी बहुल गांव पहुंचे और परिवार के सभी सदस्यों से मतदान दिवस के दिन बूथों पर जाकर अपने अधिकार का प्रयोग करने की अपील की। वहीं एसडीओ जोहन टुडू ने धोबघट गांव में परिवार के सभी मतदाताओं को मतदान के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें मतदान की शपथ भी दिलाई। इस दौरान एसडीओ जोहन टुडू ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य महिला सहित सभी वर्ग के मतदाताओं को जागरूक करना है ताकी वे मतदान कर सकें।

भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में देश की प्रतिष्ठा बढ़ी हैः राजेश

रामगढ़। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शनिवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 6 अप्रैल 1980 को विश्व के सबसे बड़े राष्ट्रवादी संगठन भारतीय जनता पार्टी का नई दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता सम्मेलन में गठन किया गया था। जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेई बनाए गए थे। अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतरराष्ट्रीय ,राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नया आयाम दिया। राजेश ने कहा कि भाजपा का इतिहास भारतीय जनसंघ से जुड़ा हुआ है । स्वतंत्रता प्राप्ति तथा देश विभाजन के साथ ही देश में एक नई राजनीतिक परिस्थिति उत्पन्न हुई । कहा कि भारतीय राजनीति में लगभग 3 दशकों के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने बहुमत प्राप्त किया। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति है सभी को साथ लेकर चलने की।

रामनवमी व ईद शांति पूर्वक मनाने को लेकर थाना परिसर में हुई बैठक

रामगढ़। आगामी रामनवमी एवं ईद त्योहार को लेकर 6 अप्रैल को रामगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, जन प्रतिनिध, सभी समुदाय के गणमान्य लोग शामिल हुए। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार ने कहा की रामनवमी एवं ईद का पर्व लोग भाईचारे के माहौल में मनाएं। उन्होंने कहा इन त्योहारों के दौरान कोई भी तनाव उत्पन्न करने की कोशिश नही करे। उन्होंने कहा की त्योहार मिल जुलकर भाईचारे के माहौल में मनाने से खुशी और उत्साह दुगुनी हो जाती है। शांति समिति की बैठक में अंचल अधिकारी सतेंद्र पासवान, प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, रामगढ़ महिला थाना प्रभारी श्वेता कुमारी, सुनील मालाकार आदि शामिल हुए।

आमजन की सुविधा के लिए बने शौचालय में जड़ा है ताला

लाखों खर्च करने के बाद भी लोगों को नहीं मिल रहा है कोई लाभ

नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा प्रखंड सह अंचल कार्यालय आने वाले आम जनों को शुद्ध पेयजल और शौच के लिए इधर उधर भटकना न पड़े इस उदेश्य से प्रखंड परिसर में लाखों रुपए खर्च कर लोगों के लिए बनाए गए शुद्ध पेयजल यूनिट एवं और महिला और पुरुष के लिए बने अलग अलग शौचालय का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है। जलडेगा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में बनने के बाद से बेकार पड़े शुद्ध पेयजल यूनिट और सामुदायिक शौचालय में जड़ा ताला उनके दावे पर सवाल खड़ा कर रहा है। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में दो लाख 46 हजार 500 रुपए का सामुदायिक शौचालय व दो लाख 49 हजार 400 रुपए का शुद्ध पेयजल यूनिट का निर्माण कराया गया है। इसका मकसद था कि शौचालय और प्याऊ बनेंगे तो प्रतिदिन प्रखंड और अंचल कार्य के लिए आने दूर दराज के ग्रामीण इनका उपयोग कर सकेंगे। इसके लिए कुल 4 लाख 95 हजार 900 रुपए भारी भरकम धनराशि खर्च कर शौचालय और शुद्ध पेयजल यूनिट का निर्माण कराया गया है।

शुद्ध पेयजल यूनिट के नाम पर लूट

प्रखंड मुख्यालय आने वाले ग्रामीणों को पेयजल की दिक्कत न हो इसके लिए पंचायत समिति के फंड से 15 वें वित्त आयोग की राशि खर्च कर वर्ष 2020- 2021 में दो लाख 49 हजार 400 रुपए का शुद्ध पेयजल यूनिट निर्माण कराया गया है। इसके तहत एक सेंटेक्स, 5 नल और एक छोटा सा शेड बनाकर छोड़ दिया गया है।

शौचालय में महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई थी। लेकिन, जिम्मेदारों की उपेक्षा से शौचालय का उपयोग सार्थक नहीं हो रहा। सामुदायिक शौचालय में ताले शोभा बढ़ा रहे हैं। जब से शौचालय बना है उसमे एक दिन भी जरूरतमंद को जाने का मौका नहीं मिला।

जलवायु परिवर्तन से प्रभावित हो रहा हमारा स्वास्थ्य : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग जलवायु परिवर्तन से हमारा स्वास्थ्य तेजी से प्रभावित हो रहा है। कार्बन उत्सर्जन से ग्लोबल वार्मिंग का खतरा बढ़ रहा है। इसका परिणाम जलवायु परिवर्तन के रूप में दिखायी दे रहा है। दुनिया के लोग इस पर चिंतित हैं और हर हाल में इसके खतरे को कम करने के उपाय सोच रहे हैं। ये बातें कुरडेग के प्रखंड विकास पदाधिकारी गौरीशंकर शर्मा ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सिमडेगा जिले के कुरडेग प्रखंड कार्यालय सभागार में ट्रान्स्फोर्मिंग रुरल इंडिया फाउंडेशन स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त पहल पर 6 अप्रैल को आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि पानी और अन्य प्राकृतिक संसाधनों का दोहन रोकना होगा। भूजल का स्तर लगातार नीचे जा रहा है। उन्होंने महाराष्ट्र, राजस्थान और अन्य राज्यों द्वारा जल संरक्षण पर किये जा रहे प्रयासों पर चर्चा करते हुए कहा कि डोभा बनाकर जलसंरक्षण करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि परिवार में मां-बच्चे का स्वास्थ्य महत्वपूर्ण है। कम उम्र में विवाह और बच्चों की देखभाल का अभाव से स्वास्थ्य प्रभावित होता है।

न्यूज बॉक्स

बानो थाना क्षेत्र में एंटी क्राइम चेकिंग को लेकर चलाया गया वाहन जांच अभियान

बानो। बानो थाना क्षेत्र के अंतर्गत बानो थाना मोड़ के समीप एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया ।एंटी क्राइम चेकिंग थाना प्रभारी विकास कुमार के निदेर्शानुसार एसआई सत्यनारायण सिंह की नेतृत्व में सभी दोपहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन को रोककर जांच किया गया। जांच के क्रम में उन्होंने सभी चार पहिया वाहन की डिक्की एवं स्कूटी के डिक्की को खोलकर वाहनों की जांच की गई साथ ही सभी पहिया वाहनों की जांच में पैसा, शराब, एवं गैर आपत्तिजनक वस्तु की जांच की गई एवं बिना हेलमेट बिना लाइसेंस, बिना इंश्योरेंस चालक का भी जांच किया गया चेकिंग में एक चालान भी काटा गया। मौके पर एसआई सत्यनारायण सिंह एवं थाना बल मौजूद रहें।

सरहुल , ईद व रामनवमी त्योहारों को लेकर कुरडेग थाना में हुई शांति समिति की बैठक

कुरडेग। आगामी त्योहार ईद , सरहुल , एवं रामनवमी का पर्व प्रेम व भाई चारे के साथ मनाया जाए इसे लेकर कुरडेग थाना परिषर में शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई ।बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी विनायक कुमार पाण्डेय एवं सीओ किरण डांग ने संयुक्त रूप से की। बैठक में आगामी आने वाले त्योहार ईद , सरहुल एवं रामनवमी शांति पुर्वक सम्पन्न हो इसे लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई । बैठक में बीडीओ ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कुरडेग में सभी त्योहार पुरी शांति एवं सदभाव के साथ सभी समुदाय के लोग आपस में मिलजुल मनाते आए हैं। इसके लिए कुरडेग के लोग बधाई के पात्र हैं ,उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था के साथ पुलिस जनता का सहयोग आवश्यक है जो कुरडेग थाना क्षेत्र के लोग करते आए हैं आशा है, आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा ।जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा ने कहा कि अभी रमजान का पवित्र महिना चल रहा है, इस माह में मुस्लिम भाई रोजा रखते हैं उन्होने शांति समिति की बैठक में जुटे हुए लोगों से शांति एवं सौहार्दपूर्वक ईद मनाने और रामनवमी त्योहार में शांतिपूर्वक जुलूस निकालने की अपील की। जामा मस्जिद अंजुमन के सदर मो० सब्बानी ने बताया कि ईद की नमाज स्थानिय मस्जिद में 8 :30 बजे अदा की जाएगी ।वहीं रामनवमी कमीटी कुरडेग ने बताया कि कुरडेग में खिण्डा , प्रकाला , लवडेरा , घाघमुण्डा गॉव से लोग रामनवमी झण्डा लेकर उमा माहेश्वरी मंदिर कुरडेग तक आएंगे ,जहाँ जहाँ शस्त्र चालन का प्रतियोगिता होगा कार्यक्रम की समाप्ती शाम 7 :00 तक हो जाएगा।

सिमडेगा व कोलेबिरा विधानसभा स्तरीय भाजपा कार्यालय में बैठक का हुआ आयोजन

सिमडेगा। सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा स्तरीय भारतीय जनता पार्टी की शनिवार को बैठक जिला कार्यालय एवं कोलेबिरा में हुई ।बैठक में दोनो विधानसभा के संयोजक सह संयोजक लोकसभा सहसंयोजक कोर कमिटी प्रबंधन समिति संचालन समिति एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे ।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर ने कहा की लोकसभा चुनाव में सभी कार्यकर्ता कमर कस कर तैयार हो जाएं। हर घर तक दस्तक दे कर लाभार्थी जनसंपर्क अभियान चलाएं आपसी गिले शिकवे भुला कर कार्यकर्ता एक दूसरे का सहयोग कर चुनाव की तैयारी में जुट जाएं।मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कार्यकताओं को भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस की शुभकामना दी।मौके पर सिमडेगा विधानसभा प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने भी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए चुनावी तैयारी में जुट जाने का आवाहन किया।मौके पर लोकसभा सहसंयोजक ओमप्रकाश साहू, सिमडेगा विधानसभा संयोजक विमला प्रधान ,सह संयोजक सुशील श्रीवास्तव, अमरनाथ बामलिया ,श्रद्धानंद बेसरा, दिपक पूरी, सहित सभी कोर कमेटी के सदस्य सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष मंडल के मोर्चा अध्यक्ष मौजूद थे।

दिव्यांग मतदाताओं को लेकर स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी ने की बैठक

दिव्यांग मतदातओं को होम वोटिंग सुविधा दी जायेगी

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा मतदान जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले के दिव्यांग मतदाताओं के बीच मतदान से संबंधित आवश्यक जानकारियां साझा करने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। जिला स्वीप कार्यक्रम प्रभारी आशा मैक्सिमा लकड़ा के द्वारा विकलांग सेवा आश्रम सिमडेगा के साथ बैठक कर सभी दिव्यांगजनों जिनका वोटर आईडी अब तक नहीं बन पाया है के संबंध में जानकारी देते हुए फॉर्म-6 भरने के लिए संस्थान के लोगों को जानकारी दी गई, साथ ही मतदान में दिव्यांग जनों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में चर्चा की गई. सभी दिव्यांग जनों को संगठन के माध्यम से मतदान के दिन आवश्यक रूप से बढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए आह्वान किया गया। दिव्यांग मतदातओं को होम वोटिंग और अन्य तरह की भी सुविधा इस बार चुनाव में उपलब्ध कराई जा रही है इस संबंध में भी जानकारी दी तथा जिला प्रशासन, सिमडेगा के द्वारा हर संभव सहायता मतदान के दिन दिए जाने की प्रतिबद्धता को संगठन के माध्यम से दिव्यांग जनों तक पहुंचाने का कार्य किया गया। इसके अलावा उन्होंने ने जिला समाज कल्याण शाखा, सिमडेगा में दिव्यांग सेवा आश्रम के सचिव के साथ स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी एवं डिस्ट्रीक्ट आईकॉन सिमडेगा द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 में दिव्यांगजनों को सुगम मतदान कराने हेतु उपलब्ध कराए जाने वाले सुविधा एवं चुनाव प्रक्रिया हेतु विमर्श किया गया। साथ ही दिनांक 15.04.2024 को दिव्यांग सेवा आश्रम सिमडेगा में स्वीप कार्यक्रम निर्धारित की गई है।

महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर

बरकट्ठा। प्रखंड के ग्राम कोनहारा कला में श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर है। इस बाबत यज्ञ समिति के अध्यक्ष ईश्वर यादव ने बताया कि नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर तैयारियां जोर-शोर से की जा जारी है। लाइट ,टेंट, सजावट आदि कार्य किया जा रहा है। 9 अप्रैल को सुबह सात बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही संध्या सात बजे से बाल विदुषी प्रभु प्रिया नारायणी के द्वारा प्रवचन और रात्रि दस बजे से अंतरराष्ट्रीय रासलीला का आयोजन किया जाएगा। वहीं यज्ञाचार्य गंगाधर शास्त्री वाराणसी और यज्ञाधिष बिरेन्द्र शास्त्री के द्वारा यज्ञ का समापन कराया जाएगा। श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए नौका और रसियन झूला, जंपिंग आदि मेला समिति के द्वारा लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यज्ञ को शांति पूर्ण संपन्न कराने के लिए सौ सदस्यों का सात अलग-अलग समिति बनाई गई है। ताकि यज्ञ शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

पुलिस ने चोरी के दो मामलों का किया खुलासा

रामगढ़। मांडू थाना क्षेत्र में हुई चोरी के दो अलग अलग मामलों का खुलासा करने में पुलिस को सफलता मिली है। मामले की जांच में तीन चोर गिरफ्तार किये गये हैं। साथ ही चोरी का समान भी बरामद किया गया है । इसकी जानकारी शनिवार को प्रेस वार्ता में एसपी डॉ विमल कुमार ने दी। उन्होंने बताया की 3 मार्च को वेस्ट बोकारो ओपी अंतर्गत टाटा डीएवी स्कूल ग्राउंड स्थित स्टोर से लाखों के सामान की चोरी हुई थी। इस संबंध में मांडू थाना कांड संख्या 85/2024,दिनांक 04,04,2024 धारा 461/379 भादवि के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई थी। बताया की गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी के क्रम में सोम कुमार उर्फ बजरंगी और जाहिद खान उर्फ मुन्ना दोनो को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों की निशानदेही पर टाटा डीएवी स्कूल ग्राउंड से स्टोर से चोरी एक फैसिंग स्कूल, फेसिंग स्कोर बोर्ड, आर्चरी इक्विपमेंट , एक सीलिंग उषा कंपनी का पंखा, एक क्रंपटन कंपनी की पंखा, बरामद किया गया।

कार्रवाई : पुलिस पर जानलेवा हमला मामले में एक महिला आरोपी गिरफ्तार, गई जेल

नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा थाना क्षेत्र के लम्बोई हाट में पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने मामले में जलडेगा पुलिस ने बड़ी कारवाई करते हुए घटना में शामिल एक महिला आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने बताया कि घटना के बाद जलडेगा पुलिस ने लम्बोई बाजार में पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने, हथियार छीनने का प्रयास करने, सरकारी काम में बाधा डालने आदि मामले पर 3 नामजद सहित 150 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज किया है। जिसमे एक फरार महिला आरोपित को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के पास घटना से जुड़े कई वीडियो हैं जिनके आधार पर घटना में शामिल फरार अन्य लोगों को चिन्हित करते हुए कारवाई किया जायेगा।

क्या था मामला : 27. 2. 2024 दिन मंगलवार को नव पदस्थापित थाना प्रभारी शशि शंकर कुमार सिंह, एसआई दुर्गेश कुमार और एएसआई किशोर महतो पुलिस जीप में जवानों को साथ लेकर दोपहर बाद थाना क्षेत्र के लम्बोई बाजार गए थे। अचानक पुलिस को बाजार में आया देख अवैध शराब की बिक्री और चुलाई करने वालों में हड़कंप मच गया। पुलिस शराब बेच और पी रहे लोगों को खदेड़ने लगी। जिसके बाद ग्रामीण एकदम उग्र हो गए और पुलिस कुछ समझ पाती तब तक गुस्साई भीड़ ने पुलिस पर हमला कर दिया। घटना में भिड़ ने थाना के एक महेश कुमार पासवान नामक एक जवान को घेर कर मारा, उनसे हथियार भी छीनने का प्रयास किया। इस बीच बाकी पुलिस के जवान अपना हथियार संभालते हुए हाट से बाहर निकलने लगी। लोकल भाषा में मारो मारो चिल्लाते हुए भीड़ जिसमें महिलाएं भी बड़ी संख्या में थीं, पुलिस को खदेड़ने लगे।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर शनिवार को स्वीप के तहत जोराम बरटोली में जागृति आजीविका नुक्कड़ नाटक समिति की ओर से मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक द्वारा ही लोगों को जागरूक किया जा रहा है।। इस नुक्कड़ नाटक में प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज उपस्थित थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज को सर्वप्रथम स्वागत गीत गाकर

ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के द्वारा ही लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है।

वेलकम किया गया , उसके बाद नुक्कड़ नाटक मंडली ने अपना नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक से ही लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। मौके पर ग्रामीणों ने बहुत ही उत्सुकता के साथ इस प्रोग्राम में भाग लिया और देखा। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज द्वारा ग्रामीणों को 13 मई को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किए साथ ही अन्य लोगों को भी जागरूक करने कर लिया कहा। दौरान काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

त्योहारों को लेकर सिमडेगा सदर थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

सिमडेगा। आगामी पर्व सरहुल ईद रामनवमी चैती दुर्गा पूजा चैती छठ को लेकर शनिवार शाम में सिमडेगा सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से एसडीओ सुमंत तिर्की, एसडीपीओ पवन कुमार,सीओ इम्तियाज अहमद,बीडीओ समीर रैनीयार खलखो, नगर परिषद प्रशासक सुमित कुमार महतो, जिला परिषद शांति बाला, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद पासवान मुफस्सिल थाना प्रभारी रोहित कुमार रजक मुख्य रूप से उपस्थित थे।मौके पर एसडीओ ने कहा कि आगामी पर्व आपसी भाईचारा एकता के साथ मिलकर मनाएं किसी प्रकार की संप्रदाय एक हिंसा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान लाइसेंस धारी लाइसेंस ले ले इसके अलावा विधि व्यवस्था में किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न ना हो इसका ध्यान दें ईद के दौरान ईदगाह एवं मस्जिदों के पास पुलिस बल की तैनाती करवाई जाएगी सरहुल के दिन भी पुलिस पूरी तरह से अलर्ट रहेगी ,वही एसडीपीओ पवन कुमार ने कहा कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी जिससे कि किसी प्रकार का कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट ना हो सके।

कुंभकर्णी नींद में सोया है वन विभाग, ठेकेदारी में व्यस्त हैं स्थानीय प्रतिनिधि

लोगों ने कहा, हाथी को खदेड़ने पर ही इस बार हम सभी देंगे वोट

◆जंगली हाथियों को लेकर बार-बार गुहार लगाए जाने के बाद भी विभाग के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही

नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा जलडेगा में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन किसी ना किसी गांव में जंगली हाथी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। जंगली हाथियों के आतंक के कारण लोग शाम ढलने के बाद अपने घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं। शाम होने के बाद घर से निकलने वाले लोग अपने परिचितों के संपर्क में रहते हुए चलते हैं ताकि उन्हें हर पल की सूचना मिलते रहे। जंगली हाथियों को लेकर बार-बार गुहार लगाए जाने के बाद भी विभाग के कानों में जूं तक नहीं रेंग रहा है। जंगली हाथियों से ग्रामीणों को हो रही परेशानी राजनितिक पार्टी के स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी दिखाई नहीं दे रहा है सब के सब ठेकेदारी में व्यस्त है, हाथी भागने के नाम पर सब राजनीति करने आते हैं एक दो बोरा, जला हुआ मोबिल और 5 किलो चावल देकर पीड़ित परिवारों के साथ फोटो खींचा कर हमे मजाक बना देते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आगामी लोकसभा चुनाव से पहले यदि हाथी को गांव से नही खदेड़ा गया तो गांव के लोग न तो किसी से मदद की अपेक्षा करेंगे और न ही वोट देंगे। शुक्रवार की रात कूटिंगिया सेरेंगदा में जंगली हाथी ने असेयानी बडिंग, पति सिमोन बडिंग, मगदली तोपनो, पति स्व मार्टिन तोपनो के घर में धावा बोल दिया। इस दौरान हाथी ने दोनों कच्चे मकानों को अपना निशाना बनाया और उसे ध्वस्त कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद हाथी ने मकान के अंदर रखे अनाज को भी अपना निवाला बनाया और कई घरेलू सामग्रियों को भी नष्ट कर दिया। इस घटना में कोई जख्मी नहीं हुआ है। महीनों से यह जंगली हाथी ने जलडेगा के पहाड़ी इलाकों में घूम रहा है और रात होते ही गांव की ओर आकार घरों को ध्वस्त कर घर में रखे अनाजों को खाकर अपना पेट भरता है।

बोलबा प्रखण्ड के कई जंगल आग की चपेट में, वन विभाग मौन

नवीन मेल संवाददाता। बोलबा बोलबा प्रखण्ड के कई जंगल इन दिनों आग की चपेट में, वन विभाग मौन है । इन दिनों महुवा सीजन आते ही ग्रामीण जंगलों में महुवा चुनने के लिए महुवा पेड़ के नीचे सूखे पतों को आग लगाकर छोड़ देते है । जो आग जंगलों में फैलकर एक बड़ा रूप ले लेता है । जिससे जंगल के औषधीय पौधे सहित विभिन्न प्रकार के छोटे- छोटे पौधे जलकर राख हो रहे है । इसके साथ ही जंगल के जंगली जानवर, पशु-पक्षी भी जलकर खाक हो रहे हैं । इसे जलवायु गर्म हो रहे हैं और प्रकृति पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है । इन दिनों कुंदुरमुण्डा, घरसा, लेटाबेड़ा सहित कई जंगल आग की चपेट में है । वन विभाग इस संबंध में मौन है । वनपाल पदाधिकारी जतरु उराँव ने कहा कि तलमंगा, पीडियापोंछ, सहित विभिन्न गांवों के बाजारों में डुगडुगी पिटवाकर एवं गावों में बैठक कर लोगो को जागरूक किया जा रहा है । यदि कोई ब्यक्ति जंगल मे आग लगाते हुए पकड़े जाते है उसके खिलाफ कानूनी करवाई की जायेगी ।

उपयुक्त की मौजूदगी में महिला कॉलेज में हुआ सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी का प्रशिक्षण

सिमडेगा। लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में महिला कॉलेज सलडेगा, सिमडेगा में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं त्रुटि रहित तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शिता से चुनाव सम्पन्न कराने हेतु सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का अच्छे से अध्ययन कर लें और प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह्न कुशलता पूर्वक करें। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी संयुक्त रूप से बूथ का भ्रमण कर बूथ की वल्नेरेबल मैपिंग , एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी की रिपोर्ट, भवन की स्थिति, थाना एवं प्रखंड मुख्यालय से बूथ की दूरी, आस-पास के स्वास्थ्य केंद्रों की दूरी, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम आदि की जानकारी उपलब्ध कराए। साथ ही उपायुक्त ने सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, पोलिंग पार्टी, फोर्स को एक दूसरे से टैग करने के अलावा वाहनों की उपलब्धता और आवागमन को लेकर रुट प्लान से जुड़े विभिन्न बिंदुओं कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये।पुलिस अधीक्षक सौरभ ने कहा कि सुरक्षा के लिए पारा मिलिट्री फोर्स मौजूद रहेगी। इसलिए सभी निर्भीक होकर अपना दायित्व निभाएं। चुनाव से पूर्व और चुनाव के दिन आप सभी का कार्य दायित्व अति महत्वपूर्ण है। चुनाव से पूर्व पुलिस फोर्स को सेक्टर ऑफिसर दिशा निर्देश देंगे। वहीं मतदान संपन्न होने के बाद ई.वी.एम. लेकर सीधे स्ट्रांग रूम पहुंचेंगे। इस दौरान सतर्कता बरतनी है। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि डिस्पैच सेंटर से लेकर अपने क्लस्टर एवं बूथ में जाने के दौरान किसी भी परिस्थिति में रूट का परिवर्तन नहीं करेंगे।प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसर को मतदान दिवस से पहले व मतदान के दिन की जिम्मेदारी, बूथ व्यवस्था, ईवीएम पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग, कंट्रोल यूनिट व वी.वी.पैड. का सही तरीके से कनेक्शन करने सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया।

एक नजर

गालूडीह रंकिनी मंदिर के समीप कार व बाइक की टक्कर में 7 घायल

घाटशिला। गालूडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत रंकनी मंदिर के समीप एनएच 18 फोरलेन पर शनिवार को कर व बाइक की टक्कर में महिला समेत 7 युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल सभी घायलों को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया गया। अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर महिला समेत तीन लोगों को एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर कर दिया। घटना के संबंध में कार चला रहे चंचल भगत ने बताया कि कर में पांच लोग सवार होकर राखामाइंन से घाटशिला जा रहे थे। अचानक रंकणी मंदिर के समीप एक बैल दौड़ता हुआ सड़क पर आ गया बैल को बचाने के क्रम में कार असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। उन्होंने बताया कि किसी बाइक के साथ दुर्घटना नहीं हुई है। इस दुर्घटना में संजय भगत, प्रसनजीत भगत, राकेश भगत, मुकेश भगत एवं चंचल भगत घायल है। गालूडीह थाना क्षेत्र के उल्दा गांव निवासी बाइक सवार सपन सिंह एवं उनकी पत्नी परमा सिंह गंभीर रूप से घायल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कर की चपेट में आने से बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। घटनास्थल पर ही बाइक व कर खड़ी है। कर चालक डर से झूठ बोल रहा है। घायल महिला परमा सिंह, सपन सिंह एवं मुकेश सिंह की गंभीर स्थिति को देखते हुए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर कर दिया गया है।

बाल श्रम को लेकर मुखिया एवं महिलाओं ने दुकानदारों को किया जागरूक

नोवामुंडी। नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत गुवा क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाल बाल श्रम रोकने के लिए दुकानदारों को जागरुक कर पूर्वी पंचायत मुखिया चांदमनी लागुरी ने बालश्रम नहीं करने के लिए अपील किया। साथ ही सभी दकानदारों के दुकान के आगे पोस्टर चिपकाए। पोस्टर के माध्यम से कहा गया कि सभी छोटा बड़ा व्यापारी घरेलू एवं निजी कार्य में बच्चों को उम्र 18 वर्ष तक किसी प्रकार का बाल मजदूरी करवा रहे हैं तो यह 1986 बाल-श्रम निषेद कानून के तहत अपराध है। दुकानदारों से निवेदन है कि 18 वर्ष तक के कम उम्र के बच्चों से काम करवाना कानूनन अपराध है। यदि कोई कानून के विरुद्ध जाकर बच्चों से श्रम बाल मजदूरी करवाता है तो उसे पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत 2 साल की कारावास के साथ साथ 25 हजार रुपए तक का जुमार्ना का प्रावधान है। बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराकर उसे विद्यालय से जोड़ने का कार्य करें। इस दौरान इस मौके पर पूर्वी पंचायत मुखिया सह बाल अधिकार सुरक्षा मंच के अध्यक्ष चांदमनी लागुरी, सचिव पद्मिनी लागुरी, जेएसएलपीएस जेंडर सीआरपी सह बाल अधिकार सुरक्षा मंच के ममता देवी, गीता देवी, सदस्य महादेवी सिंहा, जानों चातर,बेनु दास, कृष्ण दास, शंकर दास, शताक्षी कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

शांति समिति ने ईद पर तीन बार पानी सप्लाई की मांग की

जमशेदपुर। रामनवमी को लेकर कदमा थाना में शांति समिति की थाना प्रभारी संजय सुमन की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें डीएसपी निरंजन तिवारी मौजूद रहे। शांति समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी और 28 अखाड़ा कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने अखाड़ा कमेटी के सदस्यों ने अपनी समस्या रखी। ईद के दिनभर में तीन बार पानी देने की अपील की गई। मस्जिद एवं ईदगाह वाले रूट की यातायात व्यवस्था पर विशेष नजर रखने एवं एवं रामनवमी को लेकर रूट में पड़ने वाले झूलते हुए पेड़ों की कटाई, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था को दुरुस्त करने, चैती छठ को देखते हुए घाटों की सफाई, रोड पर अवैध तरीके से गिरे बालू गिट्टी के चलते जुलूस निकालने पर अवरोध होने से एवं रोड पर अवैध पार्किंग लगाने पर तरह-तरह की समस्या बताई।

पीरटांड़ के मधुबन में एक दिन एक विस प्रवास कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
पीरटांड़ के मधुबन स्थित मध्यलोक सभागार में शनिवार को एक दिन एक विधानसभा प्रवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महादेव दुबे ने की।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान एवं गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी उपस्थित हुए। बैठक में सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर वंदे मातरम गान के साथ की गई। बैठक में जैसे ही नेताओं ने बोलना प्रारंभ किया की कार्यकर्ता हल्ला मचाने लगे और सांसद का जम कर विरोध करने लगें।

जिसके बाद बारी बारी से गिरीडीह विधानसभा क्षेत्र के सभी मण्डल अध्यक्षों से भाजपा द्वारा चलाये गए कार्यक्रम की समीक्षा की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने लाभार्थी सम्पर्क,सरल एप, नमो एप, विकसित भारत संकल्प यात्रा, बूथ कमिटी आदि के बारे में मण्डल अध्यक्ष से प्रगति की समीक्षा किया। महादेव दुबे, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, सुरेश साव, दिनेश प्रसाद यादव,विभाकर पांडेय, प्रकाश सेठ, विनय सिंह, शरद भक्त, विनीता कुमारी, श्याम प्रसाद, रंजीत राय, संदीप डंगेच, अजय सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

मतदाता जागरूकता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम

चाईबासा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी के निर्देशन पर शनिवार को शहर चाईबासा के पिल्लई हाल के सभागार में स्वीप गतिविधि अंतर्गत मतदाता जागरूकता आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात उप विकास आयुक्त के द्वारा पिल्लई हाल सभागार में उपस्थित सभी लोगों को मतदाता शपथ दिलाई गई। उप विकास आयुक्त के द्वारा बताया गया कि सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध दिव्यांगजन हेतु रैम्प की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था उपलब्ध करायी जा रही है।

गिरिडीह के शिवम फैक्ट्री में एक मजदूर की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया गेट जाम

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के उदनाबाद पंचायत के जामबाद में संचालित शिवम ग्रुप ऑफ कम्पनी की शिवम फैक्ट्री में काम करने वाले एक फार्निस हेल्पर की मौत हो गयी। मृतक मजदूर राजू वर्मा था। वह उदनाबाद निवासी स्व बिहारी महतो का पुत्र था। वह पिछले पांच वर्षों से शिवम फैक्ट्री में फर्निस डिवीजन में हेल्पर के रूप में कार्यरत था। जानकारी के अनुसार दो दिनों पूर्व ड्यूटी के दौरान फार्निश के समीप काम करते हुए राजू वर्मा गिर कर घायल हो गया था। हादसे में राजू को अंदुरनी चोटें लगी थी। लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन ने उसका इलाज तक नहीं करवाया। घटना की जानकारी परिजनों को मिली तब परिजन फैक्ट्री पहुंचे। बाद में फैक्ट्री प्रबंधन ने उसे इलाज के लिए भेजा। जहां इलाज के दौरान शनिवार सुबह राजू वर्मा की मौत हो गई। उसकी मौत के बाद ग्रामीणों और असंगठित मजदूर मोर्चा ने शनिवार सुबह मृतक राजू वर्मा के शव के साथ फैक्ट्री के मुख्य गेट को जाम कर दिया और मुआवजे की मांग करने लगे। लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से इस विषय मे कोई भी वार्ता करने को तैयार नहीं दिखा।

प्राइवेट कोचिंग संगठन एप्टा के कार्यक्रम में कोचिंग के शिक्षकों को किया गया सम्मानित

अर्का जैन यूनिवर्सिटी ने एप्टा के सदस्यों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर शिक्षकों का किया सम्मान

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
स्थानीय होटल में एप्टा संगठन द्वारा प्राइवेट कोचिंग *शिक्षक सम्मान समारोह 2024* का आयोजन किया गया। बैठक में अतिथि के रूप में अर्का जैन यूनिवर्सटी के डेलीगेट्स एवं एप्टा संगठन के मुख्य संरक्षक राजेश सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एप्टा के सचिव अधिवक्ता सूरज नयन एवं संचालन एप्टा के संयुक्त सचिव सह कॉर्डिनेटर श्री आलोक मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम एप्टा के सचिव श्री सूरज नयन ने एप्टा के गठन वर्ष 2015 से अबतक के कार्यक्रम के बारे में विस्तार से उपस्थित सदस्यों को बताया।

इसके अलावे एप्टा द्वारा भविष्य में किये जाने वाले समाजिक कार्यक्रम एवं योजना के बारे में उपस्थित शिक्षकों को बताया। मुख्य संरक्षक राजेश सिन्हा ने कहा कि वर्ष 2024 से 2028 के लिए एप्टा संगठन के पदाधिकारियों का चुनाव होना है, तब तक के लिए वर्तमान कमिटी ही वर्किंग कमिटी के रूप में कार्य करती रहेगी। इसके बाद अर्का जैन युनिवर्सिटी से आये अतिथियों ने उपस्थित सभी शिक्षकों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन श्री आलोक मिश्रा ने उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापन से किया।

फरार आरोपी के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

चक्रधरपुर। पुराने वंचित मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर जाकर पुलिस ने कोर्ट का इश्तेहार चिपकाया। बताया जाता है की चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के गुलकेड़ा पंचायत के पोकुवाबेड़ा गांव निवासी लक्ष्मण बोदरा पर चक्रधरपुर थाना में धारा 341, 323, 376(3), 376ए बी, 504, आईपीसी के तहत मामला दर्ज है। इस मामले वह पिछले दो साल से फरार चल रहा है। शनिवार को अवर एसआई एजारूल हक व पुलिस के जवान पोकुवाबेड़ा पहुंचे और कोर्ट का इश्तेहार चिपकाया। एसआई एंजारूल हक ने गांव के लोगों को एवं अपराधी के परिजनों से कहा कि 15 मार्च 2024 तक लक्ष्मण बोदरा अपने आप को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दें। नहीं तो पुलिस उसके घर को कुर्की कर देगी। जिसका जिम्मेदार लक्ष्मण बोदरा होगा।

ईद और रामनवमी को लेकर बाजारों में दिखी भीड़, जमकर हो रही हैं खरीदारी

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह बिरनी। रमजान महीना का 27वा रोजा है ईद उल फितर अब कुछ ही दिनों तक रह गया है। जिसके बाद ईद की नमाज लोग ईदगाह में अदा करेंगे। जिसको लेकर बाजारों में लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। बाजारों में देखा गया कि परिवारों के साथ लोग बाजारों में खरीदारी कर रहे हैं। भरकट्टा, बरमसिया, द्वारपहरी समेत अन्यों बाजारों में खरीदारों की भीड़ देखी जा सकती हैं। दूसरी ओर देख जाए तो रोजा रखकर दोपहर समय काफी तीखी धूप के बावजूद भी ईद की खरीदारी कर रहे हैं। ज्यादातर भीड़ कपड़े, जूते, चप्पल, लच्छा, सेवई, फल श्रृंगार स्टोर आदि दुकानों में भीड़ रहती है। बता दें कि दो समुदायों का त्योहार कुछ दिनों आगे पीछे है। जिसके कारण बाजारों में भीड़ अधिक है। एक ईद और रामनवमी त्योहार है। रामनवमी पर्व चैत्र मास में पर्व मनाया जाता है। जिसमे रामनवमी पर्व कलश स्थापना के दिनों से नवरात्रि तक अलग अलग दिनों अलग अलग पूजा किया जाता है। यह पर्व भारत में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है। रामनवमी के दिन ही चैत्र नवरात्र की समाप्ति भी हो जाती है।

क्या कहते हैं?

ईद और रामनवमी त्योहार मात्र दो दिनों का अन्तराल है, जिसके कारण बाजारों में भीड़ जमकर देखी जा रही है। जिसमे दो समुदायों का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न होगा। साथ मे ईद की मुबारकबाद और रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं लोग देते हैं। प्रमोद सिंह : पूर्व मुखिया मनकडीहा रमजान की महीना में रोजेदारों ने जमकर फलों की खरीदारी की। अब रमजान महीना कुछ दिनों के लिए जैसे जैसे ईद नजदीक आ रही है वैसे ही बाजारों में खरीदारी बढ़ रही है। ईद खत्म होते ही तुरन्त रामनवमी पर्व भी है। दोनो त्योहार शांतिपूर्ण तरीके बिताएंगे।:-जाबिर मलिक भरकट्टा निवासी दोनो समुदाय के लोगो का त्योहार है। हम दोनों समुदायों के लोग मिलजुलकर ईद और रामनवमी पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाएंगे।

प्रधानखंटा स्टेशन के पास मालगाड़ी डिरेल, कई ट्रेनें हुई प्रभावित

नवीन मेल संवाददाता। धनबाद
धनबाद रेल मंडल के प्रधानखंटा स्टेशन के पास शनिवार को एक मालगाड़ी बेपटरी गयी। इस कारण कई ट्रेनों का करीब तीन घंटे तक परिचालन प्रभावित रहा। इस रूट की सभी ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोक दिया गया। जिसमें 12019 हावड़ा-रांची शताब्दी एक्सप्रेस प्रधानखंता में, 22387 हावड़ा-धनबाद ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस आसनसोल में, 13503 बर्धमान-हटिया मेमू एक्सप्रेस बराकर में, 08677 विष्णुपुर - धनबाद मेमू ट्रेन को पाथरडीह में रोक दी गई। इस घटना के कारण धनबाद-सिंदरी-टाटा रेल मार्ग के साथ हावड़ा-दिल्ली रेलमार्ग पर भी ट्रेनों के पहिए थम गए थे। घटना की सूचना स्टेशन मास्टर द्वारा रेलवे कंट्रोल को देने के बाद धनबाद से दुर्घटना राहत यान भेजा गया। रेलवे की ओर से बताया गया कि खाली मालगाड़ी का रैक पाथरडीह भेजा गया था। प्रधानखंता क्रॉसिंग के पास मालगाड़ी का एक डब्बा पटरी से उतर गया। घटना क्रॉसिंग पर होने के कारण धनबाद - सिंदरी - टाटा रेल मार्ग के साथ-साथ हावड़ा - दिल्ली रेल मार्ग के अप और डाउन दोनों लाइन पर रेल सेवा प्रभावित हो गयी थी। फिलहाल इन मार्गो पर परिचालन सामान्य हो गया है।

महुआ चुनने के दौरान जंगली भालू के हमले से एक व्यक्ति बुरी तरह घायल

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
तिसरी प्रखंड के मनसाडीह में शनिवार को एक बार फिर जंगली भालू द्वारा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना मनसाडीह के खाखोढाब जंगल की है, जहाँ महुआ चुनने गए तिलकीमारन निवासी 47 वर्षीय शख्स तालो हेमब्रम जंगली भालू के हमले में बुरी तरह घायल हो गए हैं। घायल तालो हेमब्रम को आस - पास के लोगों ने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी लाया गया। जहाँ डॉ. जैनेन्द्र और स्वास्थ्यकर्मी चन्दन ने उनका प्राथमिक उपचार किया। स्थिति गंभीर रहने के कारण समाजसेवी आशिश हेंब्रम के सहयोग से 108 एम्बुलेंस सेवा द्वारा उन्हें सदर अस्पताल गिरिडीह रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में घायल तालो हेमब्रम ने बताया कि वे अपनी पत्नी सोनिया टुडू व अन्य लोगों के साथ शनिवार की सुबह महुआ चुनने खाखोढाब स्थिति जंगल गए थे। महुआ चुनते - चुनते सुबह से दोपहर हो गई। इसी क्रम में जंगली भालू ने पीछे से अचानक हमला कर दिया।

गांवा में 5 पशु लोड वाहन जब्त, 20 पशु और बछड़ा बरामद

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
गावां पुलिस ने शनिवार को 5 पशु लोड पिकअप वाहन को पकड़ा है। गश्ती दल के पुलिस जवानों ने सभी पशुओं को गावां-तिसरी पथ पर पकड़ा है। बता दें कि गावां थाना मोड़ के पास अहले सुबह गश्ती के दौरान पुलिस ने बिहार से गिरिडीह ले जा रहे 5 पशु लोड पिकअप वाहन को पकड़ा और उसे थाना ले गयी। मामले में वाहन चालक ने पुलिस को बताया कि वाहन में सभी दुधारू गाय और बछड़ा लोड है। बाद में थाना प्रभारी के निर्देश पर सभी पशुओं को पशु चिकित्सक के द्वारा जांच कराया गया जहां दुधारू पशु होने की बात कही गयी। थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि सभी पशु दुधारू होने के कारण उसे मुक्त कर दिया गया है। कहा कि सभी पशु को गिरिडीह के एक दूध खटाल ले जाया जा रहा था। जिसके कारण उसे मुक्त कर दिया गया है। सभी पशुओं की पशु से चिकित्सक से भी जांच कराई गई है, जिसमें सभी पशु दुधारू पाए गए हैं।

धनबाद में उत्पाद विभाग ने बरामद की नकली शराब

नवीन मेल संवाददाता। धनबाद
उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर उत्पाद विभाग लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले के अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध अभियान चला रहा है। इस कड़ी में उत्पाद विभाग की टीम ने शनिवार को दामोदरपुर में एक घर पर छापेमारी कर 19 पेटी नकली विदेशी शराब बरामद की है। उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि नीलकमल डे नामक एक व्यक्ति के घर में नकली शराब का कारोबार चल रहा रहा था। यहां से

बरामद शराब एक या दो दिन पूर्व ही स्टॉक किया गया था। उन्होंने बताया कि मौके से 19 पेटी, लगभग 171 लीटर शराब, बरामद की गई है। इसकी अनुमानित बाजार मूल्य 80 हजार रुपए है।

झारखंड राज्य के जमशेदपुर और पलामू में 37 लाख रुपए जब्त





कार से 1.7 लाख रुपये बरामद

बोकारो, 06 अप्रैल (हि.स.)। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस की टीमें लगातार चेकिंग अभियान चला रही हैं। इसी कड़ी में झारखंड-बंगाल की सीमा पर पिंड्राजोरा में मिर्धा चेक पोस्ट से पुलिस ने एक वाहन से 1.70 लाख रुपये बरामद किए। जानकारी के अनुसार एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह, चास सीओ दिवाकर दुबे व पिंड्राजोरा थाना प्रभारी रवीन्द्र कुमार की टीम ने मिर्धा चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान एक कार से एक लाख 70 हजार रुपये बरामद किए। बरामद रुपये के संबंध में पुलिस कार सवार व्यक्ति से पूछताछ कर रही है। कार पश्चिम बंगाल से बोकारो आ रही थी।

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड में लोकसभा चुनाव में अवैध धन के इस्तेमाल पर अंकुश के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को लगातार चौथे दिन बड़ी मात्रा में कैश की बरामदगी हुई है। जमशेदपुर में वाहनों की चेकिंग के दौरान जहां 22.30 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। वहीं, पलामू-गढ़वा जिले की सीमा पर एक गाड़ी से 15 लाख रुपए जब्त किए गए हैं। बताया गया कि जमशेदपुर के आदित्यपुर थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास पुलिस की टीम ने चेकिंग लगाई। इस दौरान काले रंग की एक एसयूवी की तलाशी में 22.30 लाख रुपये मिले।

इसी तरह पलामू में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शाहपुर के पास गढ़वा जाने वाले रास्ते में एक गाड़ी से कुछ लोग कैश लेकर जा रहे हैं। चेकिंग के दौरान एक स्कॉर्पियो से 15 लाख रुपये नकद बरामद हुए। इसके पहले शुक्रवार को धनबाद के मैथन में एक कार से 34.74 लाख, गुरुवार को गिरिडीह जिले में एक यात्री बस से 1.09 करोड़ बरामद किए गए थे। पिछले पंद्रह दिनों में पूरे राज्य में अलग-अलग स्थानों से कुल मिलाकर करीब 3 करोड़ रुपए जब्त किए गए हैं।

लोकसभा चुनाव के दौरान झारखंड में अवैध या काले धन का प्रवाह-प्रसार रोकने के लिए आयकर विभाग ने खास रणनीति तैयार की है। पुलिस भी इसे लेकर लगातार अभियान चला रही है। आयकर विभाग ने अवैध तरीके से नगदी इधर-उधर ले जाने की सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई के लिए विशेष दस्ते बनाए हैं। रांची स्थित मुख्यालय में 24 घंटे कार्य करने वाला कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 18003455018 और व्हाट्सएप नंबर 9693510277 पर कोई भी व्यक्ति, किसी भी वक्त, अवैध या काला धन के संबंध में सूचना दे सकता है।

मेघाहातुबुरु के लोग आपसी प्रेम व भाईचारे के प्रतीक : बमबम

किरीबुरु। रामनवमी, सरहुल, ईद एवां लोक सभा चुनाव के मद्देनजर किरीबुरु थाना में इन्स्पेक्टर बमबम कुमार की अध्यक्षता में तथा थाना प्रभारी मुनाजीर हसन की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इन्स्पेक्टर बमबम कुमार ने कहा कि किरीबुरु-मेघाहातुबुरु का पसी भाईचारा एक मिसाल है। यहाँ की इस खूबसूरती को आगे भी बचाये रखना है। रामनवमी के दौरान ऐसा कोई गाना नहीं बजाया जाय जिससे दूसरे धर्म के लोगों को दिक्कतें हो। जुलूस अथवा शोभा यात्रा निर्धारित रूट से हीं जायेगी व आयेगी। आचार संहिता के प्रावधानों का पालन करना है। चुनाव में बाहर से पोलिंग पार्टी व पुलिस आयेगी, उन्हें भी सहयोग कर शहर व मानवता धर्म को ऊंचा उठायें। रामनवमी में शराब की बिक्री बंद होगी। थाना प्रभारी मुनाजीर हसन ने कहा कि यह मिनी इंडिया है जहाँ सभी प्रेम व भाईचारे के साथ एक परिवार की तरह रहता हैं।

न्यूज बॉक्स

घाटशिला महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम शुरू

घाटशिला। घाटशिला कालेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के बीच बृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम शनिवार को कालेज में आयोजित किया जाएगा। इसका शुभारंभ प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने अपने शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर मोबाइल स्टिकर लगाकर किया। प्राचार्य ने बताया कि शीघ्र ही कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला बनवाकर मतदाता की शपथ दिलाई जाएगी.इसमें लगभग पांच हजार से अधिक विद्यार्थी भाग लेंगे। कॉलेज के मुख्य द्वार, कार्यालय, स्टूडेंट कॉमन रूम, सभी भवनों के प्रवेश द्वार पर मतदाता जागरूकता को लेकर बैनर, पोस्टर लगाए जाएंगे। महाविद्यालय में चल रही परीक्षाओं में यूजी सेमेस्टर वन एवं टू के विद्यार्थियों को अपने एडमिट कार्ड के साथ मतदाता पहचान पत्र लाना अनिवार्य कर दिया गया है। प्राचार्य ने अपने छात्रों को निर्देशित किया है कि जिन विद्यार्थियों का उम्र 1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष हो गया है या जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सका है वे अपने गांव के बीएलओ से मिलकर फार्म- 6, एक सप्ताह के अंदर भरकर अनिवार्य रूप से जमा कर दें। साथ ही वोटर कार्ड के लिए 1950 पर कॉल करें। प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने कॉलेज परिसर में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने हेतु समन्वय समिति भी गठित कर दिया है। जिसमें प्राचार्य डॉ चौधरी अध्यक्ष, प्रो इंदल पासवान को संयोजक तथा डा संजेश तिवारी को सचिव बनाया गया है। जबकि डा पी के गुप्ता, डॉ एस के सिंह, डॉ संदीप चंन्द्र, प्रो महेश्वर प्रमाणिक, डॉ एस पी सिंह, प्रो विकास मुंडा, प्रो अर्चना सुरीन, प्रो सोमा सिंह एवं डॉ कुमार विशाल को सदस्य बनाया गया है।

बड़ाजामदा ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने लौह अयस्क ढुलाई कार्य किया बंद

नोवामुंडी। टाटा स्टील की बराईबुरु स्थित विजय-टू खदान में चल रही 15 वर्ष पुरानी हाईवा एव डम्फरों से अयस्क ढुलाई कार्य बंद करने संबंधित कंपनी के आदेश से नाराज बड़ाजामदा माइनिंग एरिया ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने 6 अप्रैल की सुबह 4 बजे से अनिश्चितकालिन हड़ताल कर दी है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द चौरसिया के नेतृत्व में ढुलाई कार्य बंद कर दिया गया है। सदस्यों की बैठक में अरविन्द चौरसिया ने कहा कि उक्त खदान जब उषा मार्टिन के अधीन था तब से एसोसिएशन में सूचीबद्ध एवं स्थानीय ग्रामीणों व निवासियों का हाइवा इस खदान से लौह अयस्क ढुलाई कर रहा है.वर्तमान में टाटा स्टील द्वारा 15 वर्ष पुराने वाहनों को ढुलाई कार्य से हमेशा के लिये हटाने का आदेश पारित कर दिया गया है। इस क्षेत्र में आय का स्रोत केवल खनन वाहनों का परिचालन है। यहां के बाजार की आर्थिक स्थिति एवं वाहन मालिक तथा मजदूर सभी लोगों की रोजी रोटी केवल खनन पर टिकी है। सरकार द्वारा हमारे वाहनों से संबंधित सभी आवश्यक कागजातों का टैक्स, परमिट, फिटनेस, इन्श्योरेन्स, इत्यादि का रकम सरकार में जमा लिया गया है। उन्होंने कहा कि आज भी हमारे पड़ोसी राज्य उड़ीसा क्षेत्र में टाटा स्टील के अनेकों खदान चल रहें हैं उसमें आज भी 15 वर्ष से 20 वर्ष के पुराने वाहनों द्वारा ही लौह अयस्क ढुलाई का कार्य हो रहा है।

विश्व

और ये भारत की दो टूक

राकेश दुबे

आखिर भारत सरकार ने वही किया जो उससे अपेक्षित था। सरकार ने भारत के आंतरिक मामलों में दूसरे देशों द्वारा की जा रही टिप्पणियों को सरकार ने न केवल खारिज किया है, बल्कि तीखा जवाब देने की चेतावनी भी पिछले दिनों दी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अवांछित टिप्पणी करने

वाले देशों को सलाह दी है कि अन्य देशों को भारत के मामलों में राजनीतिक टीका-टिप्पणी करने से बचना चाहिए। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले अमेरिका और जर्मनी ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर बयान जारी किया था। इसके बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने इन देशों के दूतावासों के उच्च अधिकारियों को तलब कर कड़ी आपत्ति जतायी थी। इसके बावजूद अमेरिका ने फिर से अपने बयान को दोहराते हुए उसमें आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस के बैंक खातों पर रोक के मुद्दे को भी जोड़ दिया था। आप और कांग्रेस से जुड़े मामलों से भारत का हर नागरिक अवगत है ही। विदेश मंत्री जयशंकर ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि ऐसी बयानबाजी होती रही, तो उन देशों को बहुत कड़े जवाब के लिए तैयार रहना चाहिए। यह जगजाहिर तथ्य है कि अनेक देश वैश्विक स्तर पर अपने वर्चस्व और प्रभाव को बढ़ाने के लिए दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का प्रयास करते हैं। अमेरिका और कुछ यूरोपीय देश ऐसा करने में सबसे आगे रहते हैं। ये देश अपने को विशिष्ट समझते हैं और उन्हें लगता है कि वे दुनिया के दारोगा हैं। लोकतंत्र, मानवाधिकार, धार्मिक एवं नागरिक अधिकार, नैतिकता आदि की आड़ में ये देश दबाव बनाने का प्रयास करते हैं। जयशंकर ने उचित ही रेखांकित किया है कि ये उनकी पुरानी आदतें हैं और खराब आदतें हैं। वैसे भी अतरराष्ट्रीय व्यवस्था में एक-दूसरे देश की संप्रभुता के सम्मान का सिद्धांत आधारभूत सिद्धांत है। स्थापित आचरणों, परंपराओं और व्यवहारों का अनुपालन अगर कोई देश नहीं करता है, तो फिर उसे भी तैयार रहना चाहिए कि दूसरे देश उसकी राजनीति और कानून-व्यवस्था पर अपने विचार रखेंगे। हाल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश की विकास परियोजनाओं तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा को लेकर आपत्ति की थी। उसने प्रदेश के अनेक स्थानों का नामकरण भी किया है। जयशंकर ने फिर रेखांकित किया है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा। इससे पहले चीन कश्मीर और लद्दाख पर भी निराधार बयान दे चुका है। भारत में संवैधानिक और कानूनी व्यवस्था के अंतर्गत क्या हो रहा है और क्या होना चाहिए? क्या सही है और क्या गलत, इस बारे में विचार करने, समर्थन करने, आलोचना करने या विरोध जताने का अधिकार भारत के लोगों को ही है। अमेरिका हो, जर्मनी हो या चीन हो, उन्हें अपने देशों की चिंता करनी चाहिए। आपत्तिजनक टिप्पणियों से परस्पर विश्वास को चोट पहुंच सकती है और संबंध प्रभावित हो सकते हैं।

(भोपाल)

लोकतंत्र का उजास अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही भाजपा

विष्णुदत्त शर्मा

21 अक्टूबर 1951 को दिल्ली में जनसंघ की स्थापना हुई थी, जिसके संस्थापक के रूप में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, प्रोफेसर बलराज मधोक जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी प्रमुख थे और जनसंघ का चुनाव चिन्ह दीपक तथा झंडा भगवा रंग का रखा गया। देश में सामान नागरिक सहिता, गौहत्या पर प्रतिबंध एवं जम्मू कश्मीर से धारा 370 को समाप्त करना जनसंघ की राजनीति के प्रमुख विषय थे।

हमारी भारतीय जनता पार्टी का इतिहास भारतीय जनसंघ से जुड़ा है। जनसंघ की नींव श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने रखी थी। स्वतंत्रता के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सम्मिलित रहे थे किंतु नेहरू-लियाकत समझौते का विरोध एवं पंडित नेहरू की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के विरोध में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने 19 अप्रैल 1950 को केंद्रीय उद्योग मंत्री के पद से त्यागपत्र देकर कांग्रेस के विकल्प के रूप में एक नया राजनीतिक दल खड़ा करने का निर्णय किया। 21 अक्टूबर 1951 को दिल्ली में जनसंघ की स्थापना हुई थी, जिसके संस्थापक के रूप में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, प्रोफेसर बलराज मधोक जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी प्रमुख थे और जनसंघ का चुनाव चिन्ह दीपक तथा झंडा भगवा रंग का रखा गया। देश में सामान नागरिक सहिता, गौहत्या पर प्रतिबंध एवं जम्मू कश्मीर से धारा 370 को समाप्त करना जनसंघ की राजनीति के प्रमुख विषय थे। वर्ष 1975 तक जनसंघ इन्ही मुद्दों को लेकर अपनी राजनीति कर रहा था किंतु इंदिरा गाँधी द्वारा आपातकाल की घोषणा एवं आपातकाल के विरोध में सयुंक्त मोर्चा खड़ा करने के उद्देश्य से तत्कालीन जनसंघ के नेतृत्वकर्ताओं ने 1977 में जनसंघ का विलय जनता पार्टी में किया, किंतु अपने वैचारिक अधिष्ठान के स्वाभिमान के लिए जनता पार्टी से अलग होकर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी, लाल कृष्ण आडवाणी जी सहित जनसंघ के अन्य नेताओं ने 6 अप्रैल, 1980 को पंच निष्ठाओं के आधार पर भारतीय जनता पार्टी के नाम से नए राजनैतिक दल की स्थापना की। भारतीय जनता पार्टी के शून्य से शिखर की इस 44 वर्षों की यात्रा में कई अच्छे-बुरे पड़ाव आये है किंतु अपने ध्येयों की वजह से हमारा संगठन अपने मूल विचार पर आज भी चट्टान की भांति अडिग है। श्रद्धेय अटलजी संगठन के पहले अध्यक्ष बने एवं 1980 में भारतीय जनता पार्टी का प्रथम अधिवेशन मुंबई में आयोजित किया गया था। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्रद्धेय अटलजी ने भविष्यवाणी की थी, वो आज सत्य सिद्ध हो चुकी है। उन्होंने कहा था- ''मैं ये भविष्यवाणी करने का साहस करता हूं कि अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा''। मूलतः भाजपा की यह यात्रा एक विचार की है जिसके आधार पर भाजपा देश के अन्य राजनीतिक दलों से अलग है। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई का अध्यक्ष होने के नाते मैं यह गंभीरता के साथ कह सकता हूँ कि वर्तमान राजनीति में संभवतः भाजपा ही एक मात्र राजनीतिक पार्टी है जो व्यक्ति या परिवार पर आधारित ना होकर अपनी विचारधारा पर आधारित है। हमारी इसी वैचारिक स्पष्टता एवं अपने कार्यों के प्रति सक्रियता से ऐसे अनेक विषयों का समाधान हुआ है, जिनकी कल्पना करना भी असंभव था। दो सीटों पर विजय से शुरू हुआ भाजपा का संसदीय सफर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 400 का जादुई आकंडा छूने के नजदीक है। आज देश के हर कोने में भाजपा की सशक्त उपस्थिति है। आज भाजपा के बिना देश में कोई राजनीतिक प्रक्रिया सम्भव नहीं है। पूर्वोत्तर के जिन राज्यों में भाजपा का सत्ता में आना कुछ समय पहले तक मृग मरीचिका माना जाता था, वहाँ की जनता ने भी भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया और असम, त्रिपुरा, मणिपुर सहित अन्य राज्यों में भी भाजपा की सरकारें बनीं। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत की हर छोटी से बड़ी पंचायत में भाजपा की प्रभावी उपस्थिति दिनोंदिन बढ़ रही है। अब चहुँओर कमल ही खिलता दिखाई दे रहा है। चप्पा चप्पा भाजपा, यह अब नारा नहीं आज की तारीख में एक हकीकत बन चुका है। जिन सपनों को लेकर जनसंघ से लेकर भाजपा के कार्यकर्ता गाँव-गाँव गए, वे आज साकार हुए हैं। इस दीर्घकालिक प्रक्रिया में पार्टी ने एक से बढ़कर एक पराक्रमी और परिश्रमी नेतृत्व देखा। स्वएर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी से लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक भाजपा ने देश की दलगत राजनीति में ऐसे प्रेरणा के पुंज दिए हैं, जिनकी आभा से राजनीतिक जगत जगमगा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के रूप में हमारे नेतृत्व की संकल्प शक्ति की वजह से ही लगभग पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा के पश्चात आज अयोध्या में भव्य और दिव्य राम मंदिर के निर्माण का सपना वास्तविकता बना है। हमारे संस्थापकों ने एवं भाजपा के असंख्य कार्यकर्ताओं ने श्रीरामलला को अपने मंदिर में विराजमान देखने हेतु अपनी चुनी हुयी सरकारें भी न्योछावर कर दीं, यह अपने विचारधारा पर अडिग रहने का एक उदाहरण मात्र है। हमारे पितृपुरुषों का संकल्प एवं एक देश में ₹दो विधान दो प्रधान दो निशान नहीं चलेंगे की पूर्ति स्वरूप प्रधानमंत्री मोदी की सरकार द्वारा लिया गया अनुच्छेद 370 को हटाने का ऐतिहासिक निर्णय हमारी ध्येय पूर्ति की यात्रा का और एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार एवं हमारे पूर्व राष्ट्री य अध्यक्ष एवं देश के वर्तमान गृह मंत्री अमित शाह जी के कार्यकाल में भाजपा ने श्रद्धेय अटलजी की सरकार तथा तत्कालीन संगठन की नीतियों को दिशा देने के प्रयास के साथ ही अपनी विचारधारा अनुरूप 'राष्ट्र सर्वोपरि मानकर अनेकानेक ऐतिहासिक निर्णय किये हैं, जो हमारी विचारों की स्पष्टता को प्रतिलक्षित करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ इच्छाशक्ति से जो सपना हमारे संस्थापकों ने भारत को विश्व गुरु बनाने का देखा था आज उस ओर हम कर्तव्यपरायणता के साथ अग्रसर हैं। हमारी ध्येय यात्रा में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली पूर्ण बहुमत की सरकार आते ही तीन तलाक कानून, नागरिकता संशोधन कानून, आपराधिक न्यायिक कानूनों में बदलाव के साथ ही पंडित दीनदयालजी जी के अंत्योदय पर आधारित गरीब- कल्याण की योजनाओं के द्वारा करोड़ों गरीब लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने का काम भी हुआ है। वास्तव में, केंद्र और राज्यों की हमारी सरकारें सुशासन के प्रति समर्पित रहती हैं क्योंकि यही लोकतंत्र की आवश्यकता है। भाजपा समाज के आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति के विकास की बात ही नहीं करती, बल्कि उसे चरितार्थ भी करती है। भाजपा द्वारा जनकल्याण के इस कार्य हेतु अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली हमारी केंद्र की सरकार ने अंत्योदय के सिद्धांत अनुरूप ही 50 करोड़ से अधिक लोगों के जनधन खाते खुलवाए। आयुष्मान, उज्ज्वला और आवास योजनाएं संचालित की गई। देश खुले में शौच से मुक्त हो गया, घर घर बिजली पहुंचाई। 10 करोड़ से अधिक के गैस कनेक्शन दिए। हर घर शुद्ध पेयजल पहुँचाया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

वोट में तब्दील होने वाले मुद्दों की तलाश बड़ी चुनौती

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

एक बात और चुनाव घोषणा पत्रों में मुफ्त की सुविधाओं की भरमार भी अब लोगों को अधिक लुभाने वाली नहीं लगती। कारण साफ है इससे एक और प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष कर देने वाला अपने को ठगा समझने लगा है, वहीं लाभार्थी इसे राजनीतिक दलों की कमजोरी समझने लगा है। 18वीं लोकसभा के चुनावों का बिगुल बज चुका हैं वहीं पहले चरण की 102 सीटों के लिए नामांकन का कार्य पूरा होने के साथ ही एनडीए ने 31 मार्च को मेरठ और इंडी गठबंधन ने नई दिल्ली से चुनावी केंपेन का आगाज कर दिया है। लोकसभा के सातों चरणों के मतदान तक राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव रैलियों, रोड़ शो सहित विभिन्न मंचों से एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहेगा। सौ टके का सवाल यह है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनावों में चुनाव अभियान के दौरान आखिर मुख्य मुद्दे क्या बनेंगे? हाल ही पांच विधान सभा चुनावों के दौरान गारंटियों की खूब चचाएं रही। एक तरफ गारंटियां थी तो दूसरी और बीजेपी ने मोदी को ही गारंटी बताकर प्रचारित किया। दरअसल देखा जाएं तो पिछले कुछ चुनावों से चाहे वे लोकसभा के हो या विधान सभाओं के चुनाव हो, सीधे जनता से जुड़े मुदें तो कहीं नेपथ्य में ही रह जाते हैं। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि जनता से जुड़े मुद्दों को आमजनता भी अब मुद्दे या चुनावी एजेंडा नहीं मानने लगी है। इसका कारण भी कुछ और ही होता जा रहा है। किसी जमाने में गरीबी हटाओं या भ्रष्टाचार मिटाओं या महंगाई या बेरोजगारी तो सकारात्मक प्रचार अभियान में विकास की बात आदि मुद्दे महत्वपूर्ण होते थे पर अब देखा जाए तो यह मुद्दे वोट में तब्दील नहीं हो पा रहे हैं। पिछले चुनावों के अनुभव हमारे सामने हैं। दर असल अब नकारात्मक प्रचार राजनीतिक दलों पर उलटा पड़ने लगा है। पिछले दो लोकसभा के चुनावों में चौकीदार, सेना के साक्ष्य, चाय वाला आदि ऐसे वक्तव्य रहे जिसका जितना अधिक उपयोग हुआ वह भाजपा और नरेन्द्र मोदी के पक्ष में ही गया। दरअसल अब वोट विश्वसनीयता यानी की भरोसे और वोल्डनेस पर पड़ने लगे हैं। एक बात यह भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि आजादी के 75 साल बाद भी किसी दल का वोट प्रतिषत 50 प्रतिशत का आंकड़ा छू नहीं पाया है। दूसरी और चुनाव आयोग द्वारा लाख प्रयासों के बाद भी 100 में से 33 प्रतिशत मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर मतदान के लिए ले जाने में हम सफल नहीं हो पा रहे हैं। खैर यह अलग विचारणीय मुद्दे हैं। विपक्ष के प्रयास है कि सत्तारुढ़ द्वारा संबैधानिक संस्थाओं यथा ईडी, आईटी आदि जांच एजेंसियों का हथियार के रुप में उपयोग, चुनावी बॉण्ड, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि को प्रभावी तरीके से चुनावी मुद्दा बनाया जाये पर अभी तक जो दिखाई दे रहा है उसमें साफ है कि यह मतदाताओं को प्रभावित करने वाले मुद्दे बन नहीं पा रहे हैं। इसका एक प्रमुख कारण तो विपक्षी खासतौर से इंडी के दलों का जुड़ना बिखरना जारी है। एक तरफ ममता पं.बगांल में कांग्रेस द्वारा वामपंथी दलों के साथ तालमेल कर चुनाव लड़ने को खुले आम भाजपा को लाभ बताने वाला निर्णय बता रही हैं वहीं बिहार, महाराष्ट्र, दिल्ली में कांग्रेस का छोटे पार्टनर के रुप में सामने आने, पंजाब में आप से सीटों के बंटवारें को लेकर समझौता ही नहीं होने, बसपा का अलग रुख, अजित जनता दल का बीजेपी के साथ आना, ओडीसा में बीजद सहित विरोधाभास सामने आ रहे हैं। वहीं दिल्ली की रैली से साफ हो जाता है कि विपक्ष का जो पैनापन होना चाहिए था वह लगभग असरदार नहीं दिखा। चुनावी बॉण्ड का मुद्दा जिस तरह से उछला वह अपनी धार नहीं दिखा पाया क्योंकि चुनावी चंदा सभी ने लिया चाहे वो कम हो या ज्यादा। दूसरी बात आमजन का यह सोच माना जा सकता है कि सभी राजनीतिक दल चुनावी चंदा लेते हैं और साफ है कि इसका फायदा सत्तारुढ़ दल को अधिक ही मिलता है। चंदा देने वाला अपने निहितार्थ देखता है और यही कारण है कि वह सत्तारुढ़ दल को अधिक चंदा देता है। इसलिए जिस तरह से यह बड़ा मुद्दा बनने की संभावना देखी जा रही थी वह कहीं पीछे ही रह गई। इसी तरह से केजरीवाल सहित आप नेताओं पर ईडी छापों और जेल का मुद्दा भी अधिक असर दिखाता नहीं लग रहा। इसका कारण भी साफ है कि केजरीवाल जो भ्रष्टाचार के खिलाफ ही सत्ता में आये थे पहलीबात तो उनके नेताओं पर शराब ठेकों में भ्रष्टाचार के आरोप लगे, दूसरी और बार बार सम्मन आने पर भी रेस्पांस नहीं करने और गिरफ्तारी के बाद भी पद पर बने रहने का आमजन में अभी तो नकारात्मक असर ही दिखाई दे रहा है। इस मामलें में लोग लालू की बड़ाई करने लगे हैं कि लालू ने गिरफ्तार होते ही अपना पद त्याग दिया और भले ही राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाया पर पद की गरिमा को तो बनाये रखा। केजरीवाल द्वारा बार बार सम्मन की अवहेलना करने और त्यागपत्र नहीं देने से लोगों में केजरीवाल के पदलोलुपता का संदेश गया अन्यथा निश्चित रुप से केजरीवाल के प्रति सहानुभूति होती और इसका लाभ समस्त विपक्ष को मिलता पर लगता है एक अच्छा अवसर खो दिया गया है। अब सवाल महंगाई को लेकर आता है तो महंगाई किसी जमाने में अपना असर दिखाती थी और प्याज के भाव बढ़ने के कारण सरकार को जाते हुए हमनें देखा है पर लगता है अब यह मुद्दा भी कुंद पड़ता जा रहा है। इसका कारण है बेरोजगारी और मंहगाई को जिस तरह से विपक्ष को चुनावी इशु बनाना चाहिए था उसमें वह सफल नहीं हो पा रही हैं। इस चुनाव में किसानों का मुद्दा तो अभी तक दिखाई ही नहीं दे रहा। एक बात और चुनाव घोषणा पत्रों में मुफ्त की सुविधाओं की भरमार भी अब लोगों को अधिक लुभाने वाली नहीं लगती। कारण साफ है इससे एक और प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष कर देने वाला अपने को ठगा समझने लगा है, वहीं लाभार्थी इसे राजनीतिक दलों की कमजोरी समझने लगा है। चुनावी बॉण्ड भी इसलिए अधिक बड़ा मुद्दा नहीं बन पा रहा कि कमोबेस सभी दलों को चंदा मिला है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

देश-विदेश

यूएन में इस्लामोफोबिया पर आये प्रस्ताव की वास्तविकता

डॉ. मंयक चतुर्वेदी

अभी कुछ ही दिन पहले यूएन में 'इस्लामोफोबिया' पर प्रस्ताव लाया गया है। जिसमें पूरी दुनिया से यह कहा गया कि 'इस्लाम से नफरत' करने वालों पर अपने देशों में सख्त कदम उठाएं। कहा जा रहा था कि इस्लाम का आतंकवाद से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं। इस्लाम तो शांति का मजहब है, वह तो आपसी प्रेम और भाईचारे में विश्वास रखता है और अब इनका ये प्रेम देखिए कि जिसे ये रमजान का पाक महीना कहते हैं, उसी पवित्र महीने में दुनिया के तमाम देशों में इस्लामिक आतंकवादी घटनाएं घटी हैं। रूस की राजधानी मॉस्को स्थित कॉन्सर्ट हॉल में आतंकी हमले को अंजाम देना हो या मध्यप्रदेश के इंदौर में दो हिन्दू युवाओं को इस लिए घेर कर मार देने के लिए आतुर हो जाना हो, जिसमें कि वे अपने ई-रिक्शा में भगवान श्रीराम जी का भजन सुन रहे थे। ताजा घटनाक्रम महाराष्ट्र में नासिक का है, जहां के जय भवानी इलाके में हजारों मुस्लिमों की भीड़ ने ''सर तन से जुदा'' के नारे लगाए और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। मुस्लिमों ने सिटी लिंक बसों और हिंदुओं के निजी वाहनों पर भी हमले किये। भीड़ ने संकेत सौदागर नाम के एक लड़के पर इस्लाम के पैगंबर मुहम्मद की बेटी फातिमा पर अपमानजनक टिप्पणी का आरोप लगाया। जबकि पूरी हकीकत यह है कि नासिक में हिंदू समुदाय आगामी रामनवमी उत्सव (17 अप्रैल) की तैयारी कर रहा है। इस दौरान सौदागर समेत हिंदू समुदाय के लोगों ने तैयारियों के बारे में इंस्टाग्राम पर पोस्ट करना शुरू किया तो उसे स्थानीय मुस्लिम समुदाय के कई लोग बर्दाश्त नहीं कर सके। इन मुस्लिमों ने हिंदुओं द्वारा पोस्ट की गई तैयारियों वाले पोस्ट पर भगवान राम के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी शुरू कर दी। इनमें 'ख्वाजा' नाम का एक लड़का भी शामिल था। उन्होंने अन्य मुस्लिमों के साथ मिलकर आगामी हिंदू त्योहार रामनवमी की तैयारियों का अपमान किया करना शुरू कर दिया। जिसके बाद इस हिन्दू लड़के ने भी कुछ इस्लाम की हकीकत बयान कर दी और मामले ने तूल पकड़ लिया। अब रमजान के महीने में जिसे यह पाक महीना कहते हैं, शहर के मुस्लिम इकट्ठा होकर इस हिंदू व्यक्ति के लिए मौत की सजा की मांग कर रहे हैं। इस तीनों ही मजहबी आतंक से जुड़े अनेक वीडियो सोशल मीडिया पर आ गए हैं। रशिया टुडे मीडिया ग्रुप की प्रधान संपादक मार्गरीटा सिमोनियन ने रूस घटनाक्रम को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करते हुए संदिग्धों के कबूलनामे और बेहतर तरीके से स्पष्ट कर देती हैं। इनमें से एक 'शम्सुद्दीन फरीद्दीन' है, उसने कैमरे के सामने बताया कि पैसों के बदले बेगुनाह लोगों की जान लेने के अपने भयावह मिशन के बारे में चौंकाने वाले विवरण का खुलासा करता है। जैसे-जैसे पूछताछ आगे बढ़ती है, वह स्वीकारता है ''एक इस्लामी मौलवी ने बोला कि जाओ और लोगों को मार डालो, चाहे वे किसी भी प्रकार के हों।'' उसे परिणामों की चिंता किए बिना हमले को अंजाम तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया था। इसके अलावा, इस आतंकवादी ने अपनी भर्ती प्रक्रिया के बारे में जरूरी जानकारी भी दी है, जोकि लोगों को कट्टरपंथी (इस्लाम के लिए जीने और मरनेवाला) बनाने और हिंसक उद्देश्यों के लिए संगठित करने के लिए अपनाई गई खतरनाक रणनीति पर प्रकाश डालती है। यह टैक्टिस ठीक वैसी ही है, जैसी कि 15 साल पहले 26 नवंबर, 2008 को समुद्री मार्ग से भारत में घुसे 10 पाकिस्तानी आतंकियों ने अपनाई थी। लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों ने मुंबई पर हमला किया था। 26/11 के हमलावर पाकिस्तान के कराची से अरब सागर होते हुए मुंबई आए थे। इस हमले में 18 सुरक्षाकर्मी समेत 166 लोग मारे गए और 300 से अधिक लोग घायल हुए थे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

हिन्दू नव वर्ष उत्सव के पीछे का विज्ञान

पंकज जगन्नाथ जायसवाल

राष्ट्रीय चेतना के ऋषि स्वामी विवेकानन्द ने कहा था, ''यदि हमें गौरव से जीने की भावना जागृत करनी है, यदि हम अपने हृदय में देशभक्ति के बीज बोना चाहते हैं तो हमें हिन्दू राष्ट्रीय पंचांग की तिथियों का आश्रय लेना होगा। जो कोई भी विदेशियों की तिथियों पर निर्भर रहता है वह गुलाम बन जाता है और आत्म-सम्मान खो देता है।'' इस शुभ दिन पर प्रख्यात गणितज्ञ भास्कराचार्य ने सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, माह और वर्ष की गणना करके प्रथम भारतीय पंचांग की स्थापना की थी। जहां अन्य देशों में नववर्ष मनाने का आधार किसी व्यक्ति, घटना या स्थान से जुड़ा होता है और विदेशी लोग अपने देश की सामाजिक और धार्मिक परंपराओं और मान्यताओं के अनुसार इसे मनाते हैं, वहीं हमारा भारतीय नववर्ष ब्रह्मांड के शाश्वत तत्वों से जुड़ा हुआ है। ग्रहों और तारों की चाल पर आधारित हमारा नववर्ष सबसे विशिष्ट और वैज्ञानिक है। भारतीय संस्कृति या सनातन संस्कृति एक सुंदर, तार्किक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और वैज्ञानिक सभ्यता है। महात्मा गांधी के अनुसार, किसी राष्ट्र की संस्कृति उसके लोगों के दिलों और आत्माओं में होती है। यह पूरी तरह से सटीक है क्योंकि ऐसी कई चीजें या प्रथाएं हैं जिनका हम सदियों से पालन करते आ रहे हैं। जैसा कि हम हिंदू नववर्ष मनाते हैं, आइए हिंदू कैलेंडर के पीछे के विज्ञान को देखें। भारत में खगोल विज्ञान की एक लंबी परंपरा है, हालांकि नियमित ऐतिहासिक दस्तावेजों की कमी के कारण इसके विकास का पता लगाना मुश्किल है। प्राचीन लेखन में पाये जाने वाले खगोलीय संदर्भों की व्याख्या की जानी चाहिए। भारतीय खगोल विज्ञान 1400 ईसा पूर्व से पहले फला-फूला, जो बेबीलोनियन खगोल विज्ञान (जो पांचवीं शताब्दी में समृद्ध हुआ) से कहीं पुराना है। तिथियां (तारीखें) और नक्षत्र (तारे, तारा समूह या क्षुद्रग्रह) प्रारंभिक वैदिक खगोल विज्ञान में अवधारणाएं थीं। पांचवीं शताब्दी में आर्यभट्ट सहित कई खगोलविदों ने वर्तमान पंचांग (कैलेंडर) का निर्माण और परिशोधन किया। हिंदू नववर्ष चंद्र-सौर कैलेंडर पर आधारित है, जिसका सीधा संबंध मानव शरीर की संरचना से है। भारतीय कैलेंडर न केवल सांस्कृतिक रूप से, बल्कि वैज्ञानिक रूप से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह आपको ग्रहों की चाल से जोड़ता है। वसंत ऋतु की शुरूआत प्रतिपदा से होती है, जो आनंद, उत्साह और उल्लास से भरी होती है, साथ ही चारों ओर फूलों की खुशबू होती है। यह वह समय भी होता है जब फसल पकने लगती है, जिससे किसान अपनी मेहनत का फल प्राप्त कर सकता है। नक्षत्र अनुकूल स्थिति में होते हैं। यानी किसी भी काम को शुरू करने के लिए अनुकूल समय होता है। पृथ्वी के झुकाव के कारण हिंदू नववर्ष से शुरू होने वाली 21दिवसीय अवधि के दौरान उत्तरी गोलार्ध को सूर्य की अधिकांश ऊर्जा प्राप्त होती है। हालांकि उच्च तापमान मनुष्यों के लिए असुविधाजनक हो सकता है, लेकिन यही वह समय होता है जब पृथ्वी की बैटरी चार्ज होती है बारह हिन्दू मास (मासा, चंद्र मास) लगभग 354 दिनों के बराबर होते हैं, जबकि एक नक्षत्रीय (सौर) वर्ष की लंबाई लगभग 365 दिन होती है। इससे लगभग ग्यारह दिनों का अंतर पैदा होता है, जो हर (29.53/10.63) = 2.71 वर्ष या लगभग हर 32.5 महीने में समाप्त हो जाता है। पुरुषोत्तम मास या अधिक मास एक अतिरिक्त महीना है जिसे चंद्र और सौर कैलेंडर को सरेखित रखने के लिए जोड़ा जाता है। बारह महीनों को छह चंद्र ऋतुओं में विभाजित किया गया है, जो कृषि चक्र, प्राकृतिक फूलों के खिलने, पत्तियों के गिरने और मौसम के साथ समयबद्ध हैं। चंद्र और सौर कैलेंडर के बीच बेमेल को ध्यान में रखते हुए, हिन्दू विद्वानों ने अंतर-महीने को अपनाया, जहां एक विशेष महीना बस दोहराया जाता है। इस महीने का चयन यादृच्छिक नहीं था, बल्कि दो कैलेंडर को कृषि और प्रकृति के चक्र में वापस लाने के लिए समयबद्ध था। इस दिन दुनिया भर में क्या हो रहा है और मानव शरीर विज्ञान और मानस में क्या चल रहा है, इस संदर्भ में उगादि को जनवरी की पहली तारीख के बजाय नया साल माना जाना कुछ हद तक प्रासंगिक है। उगादि चंद्र-सौर कैलेंडर का पालन करता है, जो मानव शरीर की संरचना से अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। यह जानना दिलचस्प होगा कि भारतीय ज्योतिष के विद्वानों ने वैदिक युग में ही भविष्यवाणी कर दी थी कि सूर्य ग्रहण एक निश्चित दिन और एक निश्चित समय पर होगा। यह समय गणना युगों बाद भी पूरी तरह सटीक साबित हो रही है। नववर्ष का स्वागत रात्रि के अंधेरे में नहीं किया जाता। नववर्ष का स्वागत सूर्य की पहली किरण का स्वागत करके किया जाता है। अंग्रेजी कैलेंडर में नववर्ष की शुरूआत मध्य रात्रि 12 बजे मानी जाती है, जो वैज्ञानिक नहीं है। दिन और रात को मिलाकर ही एक दिन पूरा होता है। दिन की शुरूआत सूर्योदय से होती है और अगले सूर्योदय तक जारी रहती है। सूर्यास्त को दिन और रात के बीच का संक्रमण बिंदु माना जाता है। प्रकृति का नववर्ष मार्च में होता है, जब प्रकृति और पृथ्वी एक चक्र पूरा करते हैं। प्रकृति का चक्र जनवरी में समाप्त नहीं होता। नववर्ष तब शुरू होता है, जब पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती है और दूसरे चक्र के लिए सूर्य की परिक्रमा करती है। नया साल प्रकृति में जीवन की नई शुरूआत का प्रतीक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

गुड़ी पड़वा

गुड़ी पड़वा, जिसे संवत्सर पड़वो (गोवा में हिंदू कोंकणी लोगों के बीच) के नाम से भी जाना जाता है, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन महाराष्ट्रीयन लोगों द्वारा मनाया जाता है। यह चैत्र नवरात्रि का पहला दिन है, जिसे घटस्थापना या कलश स्थापना के नाम से भी जाना जाता है। 'पड़वा' नाम संस्कृत शब्द 'प्रतिपदा' से आया है, जो चंद्र महीने के पहले दिन को संदर्भित करता है। इस दिन, एक सुशोभित गुड़ी को फहराया जाता है और उसकी पूजा की जाती है, जिससे इस आयोजन का नाम पड़ा है। यह आयोजन रबी मौसम के अंत में होता है। यह हिंदू चंद्र कैलेंडर के साढ़े तीन पवित्र दिनों में से एक है। अन्य संबंधित मुहूर्त दिनों में अक्षय तृतीया, विजयादशमी (या दशहरा) और बलिप्रतिपदा शामिल हैं।

उगादी

तेलुगु और कन्नड़ हिंदू कैलेंडर के अनुसार, उगादी, युगादी या संवत्सरदी चैत्र के महीने में चंद्रमा के बढ़ते चरण के पहले दिन मनाया जाता है। उगादी या युगादी शब्द संस्कृत के मूल शब्दों युग या 'आयु' और आदि से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'शुरूआत' जब संयुक्त होते हैं, तो ये शब्द 'एक नए युग की शुरूआत' का संकेत देते हैं। युगादी नाम विशेष रूप से वर्तमान अवधि या युग की शुरूआत से संबंधित है, जिसे कलियुग के रूप में जाना जाता है। उगादी आने वाले वर्ष में जीवन को स्वीकार करने और उसकी सराहना करने का प्रतिनिधित्व करता है, जो खुशी, दुख, क्रोध, भय, घृणा और आश्चर्य सहित अच्छे और बुरे अनुभवों का एक विविध संयोजन होगा। नीम का उपयोग दुःख को दशार्ने के लिए किया जाता है क्योंकि इसका स्वाद कड़वा होता है। गुड़ और पके केले स्वादिष्ट संतोष का प्रतिनिधित्व करते हैं। हरी मिर्च और काली मिर्च तीखी होती है, जो क्रोध का संकेत देती है। नमक भय का प्रतीक है, जबकि खट्टा इमली का रस घृणा का प्रतिनिधित्व करता है। कच्चे आम का उपयोग अकसर इसके खट्टेपण के लिए किया जाता है, जो आश्चर्य की भावना जोड़ता है। पूर्व की हर चीज की तरह यह कैलेंडर भी इस बात पर आधारित है कि यह मानव शरीर क्रिया और अनुभूति को कैसे प्रभावित करता है। उगादी के पीछे एक विज्ञान है जो कई अलग-अलग तरीकों से मानव कल्याण को बढ़ाता है।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

एक नजर

शांति व चुनाव प्रक्रिया में खलल डालने के लिए घुसपैठ की कोशिश : सेना

श्रीनगर। सेना ने शनिवार को कहा कि उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश का उद्देश्य कश्मीर में शांति और चुनाव प्रक्रिया को बाधित करना था। रक्षा मंत्रालय के एक बयान में कहा गया, "भारतीय सेना के नेतृत्व में एक संयुक्त अभियान में 5 अप्रैल को उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया। उरी सेक्टर में एलओसी के पार घुसपैठ की योजना बनाने और इरादा रखने वाले आतंकवादी समूहों के बारे में खुफिया एजेंसियों से कई इनपुट प्राप्त हुए थे।

कोयंबटूर लोकसभा सीट पर रोचक मुकाबले में भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई

चेन्नई। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई कोयंबटूर लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन और अन्नाद्रमुक गठबंधन का कड़ी टक्कर दे रहे हैं। त्रिकोणीय मुकाबले में अन्नामलाई द्रमुक के गणपति पी. राजकुमार और अन्नाद्रमुक के सिंगाई जी. रामचंद्रन से टकरा रहे हैं। आईपीएस अधिकारी से राजनेता बने इस युवा ने भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्य में एक अच्छी छवि बनाई है।

पेपर लीक मामले में ईडी ने 1 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

जम्मू। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को पुलिस सब-इंस्पेक्टर (एसआई) प्रश्नपत्र लीक मामले में 1 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। ईडी के अधिकारियों ने कहा कि उसने पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत आरोपी मेसर्स न्यू ग्लोबल फ्यूमिगेशन कॉर्पोरेशन के मालिक यतिन यादव और उसके सहयोगी लोकेश कुमार की 1 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है। ईडी ने कहा कि यह संपत्ति यतिन यादव और अन्य द्वारा जम्मू-कश्मीर पुलिस के 1200 सब-इंस्पेक्टरों की भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा के पेपर लीक से संबंधित मामले में कुर्क की गई है।

असम भाजपा को आचार संहिता के उल्लंघन के लिए कारण बताओ नोटिस

एजेंसी। गुवाहाटी

असम के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) ने आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन के कथित मामले में माकपा की शिकायत पर भाजपा को नोटिस भेजा है। माकपा ने आरोप लगाया है कि पूर्वोत्तर राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की तस्वीरों वाले फॉर्म वितरित करके सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कर रही है। सीईओ नोटिस में कहा गया है: असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय को माकपा के सचिव से भाजपा असम द्वारा एमसीसी उल्लंघन के बारे में एक शिकायत मिली है, जो ओरुनोदोई के तहत पात्र परिवारों का विस्तार करने के वादे के साथ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के नाम पर आवेदन पत्र (संलग्न) के कथित वितरण के संबंध में है।

सीईओ के अनुसार, फॉर्म वितरण और डेटा संग्रह डिजाइन को लेन-देन संबंधी बनाते हैं और यह मतदाताओं को प्रलोभन देने की प्रकृति में है जो विभिन्न वैधानिक प्रावधानों और एमसीसी के तहत एक निषिद्ध गतिविधि है। नोटिस में कहा गया है, प्रथम दृष्टया जांच के आधार पर ऐसा प्रतीत होता है कि आपकी पार्टी के स्टार प्रचारकों के प्रतीक और तस्वीरों वाले ये फॉर्म एमसीसी दिशानिर्देशों का उल्लंघन हैं।

'जानवर भी जानते हैं कि सांगली हमारा है': महाराष्ट्र कांग्रेस विधायक

नई दिल्ली/सांगली। दो सप्ताह से अधिक समय से आक्रामक रुख अपनाए पलुस-काडेगांव के कांग्रेस विधायक विश्वजीत पी. कदम ने शनिवार को नई दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य नेताओं से मुलाकात कर सांगली लोकसभा क्षेत्र किसी अन्य पार्टी के लिए न छोड़ने की बात दोहराई। पार्टी के संभावित उम्मीदवार विशाल पी. पाटिल के साथ खड़गे और के.सी. वेणुगोपाल, रमेश चेन्निथला और मुकुल वासनिक जैसे वरिष्ठ नेताओं से कदम ने दस दिनों में दूसरी बार मुलाकात की।

एक राष्ट्र, एक चुनाव से मजबूत होगा देश: राजनाथ

एजेंसी। सिंगरौली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के चुनाव एक साथ होने चाहिए। इसी तरह नगर पंचायत, नगर पालिका और जो भी चुनाव होने हैं, वो देशभर में एक साथ होने चाहिये। बार-बार चुनाव से देश के पैसों की बबार्दी होती है। रक्षा मंत्री सिंह शनिवार को मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में बैढ़न स्थित रामलीला मैदान में भाजपा उम्मीदवार राजेश मिश्रा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में विशेषज्ञों ने मान लिया था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार नहीं बन रही है, लेकिन हमें प्रदेश की जनता पर भरोसा था और वो कायम रहा। प्रदेश की जनता ने भाजपा को पूर्ण बहुमत की सरकार दी। अब फिर चार महीने के बाद लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। मेरा मानना है कि बार-बार चुनाव का होना बंद होना चाहिए। एक देश-एक चुनाव होना चाहिए।

लोकसभा के साथ विधानसभा, नगर पंचायत, पालिका, सभी का चुनाव एक साथ कराना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि नागरिकता कानून मुसलमान भाइयों के लिए हितकर है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न होता है। हमने उनको भारत की नागरिकता देने का वादा किया था। आज भी वह अगर भारत आना चाहे तो उनको डंके की चोट पर नागरिकता देंगे। उन्होंने कहा कि सभी को पता होगा कि आज देश में सभी गरीबों के देश में पक्के मकान बन चुके हैं और जिनके मकान नहीं बने हैं उनके जल्दी मकान बन जाएंगे।

पुणे के प्यासे मतदाताओं की धमकी: 'पानी नहीं तो वोट नहीं'

एजेंसी। महाराष्ट्र

पुणे। पानी के संकट से जूझ रहे पुणे के शिवाजीनगर के खैरेवाड़ी के ग्रामीणों ने समस्या का समाधान नहीं होने पर आगामी लोकसभा चुनावों के बहिष्कार की धमकी दी है। इलाके के लगभग 10 हजार लोग समस्या के समाधान की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुणे नगर निगम (पीएमसी) के अधिकारियों से बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का हल नहीं निकाला गया। पानी की कमी से परेशान लोगों ने इलाके में पानी नहीं, तो वोट नहीं का बैनर लगा दिया है।

उनका कहना है कि अगर पानी की समस्या का समाधान नहीं होगा, तो हम चुनाव का बहिष्कार करेंगे। उनकी इस चेतावनी ने राजनीतिक दलों के नेताओं को चिंतित कर दिया है। यहां 13 मई को चुनाव है। इलाके के एक निवासी ने कहा कि वे कई महीनों से पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन हालात जस के तस हैं।

न्यायपालिका पर बढ़ते हमले और न्यायिक अखंडता को कमजोर करने के प्रयासों पर एसआईएलएफ ने जताई आपत्ति

एजेंसी। नई दिल्ली

सोसाईटी ऑफ लॉ फर्मस (एसआईएलएफ) ने न्यायपालिका पर बढ़ते हमले और न्यायिक अखंडता को कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ आवाज उठाई है और इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। एसआईएलएफ के अनुसार पिछले दिनों यह देखने को मिला है कि कई बार सर्वोच्च अदालत (सुप्रीम कोर्ट) के न्यायाधीशों की ईमानदारी और क्षमता पर सवाल खड़े किए गए, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।

ऐसे में यह हमारे देश की न्यायपालिका की छवि को धूमिल करने का एक खतरनाक और कुत्सित प्रयास है। जबकि, देश की अदालतें हमेशा कानून के शासन को लेकर अड़ी और खड़ी रही हैं। सर्वोच्च न्यायालय की तरफ से बार-बार इस बात को कहा गया है कि कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। न्यायपालिका पार्टियों की स्थिति और कद की परवाह किए बिना कानूनों को लागू करने और व्याख्या करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही अदालतों के पास यह भी आजादी है कि किसी उच्च प्रोफाइल वाले व्यक्ति के खिलाफ भी वह कानून लागू कराए। ऐसे में किसी भी संस्था के जांच कार्यों में हस्तक्षेप की अनुमति अदालतों द्वारा नहीं दी गई है।

देश विरोधी साजिश मामले में एनआईए की टीम ने बलिया में 11 जगहों पर की छापेमारी

एजेंसी। नई दिल्ली

देश विरोधी साजिश मामले में प्रतिबंधित नक्सली संगठन पर कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीमों ने आज उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 11 स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए ने बिहार के कैमूर जिले में एक स्थान पर आरोपितों और संदिग्ध व्यक्तियों के परिसरों पर भी छापे मारे। एनआईए के मुताबिक मूल रूप से एंटी टेरर स्क्वाड (एटीएस) उत्तर प्रदेश द्वारा दर्ज मामले के संबंध में यह छापेमारी की गई थी। एनआईए द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक शनिवार को छापेमारी के बाद तलाशी के दौरान मोबाइल फोन, सिम कार्ड और मेमोरी कार्ड सहित कई डिजिटल उपकरणों के साथ-साथ प्रतिबंधित नक्सली संगठन के पर्चे जैसे आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

सहारनपुर रैली में बोले सीएम योगी, भ्रष्टाचार और अराजकता के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

एजेंसी। सहारनपुर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि संगठन ही सेवा है। कोरोना के दौरान पीएम ने भाजपा के कोटि-कोटि कार्यकताओं को यह मंत्र देकर उन्हें जनता-जनार्दन की सेवा में लगाया था। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया ने माना है कि आतंकवाद चुनौती है। इससे मुक्ति मिलनी ही चाहिए। इसलिए सरकार का भ्रष्टाचार, अराजकता के खिलाफ जीरो टॉलरेंस है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को सहारनपुर में भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल व कैराना से उम्मीदवार प्रदीप चौधरी के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर मां शाकुंभरी की पावन धरा पर कोटि-कोटि कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

सीएम ने कहा कि सहारनपुर उत्तर प्रदेश की नंबर एक की लोकसभा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह क्रम चुनाव परिणाम में भी देखने को मिलेगा। सीएम ने कहा कि सौभाग्यशाली हैं कि हमने बदलते हुए भारत को देखा है। हम ऐसे भारत का दर्शन कर रहे हैं, जो दुनिया के अंदर वैश्विक मंच पर ग्लोबल लीडर और विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जाना जा रहा है। यह भारत दुनिया को विकास और गरीब कल्याण के कार्यक्रम का मॉडल दे रहा है। भारत का यह मॉडल नौजवानों को आजीविका की गारंटी और आस्था को सम्मान दे रहा है। पहले जिन मुद्दों पर चर्चा करने में लोग हिचकते थे, आज पीएम मोदी के नेतृत्व में उस कार्य को करने में भी कोई रूकावट नहीं आ रही है। सीएम ने कहा कि दो दिन पहले ब्रिटेन के प्रतिष्ठित समाचार पत्र की रिपोर्टिंग दुनिया का ध्यान आकृष्ट करती है।

एनआईए ने भूपतिनगर में महिलाओं को परेशान किया : ममता बनर्जी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के कर्मियों पर भूपतिनगर में स्थानीय महिलाओं को परेशान करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, भूपतिनगर में महिलाओं ने किसी पर हमला नहीं किया। असल में एनआईए ने सबसे पहले हमला किया। यदि वे किसी के घर पर असमय जाते हैं और महिलाओं को परेशान करते हैं, तो वे क्या करेंगी? क्या वे घर पर बैठेंगी और अपना चेहरा छिपाएंगी?

सीतारमण का कांग्रेस पर तंज, कहा- वादे निभाने के लिए बचेगा ही नहीं पैसा

एजेंसी। बेंगलुरु/नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र पर तंज कसते हुए कहा कि वादे निभाने के लिए पैसा बचेगा ही नहीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के वादे कर रहे हैं, जिन्हें निभाने पर बजट में इतना घाटा होगा कि पैसा बचेगा ही नहीं। केंद्रीय वित्त मंत्री ने शनिवार को यहां भाजपा कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, ₹कांग्रेस के घोषणापत्र में कई जगह पर परस्पर विरोधाभासी बातें कही गई हैं। वे इस तरह के वादे कर रहे हैं, जिन्हें निभाने पर बजट में इतना घाटा होगा कि पैसा बचेगा ही नहीं।

सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर मैं सिर्फ कर्नाटक का उदाहरण लूंगी। यहां विधानसभा चुनाव जीतने के लिए उन्होंने अपने घोषणापत्र में बहुत बड़े वादे किये थे, उन घोषणापत्रों ने उन्हें जिताया लेकिन उन वादों को पूरा करने के लिए उन्हें बजट की जरूरत है। डीवाई शिवकुमार ने खुद कहा था कि उनके पास विकास के लिए धन नहीं है। सीतारमण ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद कर्नाटक पर बहुत बड़ा वित्तीय बोझ पड़ा...अगर एक राज्य में उनके (कांग्रेस सरकार) के कारण इतना बड़ा बोझ है, तो क्या देश की जनता को उनके वादों (कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी लोकसभा चुनाव घोषणापत्र) पर भरोसा करना चाहिए?₹ सीतारमण ने कहा कि यह चिंताजनक और दुखःद है कि बेंगलुरु पेयजल संकट से जूझ रहा है। वित्त मंत्री ने 2023 में सत्ता में आने पर कांग्रेस सरकार द्वारा कई सिंचाई और पेयजल पहलों को रोके जाने के लिए उसे जिम्मेदार ठहराया।

भारी मशक्कत के बाद कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में तय किए तीन उम्मीदवार

एजेंसी। भोपाल

कांग्रेस के भीतर चली भारी कशमकश के बाद आखिरकार मध्य प्रदेश के तीन उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए गए। ये तीनों उम्मीदवार पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ने जा रहे हैं। कांग्रेस ने ग्वालियर से प्रवीण पाठक, मुरैना से सत्यपाल सिंह सिकरवार और खंडवा से नरेंद्र पटेल को उम्मीदवार बनाया है। राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हैं। इनमें से 28 सीटें कांग्रेस के खाते में है। एक सीट आपसी समझौते के तहत समाजवादी पार्टी को गई है। कांग्रेस ने अब सभी 28 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए हैं। तीन सीटों के लिए काफी खींचतान चल रही थी और उम्मीदवारों का फैसला नहीं हो पा रहा था। आखिरकार शनिवार को शेष तीनों उम्मीदवारों के नाम का फैसला हो गया। वहीं समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार का खजुराहो संसदीय क्षेत्र से नामांकन निरस्त हो गया है।

सीबीआई ने सात तस्करों को गिरफ्तार कर 3 शिशुओं को बचाया

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली के केशव पुरम इलाके में छापेमारी कर शिशुओं की खरीद-फरोख्त में शामिल 7 तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस तलाशी अभियान के दौरान सीबीआई की टीम ने 3 शिशुओं को बचा लिया। इसमें डेढ़ दिन और 15 दिन के दो शिशु और एक महीने की एक बच्ची है। सीबीआई इस मामले में बच्चों की खरीद-फरोख्त करने वाले शख्स से पूछताछ कर रही है। सीबीआई ने जिन शिशु तस्करों को गिरफ्तार किया है, उनमें हरियाणा के सोनीपत निवासी नीरज, दिल्ली के पश्चिम विहार निवासी इंदु पवार , पटेल नगर निवासी असलम, नारंग कॉलोनी कन्हैया नगर निवासी पूजा कश्यप, कराला निवासी रितु और मालवीय नगर निवासी अंजलि हैं। इन शिशु तस्करों की तलाश में सीबीआई ने दिल्ली और हरियाणा में 7 स्थानों पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान सीबीआई ने 5.5 लाख नकद और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किये हैं। सीबीआई ने शिशुओं की खरीद-फरोख्त में सक्रिय विभिन्न 10 आरोपितों के खिलाफ एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। सीबीआई के मुताबिक शिशु तस्करों का एक नेटवर्क देशभर में शिशुओं की खरीद-फरोख्त में सक्रिय है।

भाजपा ने पश्चिम बंगाल और पंजाब में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर उठाए सवाल

नई दिल्ली। भाजपा ने पश्चिम बंगाल और पंजाब में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर सवाल उठाते हुए ममता बनर्जी और भगवंत मान के रवैये की जमकर आलोचना की है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आरपी सिंह के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि 2022 के बम विस्फोट मामले की जांच के लिए पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर गई एनआईए की टीम पर संदेशखाली की तर्ज पर ही हमला किया गया है और राज्य के टीएमसी नेता के साथ-साथ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी इस हमले को जस्टिफाई कर रही हैं।

शिवसेना ने कल्याण से श्रीकांत शिंदे को फिर उम्मीदवार बनाया

एजेंसी। मुंबई

आखिरकार, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने शनिवार को मौजूदा सांसद और उनके बेटे श्रीकांत शिंदे को कल्याण निर्वाचन क्षेत्र से फिर से उम्मीदवार बना दिया। श्रीकांत शिंदे 2014 से कल्याण का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्हें शिवसेना-यूबीटी उम्मीदवार वैशाली दरेकर के खिलाफ खड़ा किया गया है। श्रीकांत शिंदे के दोबारा नामांकन की घोषणा उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की। उन्होंने घोषणा की कि श्रीकांत शिंदे भाजपा, शिवसेना, एनसीपी, राष्ट्रीय समाज पक्ष, आरपीआई (आठवले) वाली महायुति के उम्मीदवार होंगे। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महायुति के साथी श्रीकांत शिंदे की अधिक अंतर से जीत के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ के समर्थकों द्वारा शुक्रवार को श्रीकांत शिंदे के लिए काम नहीं करने का प्रस्ताव पारित करने के एक दिन बाद श्रीकांत शिंदे के पुननार्मांकन की घोषणा की गई।

बारामूला में राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के आरोप में दो को हिरासत मे लिया

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में कानून-व्यवस्था बिगाड़ने और देश विरोधी गतिविधियों के आरोप में शनिवार को दो लोगों के खिलाफ जन सुरक्षा कानून (पीएसए) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया गया। पुलिस ने एक बयान में कहा कि बारामूला जिले के कुंजेर इलाके में लालपोरा के रहने वाले अब्दुल राशिद शेख और मोहम्मद अकबर मलिक के खिलाफ सक्षम अधिकारियों से हिरासत में लेने का आदेश मिलने के बाद पीएसए के तहत मामला दर्ज किया गया है।

आज का राशिफल

मेष: लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

वृषभ: आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें, तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

मिथुन: अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा।

कर्क: श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

सिंह: धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। अपने काम पर नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

कन्या: समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना।

तुला: जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढने. में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें।

वृश्चिक: परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है। अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें।

धनु: नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्ध है। घर तथा व्यवसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग।

मकर: धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी।

कुम्भ: सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

मीन: आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थो की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता है। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

केरल की 20 सीटों में से किसी पर भी दूसरे स्थान पर नहीं रहेगी बीजेपी : विजयन

एजेंसी। तिरुवनंतपुरम

मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा है कि भाजपा को केरल में जीत के बारे में भूल जाना चाहिए, वह चुनाव में 20 सीटों में से किसी पर भी दूसरे स्थान पर नहीं रहेगी। अलाप्पुझा में मीडिया से बात करते हुए विजयन ने कहा, यह साबित हो गया है कि संघ परिवार की विचारधारा के प्रचार-प्रसार के लिए केरल में कोई जगह नहीं है और यह ऐसा ही बना रहेगा। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी संघ परिवार को केरल से दूर रखने के लिए प्रतिबद्ध है। विजयन ने कांग्रेस पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि सीपीआई-एम के चुनाव घोषणापत्र में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि विवादास्पद सीएए को यहां लागू नहीं होने दिया जाएगा। विजयन ने कहा,कांग्रेस के घोषणापत्र में सीएए के संबंध में चुप्पी है। वे सीएए के मामले में भाजपा के साथ मिले हुए हैं।" केरल में 20 लोकसभा सदस्यों को चुनने के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा।

एल्विश मामले में दाखिल चार्जशीट में 24 गवाहों के बयान, कई साक्ष्य मौजूद : पुलिस

नोएडा। सांपों की तस्करी से लेकर रेव पार्टी के आयोजन सहित सभी आरोपों पर एल्विश यादव समेत आठ के खिलाफ नोएडा पुलिस ने 1,200 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। डीसीपी नोएडा विद्या सागर मिश्रा के मुताबिक चार्जशीट में सभी सबूतों को जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि इस चार्जशीट में एफएसएल की रिपोर्ट, 24 गवाहों के बयान, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य समेत अन्य जानकारियां उपलब्ध कराई गई हैं। पुलिस ने चार्जशीट में साफ तौर पर कहा है कि एल्विश जेल भेजे गए सभी सपेरे के संपर्क में था।

केटीआर ने कांग्रेस से की बीआरएस के दो विधायकों से इस्तीफा लेने या अयोग्य ठहराने की मांग

एजेंसी। हैदराबाद

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामाराव ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी से दलबदल करने वाले बीआरएस के दो विधायकों से इस्तीफा लेने या स्पीकर द्वारा अयोग्य ठहराए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे यह स्पष्ट हो जाएगा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में अंतर नहीं है। उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र में दलबदल विरोधी आश्वासन पर उनके रुख के संबंध में राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आलोचना की। केटीआर ने राहुल गांधी की ईमानदारी पर सवाल उठाया। उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र में दल-बदल विराधी वादों का पालन करने की चुनौती दी। केटीआर ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस पार्टी का दल-बदल विरोधी आश्वासन तेलंगाना में लागू होता है। उन्होंने बीआरएस विधायकों को अपनी पार्टी में शामिल करने की आलोचना की। उन्होंने राहुल गांधी को याद दिलाया कि उनकी पार्टी ने बीआरएस विधायक दानम नागेंद्र को सिकंदराबाद सीट से लोकसभा चुनाव लड़ाने की घोषणा की है। अपने बयान में, केटीआर ने विधायकों/सांसदों के दलबदल करने पर स्वतः अयोग्यता सुनिश्चित करने के लिए 10वीं अनुसूची में संशोधन करने के कांग्रेस पार्टी के प्रस्ताव का स्वागत किया। हालांकि, केटीआर ने दोहराया कि शब्दों की तुलना में कार्य अधिक प्रभावशाली होते हैं।

भाजपा के बागी ईश्वरप्पा ने प्रचार के लिए पीएम मोदी की तस्वीर के इस्तेमाल पर कैविएट याचिका दायर की

एजेंसी। शिवमोग्गा

शिवमोग्गा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ने पर अड़े कर्नाटक भाजपा के बागी नेता के.एस. ईश्वरप्पा ने चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर का उपयोग करने के संबंध में जिला अदालत में एक कैविएट याचिका दायर की है। उन्होंने शुक्रवार को कैविएट याचिका दायर की क्योंकि उन्हें लग रहा था कि यदि भाजपा नेता इस संबंध में अर्जी दायर करते हैं तो अदालत बागी नेता को पीएम मोदी की तस्वीरों का इस्तेमाल न करने का निर्देश दे सकती है। इस संबंध में भाजपा के शिवमोग्गा उम्मीदवार और सांसद बी.वाई. राघवेंद्र तथा ईश्वरप्पा के बीच पहले से ही जुबानी जंग जारी है। राघवेंद्र ने चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी की तस्वीरें इस्तेमाल करने पर ईश्वरप्पा का मजाक उड़ाया था। इस पर ईश्वरप्पा ने कहा था कि पीएम मोदी राघवेंद्र के पिता की संपत्ति नहीं हैं। ईश्वरप्पा अपने बेटे के.ई. कंथेश को हावेरी लोकसभा सीट से टिकट नहीं देने के भाजपा के फैसले से नाराज हैं। हालाँकि, वह भाजपा उम्मीदवार राघवेंद्र को हराने के लिए शिवमोग्गा से चुनाव लड़ रहे हैं, जो पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा के बेटे हैं। ईश्वरप्पा ने कहा है कि येदियुरप्पा ने उन्हें धोखा दिया है। ईश्वरप्पा ने येदियुरप्पा के एक और बेटे बी.वाई. विजयेंद्र को कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष पद से हटवाने की भी कसम खाई है।

कांग्रेस ने देश को कभी 'न्याय' नहीं दिया : प्रल्हाद जोशी

हुबली। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने शनिवार को कांग्रेस के 'न्याय' घोषणापत्र पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि कांग्रेस ने कभी भी देश को 'न्याय' नहीं दिया। केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, राहुल गांधी ने 'न्याय' पत्र की घोषणा की है। वे यह अच्छी तरह से जानते हैं कि वो सत्ता में नहीं आएंगे, लेकिन पार्टी मनमर्जी से घोषणाएं करने में लगी हुई है। जोशी ने सवाल किया कि कांग्रेस ने 'गरीबी हटाओ' और 'रोटी, कपड़ा और मकान' जैसे नारे गढ़े थे। क्या वे सफल हुए?

बिहार : विधान पार्षद से लेकर विधायकों तक को 'दिल्ली' जाने की चाहत

एजेंसी। पटना

बिहार में विधान पार्षद हों या विधायक, सभी को दिल्ली पसंद आ रहा है। यही कारण है कि विधायक से लेकर विधान पार्षद तक इस लोकसभा चुनाव के मैदान में ताल ठोंक रहे हैं। इतना ही नहीं, राज्यसभा सांसदों की इच्छा भी लोकसभा पहुंचने की है। यही कारण है कि ऐसे सांसद भी लोकसभा जाने के लिए चुनावी मैदान में उतर गए हैं या उतरने वाले हैं। बिहार में लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत एनडीए का मुख्य मुकाबला विपक्षी दलों के महागठबंधन से माना जा रहा है। महागठबंधन में सीट बंटवारा तो हो गया, लेकिन पार्टियां अब तक उम्मीदवारों के नाम तय नहीं कर सकी हैं। ऐसे में महागठबंधन में शामिल दलों के नेताओं के सांसद बनने की इच्छा रखने वाले विधायक अभी प्रतीक्षा में हैं। इस चुनाव में राज्यसभा के दो सदस्य अभी तक मैदान में उतर चुके हैं।

पेरिस ओलंपिक : जम्मू-कश्मीर की बिल्किस मीर जूरी सदस्य के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली महिला बनीं

एजेंसी। नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर की बिल्किस मीर इस साल के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में जूरी सदस्य के रूप में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली भारत की पहली महिला बनने के लिए तैयार हैं जिसकी मेजबानी 26 जुलाई से से 11 अगस्त तक पेरिस में होनी है। पेरिस खेलों के लिए जूरी सदस्य के रूप में मीर की नियुक्ति की आधिकारिक सूचना भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा जम्मू-कश्मीर प्रशासन को एक पत्र के माध्यम से दी गई थी।

उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है क्योंकि ओलंपिक न केवल एथलीटों के लिए बल्कि सभी के लिए 'अंतिम गंतव्य' है

आईओए ने जम्मू और कश्मीर प्रशासन को लिखे पत्र में कहा, 'बिल्किस मीर, वॉटर स्पोर्ट्स प्रमोटर, डेवलपर, एथलीट, भारतीय कयाकिंग और कैनोइंग एसोसिएशन के जूरी सदस्य को पेरिस ओलंपिक खेलों में संचालन के लिए जूरी के सदस्य के रूप में नामित की गई हैं। वह पेरिस ओलंपिक में जूरी सदस्य के रूप में नियुक्त होने वाली भारत की पहली महिला हैं।

बिल्किस ने इस मौके पर कहा कि यह उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है क्योंकि ओलंपिक न केवल एथलीटों के लिए बल्कि सभी के लिए 'अंतिम गंतव्य' है। ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए जूरी सदस्य के रूप में अपनी नियुक्ति पर बिल्किस ने कहा कि उन्होंने 1998 में डल झील से एक कैनोइस्ट के रूप में अपनी यात्रा शुरू की और देश का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कहा कि वह महिला कैनोइंग टीम की पूर्व कोच हैं जो इस साल पेरिस खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी, उन्होंने कहा कि वह पिछले साल चीन के हांगझू में एशियाई खेलों में जूरी सदस्य भी थीं।

अनुच्छेद 370 के तहत पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य में संवैधानिक विशेषाधिकारों को रद्द करने से पहले के दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि एक कश्मीरी लड़की के लिए उस समय खेल खेलना बहुत मुश्किल था, लेकिन उन्होंने रास्ते में आने वाली कई चुनौतियों पर काबू पाया।

मास कम्युनिकेशन के निर्देशक डॉ. बी.पी सिन्हा ने वरिष्ठ खेल पत्रकार चंचल भट्टाचार्य को बुके दे कर किया सम्मानित

आज मुंबई और दिल्ली होंगे आमने-सामने

एजेंसी। मुंबई

मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए रविवार को जब यहां एक दूसरे का सामना करेंगे तो निगाहें सूर्यकुमार यादव पर टिकी रहेंगी जो चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। मुंबई ने अभी तक अपने तीनों मैच गंवाए हैं और वह अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। दिल्ली की स्थिति भी अच्छी नहीं है तथा चार मैच में एक जीत से वह 10 टीमों की तालिका में नौवें स्थान पर है।

इस तरह से दोनों टीम पर वापसी करने का दबाव है। सूर्यकुमार इस मैच में वापसी कर सकते हैं तथा आईपीएल के तुरंत बाद होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। सूर्यकुमार चोटिल होने के कारण पिछले तीन महीने से बाहर हैं। उन्होंने शुक्रवार को अभ्यास सत्र में भाग लिया और वह किसी भी तरह से असहज नहीं दिख रहे थे। मुंबई की टीम ने अभी तक हर विभाग में खराब प्रदर्शन किया है। बल्लेबाजी में रोहित शर्मा और ईशान किशन ने उसे अच्छी शुरूआत दिलाई लेकिन यह दोनों बल्लेबाज बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे हैं। तिलक वर्मा और नमन धीर पर भी यह बात लागू होती है। कप्तान हार्दिक पंड्या भी अभी तक अच्छा प्रदर्शन करके टीम को प्रेरित करने में नाकाम रहे हैं। उन्हें प्रशंसकों की नाराजगी भी झेलनी पड़ी है। रविवार को हालांकि इस मामले में उन्हें कुछ राहत मिल सकती है क्योंकि इस दिन स्टेडियम में 20000 से अधिक बच्चे खेल का लुत्फ उठाएंगे।

मुंबई इंडियंस : ईशान किशन (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), टिम डेविड, गेराल्ड कोएत्जी, पीयूष चावला, आकाश मधवाल, जसप्रित बुमरा, क्वेना मफाका। प्रभाव उपः नुवान तुषारा।

दिल्ली कैपिटल्स : पृथ्वी शॉ, डेविड वार्नर, मिशेल मार्श, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, सुमित कुमार, रसिख दार सलाम, एनरिक नॉर्टजे, इशांत शर्मा, खलील अहमद। प्रभाव उपः अभिषेक पोरेल।

मयंक पर होगी निगाहें, जीत की हैट्रिक पूरी करने उतरेगा लखनऊ

एजेंसी। लखनऊ

भारतीय तेज गेंदबाजी की नई सनसनी मयंक यादव के शानदार प्रदर्शन से पिछले दो मैच में जीत दर्ज करने वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम रविवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर जीत की हैट्रिक लगाने की इरादे से मैदान पर उतरेगी। मयंक ने अपनी गति से अभी तक हर किसी का ध्यान अपनी तरफ खींचा है।

पिछले दोनों मैच में उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। इस 21 वर्षीय तेज गेंदबाज ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 27 रन देकर 3 विकेट लिए थे जबकि इसके बाद रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु के खिलाफ उन्होंने 14 रन देकर तीन विकेट हासिल किए थे। अपने इस शानदार प्रदर्शन के कारण उन्हें जल्द ही भारतीय टीम में शामिल करने को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।

भारतीय टीम में जगह मिलने के लिए दो मैच का प्रदर्शन मानदंड नहीं हो सकता है और मयंक को निरंतरता बनाए रखने की जरूरत है जिस पर राष्ट्रीय चयनकताओं की निगाह भी टिकी होगी। बल्लेबाजी विभाग में लखनऊ के पास क्विंटन डिकॉक और केएल राहुल के रूप में शानदार सलामी जोड़ी है। डिकॉक ने पिछले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन टीम को राहुल से भी बड़ी पारी की उम्मीद होगी।

वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन और भारतीय ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या भी अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं, लेकिन लखनऊ के लिए बड़ी चिंता देवदत्त पडिक्कल और ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस की खराब फॉर्म है। गेंदबाजी में मयंक को नवीन उल हक, यश ठाकुर, मोहसिन खान, स्टोइनिस और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई से अधिक सहयोग की जरूरत है।

मास कॉम आरयू में फ्रेंडली क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन

डायरेक्टर्स इलेवन ने स्टूडेंट्स इलेवन को हराया

नवीन मेल संवाददाता। रांची

6 अप्रैल 2024 को रांची कॉलेज मैदान में स्कूल आफ मास कम्युनिकेशन के छात्रों के दो टीमों डायरेक्टर्स इलेवन और स्टूडेंट्स इलेवन के बीच क्रिकेट मैच खेला गया । इस मैच में मुख्य अतिथि वरिष्ठ खेल पत्रकार और क्रिकेट कोच चचंल भट्टाचार्य थे। 10-10 ओवर के इस मैच में डायरेक्टर्स इलेवन ने स्टूडेंट्स इलेवन को चार विकेट से पराजित किया। स्टूडेंट्स इलेवन ने पहले खेलते हुये निर्धारित 10 ओवर में 97 रन बनाये। जिसमें सर्वाधिक तनय खंडेलवाल ने 48 नाबाद रन बनाये। कुमार उत्कर्ष ने 14 रन बनाये। इस मैच में विभाग की छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। डायरेक्टर्स इलेवन की कप्तानी पिंटू दूबे तथा स्टूडेंट्स इलेवन की कप्तानी बसंत कुमार ने की। 97 रनों का पीछा करते हुये डायरेक्टर्स इलेवन ने 9 ओवर 5 गेंदों में लक्ष्य पूरा करके मैच जीत लिया। डायरेक्टर्स इलेवन की ओर से संदीप नाम ने सर्वाधिक 25 रन बनाये। उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। डायरेक्टर्स इलेवन की ओर से संकर्षण परिपूर्णन ने तीन विकेट लिये उन्हें बेस्ट बॉलर का पुरस्कार मिला। तनय खंडेलवाल को 48 नाबाद रनों के लिये बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार मिला। विजय टीम तथा बेस्ट बॉलर, बैट्समैन मैन आफ द मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि चंचल भट्टाचार्य तथा मास कॉम के निदेशक प्रो. (डॉ.)बी.पी. सिन्हा ने प्रदान किया।

यूएई ने उस्मान खान पर लगाया 5 साल के लिए प्रतिबंधित

दुबई : संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से रिश्ता तोड़कर वापस पाकिस्तान आने वाले बल्लेबाज उस्मान खान को एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। बैन का मतलब है कि 2029 तक वह यूएई में होने वाले ईसीबी के किसी भी इवेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। ईसीबी ने बयान जारी कर कहा कि बोड के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के खिलाफ जाने के कारण उस्मान पर यह बैन लगाया गया है। बोर्ड ने आरोप लगाया है कि उस्मान ने उनसे अपने इरादे गलत तरीके से जाहिर किए थे।

फीफा और सदस्य संघों को मिलकर मैच फिक्सिंग से लड़ना चाहिए : जियानी इन्फेंटिनो

एजेंसी। नई दिल्ली

फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने पहले फीफा इंटेग्रिटी समिट में कहा है कि मैच में हेरफेर का खतरा दूर नहीं हुआ है और इससे केवल तभी निपटा जा सकता है जब विश्व शासी निकाय और उसके सदस्य संघ (एमए) एकजुट होकर इससे लड़ेंगे।

दो दिवसीय कार्यक्रम, जो एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) और फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ सिंगापुर (एफएएस) के सहयोग से सिंगापुर में हो रहा है, का उद्देश्य 211 एमए और छह संघों के अखंडता अधिकारियों के लिए है। इसका मुख्य फोकस उन्हें वैश्विक अखंडता रुझानों पर अद्यतन करना, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना, नई फीफा इंटेग्रिटी हैंडबुक और शिक्षा रोडमैप प्रस्तुत करना और मैच हेरफेर के संबंध में फीफा और कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) से प्रासंगिक निर्णयों का पता लगाना है। शिखर सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान चलाए गए एक वीडियो संबोधन में, इन्फेंटिनो ने कहा कि, बहु-अरब डॉलर के उद्योग के रूप में, फुटबॉल हमेशा आपराधिक गतिविधि के लिए एक आकर्षक लक्ष्य रहेगा। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि खेल का मैदान समतल बना रहे और खेल बाहरी प्रभावों से मुक्त रहे, क्योंकि अगर ऐसा नहीं हुआ, तो हमारे प्रिय खेल का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। हमें सतर्क रहना होगा।

इन्फेंटिनो ने आगे कहा कि फीफा ने 2020 में ऑस्ट्रिया के वियना में ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे और इसे पिछले सितंबर में न्यूयॉर्क में नवीनीकृत किया गया था।

व्यापार/लाइफ व साइंस

एलन मस्क को पछाड़ दुनिया के तीसरे सबसे अमीर शख्स बने जुकरबर्ग

रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी अमीरों की लिस्ट में 11वें पायदान पर

एजेंसी। नई दिल्ली

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा के फाउंडर मार्क जुकरबर्ग दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। जुकरबर्ग ने टेस्ला के मालिक एलन मस्क को पीछे छोड़ कर 2020 के बाद पहली बार यह स्थान हासिल किया है। वहीं, फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट 223 अरब डॉलर (18.57 लाख करोड़ रुपये) की नेटवर्थ के साथ पहले नंबर पर हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स की शनिवार को जारी ताजा सूची के अनुसार मार्क जुकरबर्ग की संपत्ति 2020 के बाद पहली बार

उछल कर 187 अरब डॉलर (15.57 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा) हो गई है। वहीं, एलन मस्क की कुल संपत्ति 181 अरब डॉलर (15.07 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा) है। इस तरह एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में अब चौथे स्थान पर आ गए हैं, जबकि मस्क को पछाड़ कर जुकरबर्ग दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। हालांकि, मार्च की शुरूआत में मस्क इस सूची में पहले पायदान पर थे।

ब्लूमबर्ग की सूची के मुताबिक इस साल एलन मस्क की नेटवर्थ में 48.4 बिलियन डॉलर (4.03 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा) की गिरावट आई है, जबकि मार्क जुकरबर्ग ने अपनी संपत्ति में 58.9 बिलियन डॉलर (4.90 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा) जोड़े हैं। वहीं, भारत का कोई भी शख्स बिलेनियर की इस सूची में टॉप टेन में शामिल नहीं है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी 112 अरब डॉलर (करीब 9.32 लाख करोड़ रुपये) की नेटवर्थ के साथ 11वें स्थान पर हैं। वहीं, गौतम अडाणी सूची में 104 अरब डॉलर (8.66 लाख करोड़ रुपये) की नेटवर्थ के साथ 14वें नंबर पर हैं। उल्लेखनीय है कि ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स दुनिया के 500 सबसे अमीर लोगों की संपत्ति के आधार पर दैनिक रैंकिंग करता है। इसमें प्रत्येक अरबपति की प्रोफाइल शामिल है, जो एक टूल के माध्यम से अरबपतियों की संपत्ति की गणना करता है।

सरकार के प्रयासों से भारत में ईवी इंडस्ट्री का हो रहा विकास

नई दिल्ली। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, 'मेक इन इंडिया' पहल के साथ-ईवी बैटरी विनिर्माण में वृद्धि होगी, इसकी लागत कम होगी और देश में ईवी की बिक्री को बढ़ावा मिलेगा। काउंटरपॉइंट रिसर्च के एसोसिएट डायरेक्टर लिज ली के अनुसार, भारत में ईवी इंडस्ट्री के विकास की अच्छी संभावना है। ली ने कहा, एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी) के लिए पीएलआई योजना और हाल ही में ईवी पर आयात शुल्क में 15 फीसद की कटौती गेम चेंजर साबित होगी। यह सब न केवल टेस्ला के लिए दरवाजे खोलता है, बल्कि ईवी को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार की तत्परता का भी संकेत है। ली ने कहा, यह स्पष्ट संकेत है कि वैश्विक ईवी बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने की भारत की यात्रा तेज हो रही है।

घर बैठे पासपोर्ट ऑनलाइन रिन्यू कैसे करें

पासपोर्ट हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है। यह न केवल हमें अन्य देशों में यात्रा के लिए अनुमति देता है, बल्कि यह हमारी पहचान का प्रमुख साक्षी भी है। पासपोर्ट की समय-समय पर नवीनीकरण की आवश्यकता होती है ताकि इसकी मान्यता बनी रहे और हम बिना किसी समस्या के अंतरराष्ट्रीय यात्रा कर सकें। इस लेख में, हम जानेंगे कि कैसे हम अपना पासपोर्ट ऑनलाइन रिन्यू कर सकते हैं और किन दस्तावेजों की जरूरत होती है।

पासपोर्ट रिन्यू क्यों जरूरी है?

पासपोर्ट का समय-समय पर रिन्यू करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमें अन्य देशों में यात्रा के लिए अनुमति देता है और हमारी पहचान की पुष्टि करता है। पासपोर्ट का निर्माण अनेक प्रकार के संदर्भों में किया जाता है, जैसे कि यात्रा, व्यापारिक कार्य, शिक्षा, आदि। इसलिए, पासपोर्ट को अपडेट करना आवश्यक है ताकि हम इन सभी क्षेत्रों में सक्रिय रह सकें।

पासपोर्ट को ऑनलाइन रिन्यू करने के लिए निम्नलिखित चरणों का करें पालन

- **पोर्टल पर प्रवेश करें :** सबसे पहले, भारतीय पासपोर्ट पोर्टल पर जाएं। यहाँ आपको ऑनलाइन पासपोर्ट सेवाएं या पासपोर्ट सेवाएं का विकल्प मिलेगा।
- **पंजीकरण :** पोर्टल पर पंजीकरण करें और एक खाता बनाएं। अगर आपके पास पहले से ही खाता है, तो उसमें प्रवेश करें।
- **आवेदन पत्र भरें :** आपको अपने पासपोर्ट के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरना होगा। यहाँ आपको अपना नाम, पता, पिता का नाम, जन्मतिथि, आदि जानकारी देनी होगी।
- **दस्तावेज अपलोड करें :** आवेदन पत्र भरने के बाद, आपको आवश्यकता होगी अपने दस्तावेज अपलोड करने की। ये दस्तावेज आपकी पहचान के साक्ष्य के रूप में काम करते हैं।
- **फीस भुगतान करें :** रिन्यू के लिए शुल्क भुगतान करें। आप अपने पासपोर्ट की जानकारी और अन्य आवश्यक विवरणों के साथ फीस का भुगतान कर सकते हैं।
- **समय स्लॉट बुक करें :** आपको अपने रिन्यू प्रक्रिया के लिए एक समय स्लॉट बुक करना होगा। यह समय आपकी सुविधा के अनुसार चुना जा सकता है।
- **समय पर पहुंचें :** अपॉइंटमेंट के समय पर पासपोर्ट कार्यालय पहुंचें। अपने सभी दस्तावेज और फॉर्म के साथ पहुंचें।
- **प्रक्रिया पूरी करें :** पासपोर्ट कार्यालय में आपकी पहचान की पुष्टि के बाद, आपका पासपोर्ट रिन्यू किया जाएगा।

पासपोर्ट के रिन्यू के लिए निम्नलिखित दस्तावेज की होती है आवश्यकता

- **पुराना पासपोर्ट :** पुराना पासपोर्ट, जिसे आप रिन्यू करना चाहते हैं, की प्रति।
- **आवेदन पत्र :** ऑनलाइन भरा हुआ आवेदन पत्र।
- **फोटोग्राफ :** एक पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ।
- **पता प्रमाण पत्र :** जिसमें आपका स्थायी पता प्रमाणित हो।
- **ताजा विवाह प्रमाण पत्र :** अगर आपकी शादी हुई है और नाम बदला है, तो ताजा विवाह प्रमाण पत्र।

सावधानियां

- **समय पर पासपोर्ट की जांच करें :** पासपोर्ट में कोई त्रुटि न हो, इसके लिए समय-समय पर जांच करते रहें।
- **फीस का सही भुगतान करें :** सही फीस जमा करने के लिए ऑफिशियल वेबसाइट का उपयोग करें।
- **समय पर अपॉइंटमेंट लें :** अपॉइंटमेंट के समय पर पहुंचें ताकि कोई देरी न हो।
- **सावधानी से ऑनलाइन पेमेंट करें :** ऑनलाइन भुगतान के समय सावधानी बरतें और सुनिश्चित करें कि आप सुरक्षित तरीके से भुगतान कर रहे हैं।

पासपोर्ट का ऑनलाइन रिन्यू करना आसान और तेजी से होता है। आपको लंबी कतारों में इंतजार नहीं करना पड़ता और आप अपने घर से ही इस कार्य को पूरा कर सकते हैं। इसके लिए सही दस्तावेज और ऑनलाइन प्रक्रिया का पालन करना होता है। इसलिए, अगर आपका पासपोर्ट समय से समय पर रिन्यू होने की जरूरत है, तो ऑनलाइन प्रक्रिया का लाभ उठाएं और इसे आसानी से पूरा करें।

बायबाय ई-रिक्शा ने उपभोक्ताओं को आसान फाइनेंसिंग सुविधा देने के लिए रेवफिन से मिलाया हाथ

एजेंसी। नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्ट कंपनी बायबाय ई-रिक्शा ने शनिवार को कहा कि उसने ई-रिक्शा के आसान फाइनेंसिग के लिए डिजिटल ऋणदाता कंपनी रेवफिन के साथ साझेदारी की है।

बायबाय ई-रिक्शा निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी घरेलू कंपनियों में से एक है और पिछले 10 साल से वाहनों के साथ-साथ ई-लोडर भी बना रही है।



बायबाय के सह-संस्थापक राजीव तुली ने कहा कि एमओयू समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाएगा।

तुली ने कहा, हमने देखा है कि एक ई-रिक्शा चालक अपने परिवार का भरण-पोषण ठीक से कर पाता है और अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला पाता है।

रेवफिन के संस्थापक समीर अग्रवाल और तुली के बीच हुए इस करार से ई-रिक्शा की उपलब्धता आसान होगी और जरूरतमंद लोगों तक अच्छी गुणवत्ता वाला ई-रिक्शा पहुंचाया जा सकेगा।

बायबाय द्वारा बनाए गए ई-रिक्शा और ई-लोडर असम सहित विभिन्न राज्यों में उपलब्ध हैं।

रेवफिन 2017 से इलेक्ट्रिक वाहनों का वित्तपोषण कर रहा है। कंपनी के ज्यादातर ग्राहक कस्बों, तहसीलों और छोटे शहरों से हैं, जिन्हें बिना किसी औपचारिकता के आसान किस्तों में ई-रिक्शा और इलेक्ट्रिक वाहन मिल जाते हैं।

बार-बार अटक रहा है फोन तो व्हाट्सएप से इस सेटिंग को तुरंत करें चेंज

एजेंसी। नई दिल्ली

मेटा स्वामित्व व्हाट्सएप एक फेमस मैसेजिंग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है, जो अक्सर यूजर्स की सुविधाओं का खासा ख्याल रखता है। समय-समय पर नए-नए अपडेट लेकर आता है। हालांकि, कई ऐसे लोग हैं, जिनको व्हाट्सएप की कुछ सेटिंग के बारे में जानकारी नहीं होती है। अगर आप अपने व्हाट्सएप की कुछ सेटिंग के बारे में जानकारी नहीं होती है। इन्हीं में से एक है- व्हाट्सएप सेटिंग का ऑटो डाउनलोड ऑप्शन, जिसमें एक बदलाव करके आप अपने हैंग करने वाले फोन को भी मिनटों में ठीक कर सकते हैं।

व्हाट्सएप की सेटिंग से फोन को इस तरह से ठीक करें

- सबसे पहले आप व्हाट्सएप फोन में ओपन कर लें।
- इसके बाद सेटिंग ऑप्शन पर जाएं।
- इसके बाद स्टोरेज और डाटा ऑप्शन पर टैप करना।
- फिर, आपको मीडिया ऑटो डाउनलोड ऑप्शन दिखाई देगा, जहां आपको फोटो, वीडियो, ऑडियो और डॉक्यूमेंट के चार ऑप्शन दिखेंगे।
- यहां से आप चारों ऑप्शन की सेटिंग में बदलाव करना चाहती हैं। अपनी इच्छानुसार कर सकते हैं।

व्हाट्सएप की इस सेटिंग क्या फायदे हैं?

- यदि आपने पहले ही किसी चैट से फोटो डाउनलोड कर लिए है, तो वे आपके फोन में गैलरी में पहले से ही सहेज दिए गए होंगे।
- किसी भी समय किसी की भी चैट से फोटो को मैनुअल रुप से डाउनलोड कर सकते हैं।
- अगर आप भी वीडियो ऑटो डाउनलोड भी बंद करना चाहते हैं, तो आप मोबाइल डेटा पर और वाई-फाई पर विकल्पों के माध्यम से वीडियो चुन सकते हैं।

एक नजर

भाकपा से अभय कुमार भूइंया होंगे पलामू लोकसभा के उम्मीदवार

पलामू। आज भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की पलामू लोकसभा स्तरीय बैठक होटल त्रिपाठी इंटरनेशनल सादिक चौक में हुई जिसकी अध्यक्षता सूर्यपत सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सचिव महेंद्र पाठक उपस्थित थे बैठक में गढ़वा जिला कमेटी के नेतागण उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम पलामू लोकसभा सीट के उम्मीदवार अभय कुमार भूइंया को घोषित किया गया।

हुसैनाबाद में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

हुसैनाबाद। भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय में शनिवार को भाजपा का स्थापना दिवस भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ कर्नल संजय सिंह द्वारा भाजपा का झंडोतोलन एवं जनसंघ के संस्थापक पंडित दिन दयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर तमाम कार्यकताओं द्वारा पुष्प अर्पित कर किया गया।

ट्रेन की चपेट में आकर 5 वर्षीय बच्ची हुई घायल

मेदिनीनगर। उंटारी थाना क्षेत्र के जोगा गांव निवासी मनोज कुमार की 5 वर्षीय पुत्री दीपिका कुमारी शुक्रवार की शाम ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि दीपिका शुक्रवार की शाम किसी व्यक्ति के साथ अपने घर से रेहला थाना क्षेत्र के सिंग्सिगी गांव जग देखने जा रही थी। इसी बीच सिंग्सिग रेलवे स्टेशन के पास रेलवे पटरी पार करने के क्रम में ट्रेन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना में उसका दाहिना पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर घायल दीपिका कुमारी को इलाज के लिए निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।

उपरौंध में मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ 9 से

मयूरहंड(चतरा)। मयूरहंड प्रखंड के बेलखोरी पंचायत के उपरौंध गांव में नौ अप्रैल से मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा सह श्री मद देवी महाभागवत पुराण महायज्ञ का आयोजन होगा। प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ की तैयारी अंतिम चरणों में है। महायज्ञ को लेकर पूरे पंचायत में भक्ति को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। महायज्ञ की शुरूआत भव्य जलयात्रा से की जाएगी। जिसे लेकर यज्ञ समिति के सदस्य गांव-गांव जाकर आमंत्रण पत्र व अच्छत वितरण कर रहे हैं। नौ दिवसीय महायज्ञ की समाप्ति सत्रह अप्रैल को कन्या पूजन, भव्य भंडारे के साथ होगा। यज्ञ को सफल बनाने में सुरेश साव, महादेव साव, देवानंद साव, सत्यनरायण साव, मुन्ना साव, अजित कुमार गुप्ता, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, विजय साव समेत पूरा गांव जुटा है।

आग से जलकर 5 वर्षीय बच्ची हुई घायल स्थिति गंभीर

मेदिनीनगर। सदर थाना क्षेत्र के जोड़ गांव निवासी विनोद भुइयां की पुत्री नीलम कुमारी उम्र 5 वर्ष शुक्रवार की शाम आग से जल कर गंभीर रूप से घायल हो गई।इस घटना के बारे में घायल बच्ची के परिजनों ने बताया की शुक्रवार को नीलम कुमारी नहा कर घर में आग जला कर आग ताप रही थी। इसी बीच आग उसके कपड़े में पकड़ लिया। जिसमे आग से जल कर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आग से जलकर नीलम काफी चीखने और चिल्लाने लगी।

चुनाव के समय झारखंड व बिहार की सीमा रहेगी सील

दोनों राज्यों की सीमावर्ती इलाकों में पुलिस ने निकला फ्लैग मार्च

लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों की राज्य स्तरीय बैठक

नवीन मेल संवाददाता। हरिहरगंज

लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को हरिहरगंज में झारखंड व बिहार प्रशासनिक अधिकारियों समेत पुलिस पदाधिकारीयों की संयुक्त बैठक हरिहरगंज प्रखंड सभागार में हुयी। और चुनाव को स्वच्छ व निष्पक्ष तरीके से कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। इससे पहले अधिकारियों ने पुलिस बलों के साथ दोनों राज्यों के सीमावर्ती इलाकों में फ्लैग मार्च भी किया और शांतिपूर्ण व निर्भीक चुनाव का संदेश बिखेरा अधिकारियों में पलामू के निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन, औरंगाबाद के निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन तथा औरंगाबाद पुलिस अधीक्षक स्वप्ना जीमेश्राम, डीडीसी रवि आनंद, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, नगर आयुक्त मो। जावेद हुसैन, हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिन्हा, छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार, औरंगाबाद एसडीओ संजय कुमार पांडेय, भूमि सुधार उपसमाहर्ता बिजय केरकेट्टा, छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम, हुसैनाबाद डीएसपी मुकेश कुमार, औरंगाबाद सदर 2 डीएसपी अमित कुमार शामिल थें। उपायुक्त व जिलाधिकारी ने बताया कि हर हाल में चुनाव को निष्पक्ष तरीके से संपन्न करना है। इसको लेकर दोनों राज्यों की पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी आपस में समन्वय बनाए रखेंगे। अपराध नियंत्रण को लेकर दोनों राज्यों की पुलिस सूचना संकलित कर एक दूसरे के साथ साझा करते हुए संयुक्त कार्रवाई भी करेगी। बॉर्डर इलाकों में खास निगरानी बर्ती जाएगी। चुनाव के दौरान झारखंड व बिहार की सीमा सील होगी। ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।

खुद बीमार है गुमला का सबसे बड़ा सदर अस्पताल, लचर व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

नवीन मेल संवाददाता। गुमला

झारखंड के गुमला में स्वास्थ्य सुविधा का सबसे बड़ा केंद्र सदर अस्पताल खुद बीमार है। इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं। अस्पताल प्रबंधन पल्ला झाड़ रहा है। सदर अस्पताल में लाखों की लागत से मच्छरदानी खरीदी गई, लेकिन स्थिति ये है कि एक भी मरीज को मच्छरदानी नहीं दी गई। इतना ही नहीं, तपिश भरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। वहीं, अस्पताल के वार्ड में लगे पंखे टूटे और खराब पड़े हैं। मरीजों का दुखड़ा सुनने वाला कोई नहीं। मच्छरदानी की डिमांड करने पर कहा जाता है कि मच्छरदानी नहीं है। दूसरी ओर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर अनुपम किशोर सब कुछ जानते हुए भी अनजान बनते हैं और कहते हैं ऐसी बात नहीं है। पर्याप्त मात्रा में मच्छरदानी है। पंखे की खराबी पर कहते हैं, जल्द ही दुरुस्त करा दिया जाएगा। अब सवाल यह उठता है कि अगर मच्छरदानी है, तो वार्ड में एक भी मरीज को मच्छरदानी क्यों नहीं मिल रही। आखिर इसकी जवाबदेही लेगा कौन? वहीं अस्पताल में इलाजरत मरीज व उसके परिजन या तो अपने घर से मच्छरदानी लेकर आते हैं या दुकान से खरीद कर लाते हैं। इसके बाद परिजन बरामदे में मच्छरदानी लगाकर सोते हैं। कारण पूछने पर बताया जाता है कि वार्ड में पंखा खराब है। गर्मी, उमस और बदबू के चलते बाहर सोना पड़ता है। मच्छरों के प्रकोप से मरीजों का रात तो दूर, दिन में भी जीना मुहाल है। जरूरत है, लचर स्वास्थ्य सुविधा पर सुधार की, लेकिन पहल करेगा कौन?

ईंट भट्ठा पर सुलग रहा बाल मजदूरों का बचपन

नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर

सरकार बच्चों के उत्थान के लिए कितने ही जतन कर लें, लेकिन श्रम विभाग की लापरवाही से आज भी बच्चे पढ़ाई-लिखाई छोड़कर बाल मजदूरी की भट्ठी में सुलग रहे हैं। बच्चों की शिक्षा को ले सरकार बड़ा बजट प्रति वर्ष खर्च करती है। लेकिन, अधिकारियों की उदासीनता से हजारों बच्चे शिक्षा से वंचित हो बाल मजदूरी करने को विवश हैं, शनिवार को मेदिनीनगर शहर के हमीदगंज मुहल्ले में एक व्यक्ति के यहां 12 से 13 वर्ष के बच्चे को ट्रैक्टर से ईंट उतारते देखा गया। बताते चले की पलामू में बाल मजदूरी एक बहुत बड़ी समस्या है। पलामू में बाल मजदूरी की समस्या सदियों से चलती आ रही है। इससे बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। कहने को सरकार बाल मजदूरी को खत्म करने के लिए बड़े-बड़े वादे और घोषणाएं करती हैं, फिर भी होता सिर्फ ढाक के वही तीन पात है। इतनी जागरूकता के बाद भी पलामू में बाल मजदूरी का खात्मा दूर-दूर तक नहीं दिखाई दे रहा है। इसके उलटा बाल मजदूरी दिन व दिन बढ़ती जा रही है मौजूदा समय में गरीब बच्चे सबसे अधिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। जो गरीब बच्चियां होती हैं, उन्हें पढ़ने भेजने की जगह घर में ही बाल श्रम कराया जाता है। आज बाल मजदूरी समाज पर कलंक है। इसके खात्मे के लिए सरकार और समाज को मिलकर काम करना होगा। साथ ही साथ बाल मजदूरी पर पूर्णतया रोक लगनी चाहिए। बच्चों के उत्थान और उनके अधिकारों के लिए अनेक योजनाओं का प्रारंभ किया जाना चाहिए।

आज आठ केंद्रों में आयेजित होगी पोलिटेकनिक प्रतियोगिता की परीक्षा

मेदिनीनगर। आज शहर के 08 केंद्रों पर आयोजित होगी परीक्षा। एसडीओ ने कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए जारी किए निर्देश। पोलिटेकनिक प्रतियोगिता परीक्षा 2024 को देखते हुए मेदिनीनगर सदर अनुमंडल दण्डाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने 07 अप्रैल को क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 गज की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। इस बाबत उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है। इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 गज की दूरी में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत पांच अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा।

15.50 लाख रुपये के ब्राउन शुगर और अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता सिमरिया/पत्थलगड़ा(चतरा)

एसपी विकास कुमार पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 15.50 लाख रुपये के ब्राउन शुगर और अफीम के साथ एक तस्कर को पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। तस्कर की गिरफ्तारी पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के सिंघानी मोड़ के समीप से की है। इसकी जानकारी देते हुए सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय केशरी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि सिमरिया थाना क्षेत्र के ललकीमाटी की ओर से एक काले रंग के स्पलेंडर प्लस मोटरसाइकिल से एक व्यक्ति अवैध अफीम लेकर पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के सिंघानी की ओर जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुवे एसडीपीओ के नेतृत्व में पथलगडा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी के साथ छापेमारी दल का गठन कर सिंघानी मोड़ पर उक्त रंग के मोटरसाइकिल को रोककर तलासी ली गई। तो बाइक सवार कमलेश कुमार के पैकेट से 65 ग्राम ब्राउन शुगर और 91 हजार 400 रुपये नकद के साथ उसके डिक्की से 2 किलो 718 ग्राम अफीम बरामद किया गया। पकड़े गए व्यक्ति के निशानदेही पर उसके घर की तलासी के दौरान एक अपाची मोटरसाइकिल व उसके सीट के नीचे छुपाकर रखे गए अफीम के साथ घर के अन्य हिस्से में छुपाकर रखे गए अफीम के छोटे-छोटे पैकेट व माप तौल का एक इलेक्ट्रॉनिक मशीन बरामद किया गया।

श्रमदान कर ग्रामीणों ने बनाया सड़क मुखिया ने किया आर्थिक सहयोग

कुंदा(चतरा)। कुंदा प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत अंतर्गत सिंदरी गांव में नीम पेड़ से जीतन गंझू के घर तक हाफ किलोमीटर सड़क का निर्माण ग्रामीणों ने श्रमदान कर किया है। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के बाद से आज तक किसी ने इस सड़क को बनवाने का काम नही किया था। जबकि इस गांव में गंझू भोक्ता समाज के लोग ही निवास करते हैं। समाज के मंत्री विधायक होने के बाद भी किसी ने इस गांव के तरफ कोई ध्यान नही दिए। अंततः हार थक कर हम सभी ग्रामीणों ने मिल कर सड़क बनाएं है, वही नवादा मुखिया भरत यादव ने आर्थिक सहयोग किया है इस कार्य में। साथ ही मुखिया ने साथ रह कर सड़क बनवाने का काम किया है। सड़क निर्माण कार्य में सहयोग करने में गोविंद गंझू, झरि गंझू, कामेश गंझू, युगेश गंझू, रामदेव गंझू, विनोद गंझू, अखलेश गंझू, समोद गंझू आदि शामिल थे।

रोड डिमाइनिंग में पांच किलो का सिलेंडर बम बरामद

नवीन मेल संवाददात। पलामू

पांकी थाना क्षेत्र के आबून और जांजों में रोड डिमाइनिंग के क्रम में पांच किलो का सिलेंडर बम बरामद किया गया। मामले की जांच में पुलिस जुट गई है। घटना में संलिप्ट उग्रवादी संगठन का पता लगाया जा रहा है। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने शनिवार की शाम बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर संवेदनशील बूथों का निरीक्षण, एरिया डोमिनेशन एवं रोड डिमाइनिंग के लिए प्रशिक्षु आईपीएस गौरव गोस्वामी एवं सीआरपीएफ के 112 में बटालियन के अल्फा कंपनी के असिस्टेंट कमांडेंट बी भोई के नेतृत्व में सीआरपीएफ एवं पांकी पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अभियान निर्धारित की गयी थी। ऑपरेशन के दौरान पांकी थाना क्षेत्र के आबून और जांजों में रोड डिमाइनिंग के क्रम में पांच किलो का सिलेंडर बम बरामद हुआ। बम लगाने वाले संलिप्त उग्रवादी संगठन का पता लगाया जा रहा है। साथ ही संवेदनशील बूथों के क्षेत्र में व्यापक तौर पर सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

कस्तूरबा विद्यालय में बनाए गए गार्डवाल में बरती गई है घोर अनियमितता

पत्थलगड़ा(चतरा)। पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र के कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय प्रांगण में बनाया गए गड़वाल में संवेदक द्वारा घोर अनियमितता बरती गई है। बताया जा रहा है की गड़वाल में संवेदक द्वारा मरे हुए पत्थर के अलावे अन्य घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। ज्ञात हो कि कस्तूरबा बालिका विद्यालय में छात्राओं की संख्या लगभग ढाई सौ से लेकर तीन सौ के आस-पास है। घटिया सामग्री से बनाए गए गड़वाल से कभी भी दुर्घटना घटने की संभावना बनी है। क्योंकि गड़वाल के आसपास बच्चियां खेलते कुदते रहती है। अगर समय रहते जांच कर दुरुस्त नहीं किया गया तो बड़ी घटनाएं घटित हो सकती है।

स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

20 मई को वोट डालेगा चतरा साथ ही अबकी बार 80 प्रतिशत पार : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता। चतरा

शनिवार को चतरा कॉलेज चतरा के ऑडिटोरियम हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी, कर्मी, मतदाताओं को मत का अधिकार के बारें में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें मुख्य रूप से वैसे पदाधिकारी/कर्मी जिनका मतदान दिवस के दिन ड्यूटि लगी है उन मतदाताओं का शत प्रतिशत मतदान हो उसके लिए पोस्टल बैलेट मतपत्र के लिए प्रपत्र 12 के बारें में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं उपायुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा पिछले बार लोकसभा आम चुनाव में जिले का मतदान प्रतिशत राज्य और देश की तुलना में कम था इसलिए हम सभी को आज से ही प्रण कर लेना है कि अधिक अधिक मतदान जिले में हो। इसके अलावे उपायुक्त ने उपस्थित सभी लोगों के बीच जाकर नारा लगाया, 20 मई को वोट डालेगा चतरा साथ ही अबकी बार 80 प्रतिशत पार, चुनाव का पर्व देश का गर्व समेत कई अन्य नारे लगाए व मतदाताओं को मतदाता शपथ भी दिलाया गया। उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा संगीत के माध्यम से मतदान के बारें में बताया गया। उक्त कार्यक्रम में वन प्रमण्डल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी शकिल अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र समेत जिले के अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

श्रीमद् देवी भागवत कथा सह देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का 9 से

इटखोरी (चतरा)। इटखोरी प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत नवादा गांव में श्रीमद् देवी भागवत कथा देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन 9 अप्रैल से किया जा रहा है। यज्ञ समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ यज्ञ प्रारंभ कर दिया जाएगा। जबकि 10 अप्रैल को देव पूजन, पंच देवी पूजन, 11 से 13 अप्रैल तक विभिन्न संस्कार एवं संध्या में भागवत कथा, 14 अप्रैल को नगर भ्रमण एवं 15 अप्रैल को यज्ञ पूर्णाहुति एवं दोपहर में महा भंडारे का आयोजन यज्ञ समिति के द्वारा किया जाएगा।

तीन जुआरी हुए गिरफ्तार, 71 हजार रुपए बरामद

गढ़वा । थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने गुप्त सूचना पर एचपी गैस गोदाम के पीछे एक निमार्णाधीन मकान में अवैध तरीके से जुआ खेलने के दौरान तीन जुआरियों को पकड़ा. पुलिस ने पकड़े गए जुआरियों के पास से 71 हजार 100 रुपये नगद, चार पैकेट तास के पत्ते और मोबाइल फोन को जब्त करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। पकड़े गए जुआरियो में खरौंधी के सुधीर जायसवाल, भवनाथपुर बाजार निवासी आनंद साह व चपरी निवासी अमलेश साह का नाम शामिल है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर एचपी गैस गोदाम के पीछे एक बाउंड्री में छापामारी की गई, जहां पर आधा दर्जन जुआरी जुआ खेलते पकड़े गए। जुआरियों के पास से नगद राशि 71,100 रुपये जब्त किया गया। मौके से तीन जुआरियो को हिरासत में लेते हुए विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। जबकि अन्य जुआरी पुलिस को देखकर भागने में सफल रहे।

न्यूज बॉक्स

ईद के आते ही बाजार हुआ गुलजार

मेदिनीनगर। रमजान समाप्ति की ओर है, मुसलिम धर्मावलंबियों का पर्व ईद करीब पहुंच चुका है। ईद पर्व को लेकर मेदिनीनगर के छोटी मसजिद रोड में बाजार सज गया है। ईद की बाजार में सेवई लच्छा के अलावा इत्र, टोपी, जूता-चप्पल आदि की दुकाने लगायी गयी है। ईद के अवसर पर समानों की खरीददारी करने में लोग जुटे हैं। शहर के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों से भी आने वाले लोग ईद की बाजार में समान खरीदते देखे गये। समान खरीदने के लिए लोगों की भीड देखी गयी। वहीं ईद पर मुंह मीठा करने के लिए लोग सेवइयां खरीदने में जुटे हैं। हर किसी को है ईद का इंतजार।

अलग-अलग मामले में चार फरार, वारंटी गिरफ्तार



हरिहरगंज। 18 वीं लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए पुलिस अधीक्षक (पलामू) के निर्देश पर लंबित वारंट के निष्पादन के दौरान अलग-अलग मामले में फरार चल रहे चार वारांटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर को जेल भेज दिया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि इसमें सूरज कुमार, राजीव प्रजापति, रामप्यारे प्रजापति तीनों के पिता कुलदीप प्रजापति शिकारपुर गांव निवासी के अलावे भांवर गांव निवासी जुगल यादव के पुत्र संजय यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि निष्पक्ष और निर्भीक लोकसभा चुनाव कराने को लेकर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

बाबूलाल आज हैदरनगर में जनसभा को करेंगे संबोधित

हुसैनाबाद। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की रविवार को दिन के 11 बजे से हाईस्कूल हैदरनगर के मैदान में जनसभा की तैयारी पूरी कर ली गई है। शनिवार को कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने के बाद प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह व रामप्रवेश सिंह ने कहा कि इसमें हुसैनाबाद विस क्षेत्र के सात मंडल अध्यक्षों व कुल 341 बूथों के कार्यकताओं को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज, पिपरा, उर्दवार, हुसैनाबाद शहरी व ग्रामीण, हैदरनगर व मोहम्मदगंज के मंडल अध्यक्षों ने 200 से अधिक वाहनों से ग्रामीण समर्थक व ग्रामीणों को इस चुनावी जनसभा लाने में संकल्प लिया है। इस तैयारी में उनके अलावा रामराज मेहता, बल्लू बलराम, अजय प्रसाद गुप्ता, संजय मेहता सहित कई कार्यकताओं ने भी कार्यक्रम स्थल का भ्रमण किया।

गर्मी शुरूआत होते ही गहराया पेयजल संकट दर्जनों चापाकल खराब



कुंदा(चतरा)। गर्मी की शुरूवाती दौर में ही कुंदा प्रखंड में पेयजल का संकट गहराने लगा है। टोलो-मोहल्लों में लगे अधिकांश चापाकल खराब हो चुके हैं। बौधाडीह पंचायत क्षेत्र के कई गावों में चापाकल खराब हो जाने के कारण ग्रामीणों के समक्ष पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। वही पंचायत क्षेत्र के स्थानीय मुखिया अनिता देवी ने बताई की चापाकल खराब होने की सूचना फोन के माध्यम से विभाग को एक सप्ताह पूर्व ही दे दी गई है। लेकिन कई स्थानों पर अभी भी चापाकल नहीं बन सका। वही संबंधित विभाग का कहना है की लगातार क्षेत्र में खराब चापाकल मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह से ही मिस्त्री अपने कार्य में निकल पड़ते हैं। जैसे-जैसे कंप्लेन मिलते जा रहा है मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही बाकी बचे खराब चपकालों को भी बना दिया जाएगा। जबकी कई ग्रामीणों का अरोप है कि शिकायत पर विाग द्वारा मरम्मत नही किया जा रहा है।

पुआल में आग लगने से बच्ची की हुई मौत

टंडवा(चतरा)। शनिवार देर शाम टंडवा प्रखंड क्षेत्र के बरकुटे निवासी विशेश्वर साव उर्फ काला साव के घर में रखे पुआल में आग लगने के दौरान चपेट में आये 3 वर्षीय बच्ची की झुलसने मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना शाम लगभग चार बजे की है। बताया गया कि बच्चे अपने आंगन में खेल रहे थे, इसी दौरान अल्बेस्टर के रूम में रखे पुआल में अचानक आग लग गई। कुछ बच्चे बाहर निकल कर हल्ला मचाने लगे जिसे सुनकर पड़ोसियों ने काफी मशक्कत से आग पर काबू तो पा लिए, पर आशीष साव की 3 वर्षीय बच्ची बुरी तरह झुलस गई और मौके पर हीं मौत हो गई। वहीं हृदयविदारक घटना व परिजनों के आर्तनाद से सभी मर्माहत हैं।

गिद्धौर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आज

गिद्धौर(चतरा)। ईद व रामनवमी महापर्व को लेकर गिद्धौर थाना में रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जनप्रतिनिधियों के साथ प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित किया गया है और ससमय उपस्थित होने का अपील किया है। बैठक चार बजे संध्या रखी गई है। इसकी जानकारी थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने दी है।

पेज एक के शेष

चुटूपालू घाटी में ...

ट्रक घाटी में पहाड़ी से टकरा गया। इस भीषण दुर्घटना में सभी गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए हैं। इस भीषण दुर्घटना में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हुई है। हालांकि उसकी शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। इसके अलावा कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें रामगढ़ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से दो लोगों को रिम्स रेफर किया गया है।

यूनिवर्सिटी ड्रॉप आउट ...

भाई मुस्तफा अंसारी ने बताया कि परिवार का का मुख्य धंधा खेतीबारी है। चाचा सब भी खेतीबारी करते हैं। भाई ने कहा कि मुर्तजा करीब डेढ़ माह पूर्व घर आया था। परिजनों ने बताया वह ईद में आने वाला था। उनके पास लगभग एक एकड़ जमीन है। वे दूसरे की जमीन में खेती किया करते हैं।

मास्टरमांइड मुर्तजा ने ...

कनेक्टिविटी काफी बेहतर है, तो इन्हें यहां से निकालने में आसानी होगी। तीसरा जयपुर से निकलने पर दिल्ली की ओर गुरुग्राम ही बड़ा शहर है और यहां हजारों की संख्या में गेस्ट हाउस आदि हैं। यहां डोनर और रिसीवर को छुपना आसान हो सकता है।

न्यायिक अधिकारियों के...

सर्वोच्च न्यायालय की संवैधानिक पीठों के फैसले कठोर कार्यवाही, संपूर्ण कानूनी विश्लेषण और संवैधानिक सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता की परिणति हैं। मुख्य न्यायाधीश बोले, लेकिन एक बार फैसला सुनाए जाने के बाद यह सार्वजनिक संपत्ति है। एक संस्था के रूप में हमारे कंधे चौड़े हैं। हम प्रशंसा और आलोचना दोनों प्राप्त करने के लिए तैयार हैं, चाहे वह पत्रकारिता के माध्यम से हो, राजनीतिक टिप्पणी हो या सोशल मीडिया पर हो। उन्होंने कहा, लेकिन बार एसोसिएशन के सदस्यों और पदाधिकारियों के रूप में, वकीलों को अदालत के फैसलों पर प्रतिक्रिया करते समय खुद को आम आदमी से अलग करना चाहिए। सीजेआई ने कहा, हाल में बार एसोसिएशन के सदस्यों की लंबित मामलों और निर्णयों पर टिप्पणी करने की प्रवृत्ति से मैं बहुत परेशान रहा हूं। आप अदालत के सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण अधिकारी हैं, और हमारे कानूनी विचारों की सच्चाई और गरिमा आपके हाथों में है। मालूम हो कि सीजेआई का यह कहा इस लिए भी महत्वपूर्ण है कि इलेक्टोरल बांड वाले मामले में सर्वोच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व कुछ अन्य ने जिस तरह से अघोषित रूप से सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को प्रभावित करने की कोशिश की, उसके लिए जो जो तर्क दिया वह मीडिया से लेकर सब जगह चर्चा में रहा। उसके बाद जिस तरह से 600वकीलों के साइन वाला पत्र सीजेआई को दिया गया उससे चर्चा और भी जोर पकड़ लिया। उसके बाद उसके विरोध में सर्वोच्च न्यायालय, हाईकोट के तमाम वकीलों ने उसकी काट में सीजेआई को पत्र लिखा कि जिन छह सौ लोगों ने पत्र लिखा है वे न्यायालय को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

"Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

एक नजर

न्यूयॉर्क में एक और भारतीय छात्र की मौत

वाशिंगटन। अमेरिकी विश्वविद्यालय में नामांकित एक और भारतीय छात्र की मौत हो गई है। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ओहायो के क्लीवलैंड में एक भारतीय छात्र श्री उमा सत्य साईं गड्डे के दुर्भाग्यपूर्ण निधन से गहरा दुःख हुआ। पोस्ट में बताया गया है कि पुलिस जांच जारी है और शव को भारत भेजने के प्रयास किये जा रहे हैं। दूतावास ने कहा कि वह भारत में परिवार के साथ संपर्क में है। पोस्ट में कहा गया है, श्री उमा गड्डे के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत पहुंचाने सहित हरसंभव सहायता दी जा रही है। हाल के सप्ताहों में अमेरिका में भारत और भारतीय मूल के छात्रों की मौत की घटनाएं बढ़ी हैं। इससे भारत और भारतीय अमेरिकी समुदाय में चिंता बढ़ गई है।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह का असम कार्यक्रम रद्द

गुवाहाटी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का रविवार और सोमवार का दो दिवसीय असम कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। असम सरकार के प्रवक्ता तथा राज्य के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण आदि मामलों के मंत्री जयंत मल्लबरुवा ने शनिवार को मीडिया को बताया कि चुनावी व्यस्तता की वजह से गृहमंत्री का कार्यक्रम रद्द किया गया है। उल्लेखनीय है कि गृहमंत्री राज्य के होजाई, लखीमपुर तथा गोहपुर में चुनावी रैली को संबोधित करने वाले थे। सात और आठ अप्रैल को उनका असम भ्रमण तय किया गया था। शुक्रवार को मंत्री जयंत मल्लबरुवा ने गृहमंत्री के दो दिवसीय असम कार्यक्रम की पुष्टि की थी।

अमेरिका में भूकंप के झटकों से हिल गईं इमारतें

वाशिंगटन। पूर्वोत्तर संयुक्त राज्य अमेरिका के कुछ स्थानों पर भूकंप के तेज झटकों से इमारतें हिलने लगीं। भूकंप का अहसास होते ही लोगों घरों और कारों से बाहर निकल आए। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने शुक्रवार सुबह 10:23 बजे आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर चार दशमलव आठ (4.8) बताई है। यूएसजीएस के अनुसार, पूर्वोत्तर संयुक्त राज्य अमेरिका में इसके झटके फिलाडेल्फिया से बोस्टन तक महसूस किए गए। मैनहट्टन और पांच नगरों में तेज झटकों से इमारतें हिलने लगीं। को झटका लगा। यूएसजीएस के विवरण के अनुसार, भूकंप का केंद्र न्यूयॉर्क शहर से लगभग 40 मील पश्चिम में व्हाइट हाउस स्टेशन, न्यूजर्सी के पास था।

भीषण सड़क दुर्घटना में पंजाब पुलिस के एसीपी और गनमैन की मौत

चंडीगढ़। लुधियाना जिले के समराला क्षेत्र के गांव दियालपुरा में फ्लाईओवर पर गत करीब रात्रि 1 बजे भीषण सड़क हादसे में पंजाब पुलिस के एसीपी व उनके गनमैन की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक हादसे में फॉर्च्यूनर कार की अन्य कार से जबर्दस्त टक्कर हो गई थी। फॉर्च्यूनर कार में सवार एसीपी और ड्राइवर की मौत हो गई जबकि एक पुलिस कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक एसीपी की पहचान संदीप और गनमैन की पहचान प्रभजोत के रूप में हुई है। संदीप लुधियाना से पहले संगरूर में सेवाएं दे रहे थे और संदीप 2016 बैच के डीएसपी थे। पुलिस के अनुसार दोनों कारों की टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों कारें डिवाइडर से टकरा गई। जिस कार में एसीपी संदीप सवार थे, उसमें अचानक आग लग गई। ड्राइवर व गनमैन समेत किसी को गाड़ी से बाहर निकलने का मौका नहीं मिला।

प्रधानमंत्री मोदी का विपक्ष पर वार, कहा -

गठबंधन 'शक्ति' को दे रहा चुनौती

एजेंसी। सहारनपुर

प्रधानमंत्री ने सहारनपुर में चुनावी शंखनाद करते हुए विपक्ष पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हम शक्ति की उपासना को नकारते नहीं है। गठबंधन 'शक्ति' को चुनौती दे रहा है। विपक्षी दल 'शक्ति' के खिलाफ है। मैंने प्रण लिया है कि देश नहीं झुकने दूंगा।

पीएम शनिवार को सहारनपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारा ये स्थान मां शक्ति का स्थान है, ये मां शक्ति की साधना का स्थान है और हिंदुस्तान के हर कोने में शक्ति की उपासना हमारी स्वाभाविक, आध्यात्मिक यात्रा का हिस्सा है। हम वो देश हैं, जो कभी भी शक्ति उपासना को नकारते नहीं हैं। लेकिन ये देश का दुर्भाग्य है कि इंडी अलायंस के लोग चुनौती दे रहे हैं कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। जिन-जिन लोगों ने शक्ति को नष्ट करने का प्रयास किया, उन सबका क्या हाल हुआ, ये इतिहास और पुराणों में अंकित है। पीएम ने कहा कि 2024 का चुनाव सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, बल्कि ये चुनाव विकसित भारत बनाने के लिए है। उन्होंने कहा कि मैंने उस समय गारंटी दी थी कि देश झुकने नहीं दूंगा, हर स्थिति को बदलूंगा। निराशा को आशा और आशा को विश्वास में बदलूंगा। आपने अपने आशीर्वाद में कोई कमी नहीं रखी। याद किजिए तब हमारा भारत 11वें नंबर की ताकत था। अब मोदी ने 5वें नम्बर की ताकत बना दिया है।

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया भर में देश का डंका बज रहा है। आज भाजपा का स्थापना दिवस है। बहुत कम दशकों में ही भाजपा के साथ रिकॉर्ड संख्या में हमारे देशवासी जुड़े हैं। भाजपा ने लोगों का भरोसा जीता है, भाजपा ने लोगों का दिल जीता है। इसका सबसे बड़ा कारण है कि भाजपा राजनीति नहीं, राष्ट्रनीति पर चलती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम है, ये भाजपा का नारा नहीं बल्कि हमारे लिए आर्टिकल ऑफ फेथ है। आज हिंदुस्तान के हर कोने से एक ही आवाज आ रही है।

कांग्रेस मतलब नीम चढ़ा करेला, एक तो परिवारवादी दूसरी भ्रष्टाचारी : मोदी

अजमेर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान और राष्ट्र के गौरव एवं उत्थान के लिए मतदाताओं का आह्वान किया कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत देकर वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए उन्हें मजबूती प्रदान करें। मोदी ने कहा कि देश के करोड़ों लोगों का सपना ही मोदी का संकल्प है। पिछले 10 साल में मतदाताओं के दर्शाए भरोसे की शक्ति से उन्होंने जो किया वह तो सिर्फ ट्रेलर है आने वाले वर्षों में बहुत कुछ करना शेष है। मोदी ने कहा कि वे तो पूरी तैयारी कर बैठे हैं। अबकी बार चार जून को चार सौ पार कराने की जिम्मेदारी देश की जनता की है। मोदी अजमेर के तीर्थराज पुष्कर स्थित विश्राम स्थली पर आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने मंच पर संबोधन के लिए खड़े होते ही सबसे पहले मतदाताओं को राम राम सा कह कर उनका अभिवादन किया। फिर कहा कि राजस्थान एक बार फिर से इतिहास लिखने जा रहा है। उन्होंने राजस्थानी भाषा का इस्तेमाल करते हुए जय पुष्कर राज री, जय परमपिता ब्रह्मा जी री, जय श्रीमन नारायण री, जय सावित्री माताजी री कहते हुए अजमेर और नागौर की धरती के वीर तेजाजी और मीरा बाई की आध्यात्मिक शक्ति को नमन किया और पृथ्वीराज चौहान सहित अनगिनत वीर विभूतियों और शूरवीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

पीएम मोदी ने कहा कि महिलाएं भी बोल रही हैं, बुजुर्ग भी बोल रहे हैं, गांव भी बोल रहा है, शहर भी बोल रहे हैं - फिर एक बार मोदी सरकार। मैंने संकल्प लिया था कि आपके आशीर्वाद से हर स्थिति, हर परिस्थिति को बदलूंगा, निराशा को आशा में बदलूंगा, आशा को विश्वास में बदलूंगा।

भारत कुछ लोगों की संपत्ति नहीं इस पर सबका हक है : सोनिया

एजेंसी। जयपुर

कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शनिवार को कहा कि भारत कुछ लोगों की संपत्ति नहीं है, बल्कि ये देश सभी का है। सोनिया गांधी ने जयपुर में लोकसभा 2024 चुनाव के लिए 'न्याय' घोषणापत्र के लॉन्च पर एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा, यह देश कुछ लोगों की संपत्ति नहीं है। यह हर किसी का है। हमारे पूर्वजों ने इसे खून से सींचा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल से देश एक ऐसी सरकार के हाथ में है जिसने बेरोजगारी और आर्थिक संकट को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

मोदी सरकार ने जो कुछ किया वह हमारे सामने है। ये निराश करने वाला समय है लेकिन जान लें कि निराशा के साथ ही आशा जन्म लेती है। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे कांग्रेस सहयोगी न्याय का दीपक जलाएंगे और हजारों तूफानों का सामना करते हुए आगे बढ़ेंगे।" उन्होंने कहा कि पीएम मोदी खुद को महान मानते हैं, लेकिन बीजेपी सरकार लोकतांत्रिक मानदंडों की खिल्लियां उड़ा रही है और पूरी व्यवस्था में डर का माहौल पैदा कर

रही है। सोनिया गांधी ने कहा, यह तानाशाही है। हमारा लोकतंत्र खतरे में है। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहे।

खरगे ने पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि वह बिना कुछ किए हर चीज का क्रेडिट लेते रहे हैं। क्या वास्तविक रूप से बिना कोई काम किए श्रेय लेना चाहिएहै? वो कहते हैं मैंने ये किया, मैंने वो किया। उन्होंने हमें पहले कितनी गारंटी दी है?

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने पहली गारंटी में युवाओं से कहा कि वह हर साल दो करोड़ नौकरियां देंगे। 10 साल में 20 करोड़ नौकरियां देनी थीं। क्या देश के युवाओं को 20 करोड़ नौकरियां मिल गईं? उन्होंने कहा कि सभी के खाते में 15 लाख रुपये आएंगे, क्या आई? एक पीएम कैसे झूठ बोल सकता है।

खरगे ने कहा कि पीएम मोदी लोगों को भ्रमित कर रहे हैं, खुद देश के लिए कुछ नहीं किया और फिर भी कहते हैं कि कांग्रेस ने 70 साल में देश के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि आईआईटी, एयरपोर्ट और एम्स कांग्रेस लेकर आई और पीएम मोदी अब भी कहते हैं कि वह देश का विकास कर रहे हैं।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि बेरोजगारी चरम पर है। आपने देखा है कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में कैसे काम किया है। उन्होंने देश से बेरोजगारी हटाने के लिए क्या किया?"

अग्निपथ योजना पर प्रियंका गांधी ने कहा कि इस योजना ने उन लाखों युवाओं की उम्मीदों पर पानी फेर दिया जो सेना में जाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों में पेपर लीक एक आम समस्या बन गई है और यही एक कारण है कि युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रही। महंगाई भी हर दिन बढ़ रही है। चुनाव से केवल दो महीने पहले एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कटौती की गई।

छग-तेलंगाना सीमा पर डोलीगुट्टा में हुई मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर

एजेंसी। बीजापुर

जिले के उसूर थाना क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर डोलीगुट्टा के पहाड़ी-जंगल में शनिवार सुबह नक्सलियों के साथ सुरक्षा बल जवानों की मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए हैं। जवानों ने मौके से एलएमजी और एके-47 सहित कई हथियार बरामद किए हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं। मुठभेड़ के बाद आसपास सघन सर्चिंग जारी है, जवानों के लौटने के बाद विस्तृत जानकारी मिलेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर शनिवार सुबह नक्सलियों के मौजूदगी की सूचना पर ग्राउंड फोर्स और छत्तीसगढ़ पुलिस टीम संयुक्त रूप से नक्सलियों के खिलाफ अभियान पर निकली। बड़ी संख्या में जवान दोनों प्रदेशों की सीमा पर डोलीगुट्टा के जंगलों में पहुंचे, यहां नक्सलियों ने जवानों को देखकर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने जबर्दस्त गोलीबारी कर पलटवार किया। बताया जा रहा है कि यहां छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के कई बड़े नक्सलियों की मौजूदगी थी। मुठभेड़ के बाद कई नक्सली भाग गए। मुठभेड़ में अब तक तीन नक्सलियों को जवानों ने मार गिराया है। मारे गये तीन नक्सलियों में 25 लाख के इनामी नक्सली प्लाटून 02 के कमांडर सागर को जवानों ने ढेर कर दिया है। इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटनास्थल से एलएमजी और एके 47 समेत कई हथियार बरामद किए गए। बड़ी संख्या में जवानों की टीम इस इलाके में अभी भी मौजूद है।

आयकर विभाग का तिरुचिरापल्ली में सड़क ठेकेदार के घर पर छापा

नई दिल्ली। आयकर विभाग (आईटी) ने तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में सड़कों के निर्माण से जुड़े एक ठेकेदार के घर पर छापेमारी की है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को दी जानकारी में बताया कि आयकर विभाग की टीम ने तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में रहने वाले हाइवे के निर्माण कार्यों से जुड़े एक ठेकेदार के घर छापेमारी की कार्रवाई की है। आयकर विभाग के छापे से यहां हड़कंप मच गया है। आयकर विभाग की ओर से की जा रही इस छापेमारी के दौरान ठेकेदार के घर के बाहर तैनात पुलिस ने किसी को अंदर बाहर आने जाने की इजाजत नहीं दी है। बड़ी संख्या में पुलिस बल को साथ कॉन्ट्रैक्टर के घर पहुंची आयकर विभाग की टीम ने ठेकेदार के यहां छापेमारी में मिले दस्तावेजों को अपने कब्जे में ले लिया है।

जेपी नड्डा, अशोक चव्हाण सहित छह ने ली रास सदस्य के रूप में शपथ

एजेंसी। नई दिल्ली

भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण सहित छह लोगों ने आज राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। राज्यसभा के सभापति ने जगत प्रकाश नड्डा, अशोकराव शंकरराव चव्हाण, सुष्मिता देव, मोहम्मद नदीमुल हक चुन्नीलाल गरासिया और अनिल कुमार यादव मंदादी को शपथ दिलाई। उनके कार्यालय ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की। इस दौरान उपसभापति हरिवंश और महासचिव पीसी मोदी मौजूद रहे। नड्डा गुजरात से राज्यसभा के लिए निर्विरोध सांसद चुने गए हैं। नड्डा ने तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर कहा आज देश के उच्च सदन, राज्यसभा में सांसद के रूप में पुनः शपथ ग्रहण की। राष्ट्रसेवा का यह अवसर प्रदान करने के लिए मैं प्रधानमंत्री, भाजपा के सभी वरिष्ठ सदस्यों एवं कोटिशः भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करता हूं। मैं विश्वास दिलाता हूं, कि प्रधानमंत्री जी ने जिस भरोसे के साथ जनसेवा की जिम्मेदारी दी है उसे पूरा करते हुए आत्मनिर्भर और विकसित भारत निर्माण के ध्येय प्राप्ति के लिए सदैव तत्परता से लगा रहूंगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को संसद भवन में राज्यसभा के 12 निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई थी। राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने वालों में केंद्रीय मंत्री डॉ. एल मुरुगन, धर्मशीला गुप्ता, मनोज कुमार झा, संजय यादव, गोविंदभाई लालजीभाई ढोलकिया, सुभाष चंदर, हर्ष महाजन, जी.सी. चन्द्रशेखर, अशोक सिंह, चंद्रकांत हंडोरे, मेधा विश्राम कुलकर्णी और साधना सिंह शामिल रहे।

मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से संबद्ध एक धन शौधन मामले में आप के नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी। सिसोदिया को उनकी पिछली न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर राउज एवेन्यू कोर्ट में विशेष जज कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया था। मंगलवार को सिसोदिया की जमानत अर्जी पर बहस के दौरान उनके वकील ने मामले की जांच पूरी करने में देरी का आरोप लगाया था। सिसोदिया के वकील मोहित माथुर ने तर्क दिया था कि जांच समाप्त होने के 11 महीने बीत जाने के बावजूद, उनके मुवक्किल को कथित रिश्वत के पैसे से जोड़ने का कोई सबूत नहीं मिला है।

इंदौर में संघ प्रमुख की सुरक्षा में चूक, बुलेट मोटरसाइकिल लेकर प्लेटफार्म पर पहुंचा युवक

इंदौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के मध्यप्रदेश प्रवास के दौरान इंदौर में उनकी सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। सरसंघचालक शुक्रवार रात इंदौर रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। इस दौरान यहां एक युवक बुलेट मोटर साइकिल लेकर प्लेटफार्म तक पहुंच गया। बुलेट में लगे मॉडिफाई साइलेंसर से गोलियों जैसी आवाज सुनाई पड़ी तो पुलिस अलर्ट हो गई। पुलिस ने तुरंत युवक को गिरफ्तार किया। घटनाक्रम इतनी तेजी से हुआ कि अधिकारी भी हैरान रह गए। हालांकि, युवक की तलाशी में पुलिस को कुछ नहीं मिला। सरसंघचालक शुक्रवार को खंडवा जिले ओंकारेश्वर से इंदौर पहुंचे थे। इंदौर रेलवे स्टेशन से उन्हें गांधीनगर ट्रेन से रवाना होना था। इस दौरान पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। डॉ. भागवत रात में इंदौर से रवाना होने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे, तभी एक नंबर प्लेटफार्म पर एक युवक बुलेट लेकर आ गया।

पंजाब में एक महिला को अर्धनग्न कर घुमाने के आरोप में तीन गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने शनिवार को 55 वर्षीय महिला के साथ कथित तौर पर मारपीट करने और उसे अर्धनग्न घुमाने के आरोप में एक अधेड़ उम्र की महिला समेत परिवार के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पीड़ित महिला के बेटे की ससुराल के लोग हैं। महिला के बेटे ने एक लड़की के साथ भागकर उसके परिवार की इच्छा के विरुद्ध शादी की थी। अपराध का एक कथित वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर सामने आया। पुलिस ने बताया कि यह घटना तरनतारन जिले के एक गांव में 31 मार्च को हुई। शिकायत के अनुसार, पीड़िता जब अपने घर पर अकेली थी तब उसके बेटे के ससुराल वालों ने कथित तौर पर उसके साथ मारपीट की और उसके कपड़े फाड़ दिए। पांच लोगों पर केस दर्ज किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अश्वनी कपूर ने कहा, गिरफ्तार लोगों की पहचान कुलविंदर कौर मणि, शरणजीत सिंह शन्नी और गुरचरण सिंह के रूप में हुई है।

भारत ने चुनावों से पहले एआई-जनित कंटेंट, डीपफेक पर कड़ा रुख अपनाया

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत में 19 अप्रैल से शुरू होने वाले सात चरण के आम चुनावों के बीच चीन द्वारा 'अपने हितों को लाभ पहुंचाने' के लिए एआई-जनित कंटेंट बनाने और उसका प्रसार करने की योजना के बारे में माइक्रोसॉफ्ट की चेतावनी के बाद केंद्र सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। उसने पूरी सख्ती के साथ वैश्विक डिजिटल कंपनियों को एआई और चुनावों के दौरान इसके संभावित दुरुपयोग के बारे में एक नई एडवाइजरी के अनुरूप अपने प्लेटफार्मों में सुधार करने के लिए कहा है। इस वर्ष दुनिया भर में, विशेष रूप से भारत, दक्षिण कोरिया और अमेरिका में, प्रमुख चुनाव हो रहे हैं। माइक्रोसॉफ्ट संकट विश्लेषण केंद्र के महाप्रबंधक क्लिंट वाट्स के अनुसार, हमारा आकलन है कि चीन, कम से कम, अपने हितों को लाभ पहुंचाने के लिए एआई-जनित कंटेंट का निर्माण और विस्तार करेगा। एक्सपोजर प्रबंधन कंपनी टेनेबल के अनुसार, एआई-जनित डीपफेक और फर्जी कंटेंट के माध्यम से फैली गलत सूचना आगामी चुनावों के लिए सबसे बड़ा खतरा है। टेनेबल के सीनियर स्टाफ रिसर्च इंजीनियर सतनाम नारंग ने हाल ही में आईएएनएस को बताया, 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए सबसे बड़ा खतरा मतदाताओं को लक्ष्य बनाकर फैलाई गई गलत सूचना और दुष्प्रचार है। एआई के संभावित दुरुपयोग से चिंतित, केंद्र ने पिछले महीने कहा था कि सोशल मीडिया मध्यस्थों को किसी भी पूर्वाग्रह या भेदभाव की अनुमति नहीं देनी चाहिए या चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को खतरे में नहीं डालना चाहिए। आईटी मंत्रालय की एक नई एडवाइजरी अब विशेष रूप से एआई से संबंधित है, जिसमें कहा गया है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म को पूरी जवाबदेही लेनी होगी और वह ऐसा कहकर बच नहीं सकते कि यह एआई मॉडल 'परीक्षणाधीन' है।

भारत में पड़ने वाली है सबसे खतरनाक गर्मी!

बारिश में खूब पड़ेंगे ओले, बाकी दिन चेहरे पर पड़ेंगे लू के थपेड़े

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार के लिए आंध्र प्रदेश और यनम तटीय क्षेत्रों, गांगेय पश्चिम बंगाल, रायलसीमा, बिहार, तेलंगाना, झारखंड, उत्तर आंतरिक कर्नाटक, ओडिशा और विदर्भ सहित कई राज्यों में हीटवेव की स्थिति की भविष्यवाणी की है। साथ ही मौसम विभाग ने 7 और 8 अप्रैल के लिए उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ के लिए ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने सामान्य से अधिक तापमान वाले क्षेत्रों की भी पहचान की है।

आईएमडी की भविष्यवाणी : मौसम चेतावनी



भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, भारत को अप्रैल से जून की अवधि के दौरान अत्यधिक गर्मी का सामना करना पड़ेगा, जिसका खामियाजा मध्य और पश्चिमी प्रायद्वीपीय भागों को भुगतना पड़ेगा। यह 19 अप्रैल से शुरू होने वाले सात चरण के विशाल आम चुनावों के साथ मेल खाता है। एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि भारत में आम चुनावों के साथ अगले ढाई महीनों में चरम मौसम की स्थिति का अनुभव होने की संभावना है, जहां लगभग एक अरब लोगों के मतदान करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, यह हम सभी के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण होने वाला है। चूंकि हम दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाले देश हैं और चरम मौसम की स्थिति का सामना करते हैं, इसलिए भारत के लिए पहले से तैयारी करना नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों के संपर्क में आने से मतदाताओं और चुनाव कर्मचारियों के बीच लू से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ गया है। आईएमडी प्रमुख ने इस बात पर प्रकाश डाला कि अप्रैल-जून की अवधि में देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक अधिकतम तापमान होने की उम्मीद है, मध्य और पश्चिमी प्रायद्वीपीय भारत में उच्च संभावना है। इस अवधि के दौरान मैदानी इलाकों के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्मी वाले दिन होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में सामान्य 4 से 8 दिनों की तुलना में दस से 20 दिनों तक लू चलने की आशंका है। महापात्र ने कहा कि गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, उत्तरी कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तरी छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश में लू का सबसे गंभीर प्रभाव पड़ने की संभावना है। तीव्र गर्मी बिजली ग्रिडों पर दबाव डाल सकती है, सर्दियों में उगाई जाने वाली फसलों को प्रभावित कर सकती है और भारत के कुछ हिस्सों में पानी की कमी हो सकती है।